राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025

वर्ष 07, अंक 15, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अखबार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

ऐलिया ब्लाक मुख्यालय पर ग्रामीणों का धरना जारी....03

मिशन शक्ति- रचना ने एक दिन के लिए एसडीएम सदर का दायित्व संभाला....12

## भारत से रूठने लगा सूरज, चमक पड़ गई फीकी, संकट की आहट देख वैज्ञानिक भी हैरान!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रकृति से खिलवाड़ का असर दिखने लगा है. इससे दुनिया के हर देश और क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं. अब अपना ही देश देखिए ना. इस साल मानसून के सीजन में देश के उत्तरी हिस्से में कई जगहों पर औसत से काफी अधिक बारिश हुई. वहीं पूर्वी भारत पूरे मानसून में बारिश के लिए तरसता रहा. फिर लौटते-लौटते वहां भी मानसून ने बड़ी तबाही मचा दी. बिहार और पश्चिम बंगाल में मानसून के अंतिम दिनों में भारी बारिश हुई. मौसम में यह बदला यूं नहीं हो रहा है. इसके पीछे गहरे कारण सामने आ रहे हैं. इस बीच एक और चिंतित करने वाली स्टडी आई है. इसके मुताबिक भारत के भूभाग में सूरज की चमक फीकी पड़ने लगी है. एक तरह से भारत से सूरज रूठने लगा है. पूरे इलाके में धूप के घंटों में बड़ी कमी आई है. ऐसे में संकट की इस आहट से वैज्ञानिक बेचैन हो गए हैं।

दरअसल, इस साल की लंबी मानसून और लगातार छाए बादलों से ऐसा महसूस हुआ कि मानो सूरज कहीं खो गया हो. लेकिन अब एक नई वैज्ञानिक स्टडी ने इस धारणा को डेटा से पुष्ट किया है. बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू), पुणे स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी (आईआईटीएम) और इंडिया मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट (आईएमडी) जैसे संस्थानों के वैज्ञानिकों के एक संयुक्त अध्ययन में पाया गया है कि भारत के अधिकतर हिस्सों में पिछले तीन दशकों से धूप के घंटे लगातार घट रहे हैं. इसका प्रमुख कारण मोटे बादल और बढ़ता एरोसोल प्रदूषण है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक यह शोध इस महीने नेचर की साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में प्रकाशित हुआ है. अध्ययन में 1988 से 2018 तक नौ क्षेत्रों के 20 मौसम स्टेशनों से धूप घंटों के डेटा का विश्लेषण किया गया. धूप घंटे वे होते हैं जब सूर्य की किरणें इतनी तेज होती हैं कि उन्हें रिकॉर्ड किया जा सके. निष्कर्षों के अनुसार सभी क्षेत्रों में सालाना धूप घंटे घटी हैं, सिवाय पूर्वोत्तर भारत के जहां मौसमी स्तर पर मामूली स्थिरता देखी गई।

बीएचयू के वैज्ञानिक मनोज के. श्रीवास्तव के मुताबिक औसतन, पश्चिमी तट पर धूप घंटे प्रति वर्ष 8.6 घंटे कम हुए, जबकि उत्तरी भारतीय मैदानों में सबसे तेज गिरावट 13.1 घंटे प्रति वर्ष दर्ज की गई. पूर्वी तट और डेक्कन पठार पर भी क्रमशः 4.9 और 3.1 घंटे प्रति वर्ष की कमी देखी गई. केंद्रीय अंतर्देशीय क्षेत्र में भी लगभग 4.7 घंटे प्रति वर्ष का नुकसान हुआ. अध्ययन के मुताबिक, अक्टूबर से मई सूखे महीनों में धूप में थोड़ी वृद्धि हुई, लेकिन जून से सितंबर के मानसून काल में गिरावट तेज रही. वैज्ञानिकों ने इस लंबे समय के 'सोलर डिमिंग' को उच्च एरोसोल सांद्रता से जोड़ा है- ये छोटे कण औद्योगिक उत्सर्जन, बायोमास जलाने और वाहनों के प्रदूषण से निकलते हैं।

### छाए रहते हैं बादल

एक वैज्ञानिक ने कहा कि ये एरोसोल संघनन नाभिक का काम करते हैं, जिससे बादल के छोटे-छोटे कण बनते हैं जो लंबे समय तक टिके रहते हैं और आकाश को लगातार ढक लेते हैं. इस साल का मानसून भी भारत के अधिकांश हिस्सों में लगातार बादलों से भरा रहा, खासकर पश्चिमी तट, मध्य भारत और डेक्कन पठार पर. यहां बिना बारिश के दिनों में भी ओवरकास्ट स्थितियां आम रहीं. हालांकि अध्ययन 2018 तक का है, लेकिन ये रुझान आज भी प्रासंगिक हैं- हवा, नमी और बादल पैटर्न पहले से कहीं अधिक मजबूत हो गए हैं. श्रीवास्तव ने आगे कहा कि उच्च एरोसोल संख्या बादलों के वातावरण में रहने के समय को बढ़ाती है, जिससे जमीन तक पहुंचने वाली सूर्य की किरणें कम हो जाती हैं।

भारत में एरोसोल प्रदूषण वैश्विक औसत से दोगुना है, जो दक्षिण एशिया को 'ब्राउन क्लाउड' के रूप में जाना जाता है. यह न केवल स्थानीय मौसम को प्रभावित करता है, बल्कि हिमालयी ग्लेशियरों के पिघलने और क्षेत्रीय वर्षा पैटर्न में बदलाव लाता है. इस गिरावट के गंभीर निहितार्थ हैं. भारत दुनिया के सबसे तेज बढ़ते सोलर मार्केट में से एक है, जहां 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य है. लेकिन कम सूर्य घटना से सोलर पैनलों की क्षमता प्रभावित हो रही है. विशेषज्ञों का अनुमान है कि धूप घंटों की 10% कमी से सोलर आउटपुट में 5-7% की गिरावट आ सकती है, जो लंबी अवधि की योजना को बाधित करेगी।

### कृषि पर असर

सूर्य की कमी से फसल चक्र बिगड़ रहे हैं, विशेषकर धान और गेहूं जैसी फसलों में, जहां प्रकाश संश्लेषण प्रभावित होता है. जलवायु मॉडलिंग में भी यह चुनौती है, क्योंकि सटीक पूर्वानुमान के लिए धूप डेटा महत्वपूर्ण है. वैज्ञानिकों ने सिफारिश की है कि एरोसोल मॉनिटरिंग को मजबूत किया जाए, प्रदूषण नियंत्रण नीतियां सख्त हों और सोलर इंफ्रास्ट्रक्चर हाइब्रिड मॉडल पर आधारित हो. आईआईटीएम के एक अधिकारी ने कहा कि शहरीकरण और औद्योगीकरण से एरोसोल बढ़ रहे हैं, लेकिन हरित ऊर्जा और वनरोपण से इसे रोका जा सकता है।

2025 के मानसून में दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 से ऊपर रहा, जो बादलों को और गाढ़ा कर रहा है. यह स्टडी जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में एक चेतावनी है. भारत सरकार की क्लाइमेट रिसर्च एजेंडा 2030 में ऐसे रुझानों पर जोर दिया गया है, लेकिन क्रियान्वयन की दर चिंताजनक है. पीड़ित किसान और सोलर कंपनियां पहले से ही नुकसान झेल रही हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि यदि तत्काल कदम न उठाए गए, तो 'सनशाइन स्टेट' का सपना धुंधला पड़ जाएगा।

## ट्रंप ने फिर दोहराया दावा- मेरी धमकी से खत्म हुआ भारत-पाक युद्ध ! भारत ने कहा-एक ही झूठ कितनी बार बोलोगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच मई माह के संघर्ष को खत्म करने का झूठा दावा दोहराया है। उन्होंने दावा किया कि उनकी मध्यस्थता से दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच शांति स्थापित हुई, लेकिन भारत ने इन दावों को सिरे से खारिज किया है। फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा, "मैंने सात शांति समझौते करवाए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच भी मैंने कहा कि अगर वे लड़ाई नहीं रोकते तो हम दोनों से व्यापार बंद कर देंगे। मैंने उन पर टैरिफ लगाने की धमकी दी, और 24 घंटे में शांति हो गई।" उन्होंने आगे कहा कि उस समय "दोनों देशों ने कई विमान खो दिए थे" और "लाखों लोगों की जान जा सकती थी"।

### ऑपरेशन सिंदूर का किया ज़िक्र

ट्रंप ने जिस संघर्ष का ज़िक्र किया, वह मई 2025 में हुए "ऑपरेशन सिंदूर" से जुड़ा है। यह अभियान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद शुरू हुआ था, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन में



पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (PoJK) में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था।भारत के जवाबी हमले के बाद पाकिस्तानी डीजीएमओ ने भारतीय समकक्ष से युद्धविराम की अपील की थी।

### भारतीय वायुसेना की कार्रवाई

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने 3 अक्टूबर को बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 12-13 लड़ाकू विमान नष्ट किए गए,जिनमें 4-5 एफ-16 जमीं पर और 5 एफ-16 और जेएफ-17 हवा में मार गिराए गए। भारतीय S-400 'सुदर्शन चक्र' प्रणाली से इन विमानों को निशाना बनाया गया। इसके अलावा, कई पाकिस्तानी हवाई अड्डों के रडार, कंट्रोल सेंटर, रनवे और हैंगर को भी तबाह किया गया।

### ट्रंप का "नोबेल प्राइज "प्रेम

ट्रंप इससे पहले भी कई बार यह दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया जैसे देशों के बीच युद्ध रोके।उन्होंने 21 सितंबर को कहा था "मैंने सात युद्ध खत्म किए हैं, मुझे नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए। भारत और पाकिस्तान में मैंने व्यापार के जरिए शांति करवाई।"

### भारत का जवाब- "यह पूरी तरह झूठा दावा"

भारत ने ट्रंप के इन बयानों को बार-बार झूठा और भ्रामक बताया है। भारत ने स्पष्ट कहा है कि जम्मू-कश्मीर से जुड़ा हर मुद्दा भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय मामला है, और किसी तीसरे देश की मध्यस्थता की कोई भूमिका नहीं है। ट्रंप एक ही झूठ को कितनी बार दोहराएंगे।विशेषज्ञों के अनुसार, ट्रंप का यह बयान अमेरिकी चुनावी राजनीति में दक्षिण एशियाई मूल के मतदाताओं को प्रभावित करने की रणनीति का हिस्सा है। वहीं, भारत ने इस तरह के दावों को "तथ्यहीन प्रचार" करार दिया है।

## अमेरिकी सांसदों की ट्रंप को कड़ी चेतावनी- भारत पर बढ़ाया टैरिफ तुरंत हटाओ ! देश भुगत रहा बुरा अंजाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अमेरिकी कांग्रेस के 19 सदस्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पत्र लिखकर कड़ी चेतावनी देते हुए उनसे भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। सदस्य डेबोरा रॉस और रो खन्ना के नेतृत्व में इन सांसदों ने हाल ही में बढ़ाये गये आयात शुल्क को भी वापस लेने का भी आह्वान किया, क्योंकि इससे दोनों देशों के संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। सांसदों ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन के भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क बढ़ाने के फैसले से भारतीय निर्माताओं को नुकसान तो हुआ ही है और साथ ही अमेरिकी आपूर्ति श्रृंखलायें भी प्रभावित हुई हैं। इस फैसले से अमेरिकी उपभोक्ताओं की जेब पर भी बोझ बढ़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन कार्वाइयों ने दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी पर भी असर डाला है। सांसदों ने कहा कि हम कांग्रेस के सदस्य होने के नाते उन जिलों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहां बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग रहते हैं और उनके भारत के साथ मजबूत पारिवारिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध हैं। ट्रम्प प्रशासन की हालिया कार्वाइयों ने दुनिया के



सबसे बड़े लोकतंत्र के साथ संबंधों पर असर डाला है। उन्होंने कहा, 'हम आपसे इस महत्वपूर्ण साझेदारी को फिर से स्थापित करने और सुधारने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह करते हैं।' पत्र में अमेरिका-भारत संबंधों, विशेष रूप से व्यापार और रक्षा सहयोग के रणनीतिक और आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसमें कहा गया कि भारत, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता बनाये रखने में एक प्रमुख साझेदार है और अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के क्वाड जैसे पहलों के माध्यम से वैश्विक सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सांसदों ने अपने पत्र में खास तौर पर अगस्त 2025 के उस फैसले का जिक्र किया जिसमें भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला लिया गया था। इसमें शुरुआती 25 प्रतिशत 'पारस्परिक 'टैरिफ और रूस से भारत की कच्चा तेल खरीद के जवाब में लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क शामिल था। इसके अलावा पत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि भारत के साथ व्यापारिक साझेदारी दोनों देशों में लाखों रोजगारों को बढ़ावा देती है। अमेरिकी निर्माता सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में जरूरी चीजों के लिए भारत पर निर्भर हैं। साथ ही भारत में निवेश करने वाली अमेरिकी कंपनियों को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता बाजारों में से एक तक पहुंच मिलती है, जबकि भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में अरबों डॉलर का निवेश किया है, जिससे रोजगार और आर्थिक अवसर पैदा हुए हैं। सांसदों ने चेतावनी दी कि टैरिफ में अंधाधुंध वृद्धि इन संबंधों को खतरे में डालती है, अमेरिकी परिवारों के लिए लागत बढ़ाती है, अमेरिकी कंपनियों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को कमजोर करती है, और नवाचार एवं सहयोग के लिए खतरा पैदा करती है। उन्होंने यह भी चिंता व्यक्त की कि अमेरिकी व्यापारिक कार्वाइयों ने भारत को चीन और रूस सहित अमेरिकी हितों के विरोधी देशों के साथ अपने राजनयिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया है। पत्र में कहा गया है कि भारत एक महत्वपूर्ण रक्षा साझेदार बन गया है, अमेरिकी सेनाओं के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहा है और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा के लिए अमेरिका और हमारे सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### CJI पर जूता फेंकने की घटना- जस्टिस भुइयां बोले मजाक नहीं, यह SC का अपमान, CJI गवई ने बताया भूला हुआ अध्याय

भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) बी.आर. गवई पर 6 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में हुई जूता फेंकने की शर्मनाक घटना ने देशभर में हलचल मचा दी थी। इस घटना ने सुप्रीम कोर्ट के गलियारों में तीखी बहस छेड़ दी है। जहां CJI गवई ने इसे भूला हुआ अध्याय 'बताकर मामले को ज्यादा तवज्जो न देने की बात कही, वहीं उनके सहयोगी जजों और सॉलिसिटर जनरल ने इसे सर्वोच्च न्यायालय का अपमान करार दिया।

**CJI गवई का बयान- यह एक भूला हुआ अध्याय '**

सोमवार को हुई इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए CJI बी.आर. गवई ने अदालती कार्यवाही के दौरान कहा, "मैं और मेरे विद्वान भाई (जस्टिस) सोमवार को जो हुआ उससे बहुत स्तब्ध हैं, लेकिन हमारे लिए यह एक भूला हुआ अध्याय है।" उन्होंने इस घटना को ज्यादा महत्व न देते हुए अपनी सुनवाई जारी रखी और अदालत की कार्यवाही को आगे बढ़ाया। बाद में अपने सहयोगी जज की टिप्पणी पर भी उन्होंने संक्षिप्त प्रतिक्रिया देते हुए अपने रुख को दोहराया, "हमारे लिए यह एक भूला हुआ अध्याय है।"

**जस्टिस भुइयां की नाराजगी- CJI पर हमला मजाक नहीं '**

CJI के इस रुख से असहमति जताते हुए जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा, "इस पर मेरे अपने विचार हैं। वह "हैं, यह मजाक की बात नहीं है। यह घटना सर्वोच्च न्यायालय का अपमान है।" जस्टिस भुइयां ने इस कृत्य को गंभीरता से लेते हुए इसे संस्थान की गरिमा पर हमला बताया।

**सॉलिसिटर जनरल ने की CJI की उदारता की तारीफ**

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस घटना को 'अक्षम्य 'करार देते हुए कहा, "मुख्य न्यायाधीश पर हमला अक्षम्य था।" हालांकि, उन्होंने CJI गवई की उदारता की प्रशंसा की और उनके शांत और संयमित रवैये की सराहना की।

## कॉलेज में मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा, C M योगी ने कहा- खेलों से आत्मनिर्भर और सशक्त होगा नया यूपी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**झांसी-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि स्वस्थ शरीर ही धर्म और राष्ट्र निर्माण का आधार है और खेलों से नया उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर और सशक्त बनेगा। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 36वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह में योगी ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा की। उन्होने कहा कि खेल अब केवल शौक नहीं, बल्कि जीवन को संवारने का सशक्त माध्यम बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा 'झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य और पराक्रम की धरती पर विद्या भारती के 36वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। विद्या भारती देश में भारतीय परंपरा, संस्कृति और राष्ट्रीयता के प्रति श्रद्धा जगाने वाली अग्रणी संस्था है। 1952 में गोरखपुर में नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित इस संस्था ने आज देशभर में 25 हजार से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भारतीय मूल्यों को बढ़ावा दिया है। 'उन्होंने विद्या भारती के प्रथम छात्र देवेंद्र



सिंह को सम्मानित करते हुए कहा कि यह संस्था बिना सरकारी सहयोग के राष्ट्रीय आदर्शों को जीवंत रखने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि झांसी की यह धरती राष्ट्रीयता और शौर्य की प्रेरणा देती है। विद्या भारती के प्रयास देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। समारोह में सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिला। बुंदेली राई नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले शीलू यादव, आदेश सिंह, शहंशाह, बसंत कुमार गोला और संध्या राजपूत को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम में अनुशासन ट्रॉफी गोरक्ष प्रांत ग्रामीण की टीम को प्रदान की गई, जबकि ओवर ऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी काशी प्रांत नगरीय की टीम ने अपने नाम की। योगी ने विद्या भारती की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज यह संस्था भारत की परंपरा और संस्कृति को मजबूत करने वाली अग्रणी शक्ति बन चुकी है। 1952 में गोरखपुर की धरती पर राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख द्वारा बोए गए बीज से आज देशभर में 25,000 से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश में सेक्युलर दिखाने की होड़ ने भारतीय मूल्यों को हाशिए पर धकेला, लेकिन विद्या भारती ने बिना सरकारी सहयोग के गाँव से शहर और वनवासी क्षेत्रों तक शिक्षा का राष्ट्रीय मॉडल खड़ा किया। उन्होने कहा 'आज इस वीरभूमि में पहुंचकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। रानी लक्ष्मीबाई ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में'मेरी झांसी गुलाम नहीं होगी 'का संदेश दिया और 23 वर्ष की आयु में बलिदान दे दिया। मेजर ध्यानचंद ने हॉकी में भारत को दो बार ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाया। आज उनके नाम पर भारत सरकार ने खेल रत्न पुरस्कार और प्रदेश सरकार ने मेरठ में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित की है।' मुख्यमंत्री ने बताया कि विद्या भारती के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है।

## राममंदिर बनेगा अंतरराष्ट्रीय मंदिर! समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा- पीएम मोदी का है ये सपना...

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि राममंदिर केवल राष्ट्र मंदिर नहीं बने बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का मंदिर बने जो सभी वर्ग और विचारधारा के लोगों को गौरव की अनुभूति कराये। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की तीसरे दिन की बैठक के समापन के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का उद्देश्य है कि सभी वर्ग, सभी क्षेत्र और सभी विचारधारा के लोग इस मंदिर को स्वीकार करें और गौरवान्वित महसूस करें।

### पीएम मोदी करेंगे ध्वजारोहण

समिति के अध्यक्ष ने बताया कि 25 नवंबर का दिन अयोध्या के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा। इस दिन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर के शिखर पर 21 फीट ऊंचे ध्वज का ध्वजारोहण करेंगे। राममंदिर के शिखर पर लगने वाले ध्वज का स्वरूप, आकार रंग और प्रतीक चिन्ह तय करने की ज़म्मिदारी ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि ध्वजारोहण के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे विश्व को राम मंदिर निर्माण पूर्ण होने की घोषणा करके अवगत कराएगे।

### राममंदिर में होंगे पांच दिवसीय वैदिक अनुष्ठान

मिश्र ने बताया कि राममंदिर यह वही ऐतिहासिक यात्रा है, जिसका आरंभ 5 अगस्त 2020 को भूमि पूजन से हुआ था। 22 जनवरी 2024 को रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए, और प्रधानमंत्री मुख्य यजमान बने थे। विवाह पंचमी की शुभ तिथि, यानी 25 नवंबर को यह ध्वजारोहण समारोह आयोजित होगा। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि 21 से 25 नवंबर तक चलने वाले पांच दिवसीय वैदिक अनुष्ठान में अयोध्या और काशी के महा विद्वान वेदपाठी शामिल होंगे।

## आंबेडकर, कांशीराम ने हमें सामाजिक न्याय का रास्ता दिखाया, मायावती की रैली के बाद बोले अखिलेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ-** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि भीमराव आंबेडकर, कांशीराम, राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण और मुलायम सिंह यादव जैसे नेताओं ने सामाजिक न्याय का रास्ता दिखाया। उन्होंने कहा कि सपा पीडीए (पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों) पर आधारित सरकार बनाकर इस रास्ते पर आगे बढ़ना चाहती है। बृहस्पतिवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम की 19वीं पुण्यतिथि पर आयोजित रैली में पार्टी अध्यक्ष मायावती की ओर से सपा पर करारा हमला किए जाने के बाद अखिलेश ने एक प्रेस वार्ता में कांशीराम के राजनीतिक सफर में सपा के सहयोग को याद किया। अखिलेश ने कहा, ÷हम सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करने और पीड़ितों, दलितों एवं अल्पसंख्यकों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में पीडीए आधारित सरकार बनाने का संकल्प लिया है।÷ उन्होंने कहा, 'सपा, नेताजी (मुलायम) और हमारे साथियों के सहयोग से ही कांशीराम इटावा से सांसद बने थे। उस समय जब सांप्रदायिक राजनीति चरम पर थी, तब सपा और बसपा ही थीं, जो एकजुट होकर इसका मुकाबला कर रही थीं।" अखिलेश ने कहा कि मायावती के अलावा उन्होंने ही कांशीराम की





प्रतिमा स्थापित करवाई थी। उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार के दौरान जब बसपा नेताओं ने स्मारक के रखरखाव पर सवाल उठाए थे, तो मैंने लखनऊ विकास प्राधिकरण को इसका रखरखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।" मायावती ने कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ में आयोजित रैली में सपा पर निशाना साधते हुए उसे "दोगले" लोगों की पार्टी कहा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि सपा जब सत्ता में होती है, तो वह कांशीराम और बहुजन समाज के अन्य महापुरुषों को भूल जाती है, लेकिन जब वह सत्ता से बाहर हो जाती है, तो उसे ये ही महापुरुष याद आने लगते हैं। अखिलेश ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासनकाल में लखनऊ में आंबेडकर और कांशीराम की याद में बनाए गए स्मारकों की हालत खराब हो गई है। उन्होंने कहा, 'खराब रखरखाव के कारण पत्थरों का रंग काला पड़ गया है। ऐसा भी हो सकता है कि भाजपा लखनऊ में इन स्मारकों की कीमती जमीन बेचने की कोशिश करे।" अखिलेश ने कहा, 'भाजपा हमें गुलाम नहीं, बल्कि अपने लिए काम करने वाला मजदूर बनाना चाहती है। पीडीए में आधी आबादी (महिलाएं) भी शामिल हैं। हमारा दर्द और संघर्ष एक जैसा है।" उन्होंने सत्तारूढ़ दल पर पुलिसकर्मियों की तैनाती में हेराफेरी करने और पिछड़े तथा दलित अधिकारियों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। रायबरेली में हाल ही में एक दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने से जुड़े मामले का जिक्र करते हुए अखिलेश ने कहा, 'पिछड़े समुदाय के खिलाफ अन्याय बढ़ रहा है। रायबरेली की घटना अकेली नहीं है। ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं और पुलिसकर्मियों की तैनाती में भेदभाव स्पष्ट है।÷ अखिलेश ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि दलितों और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा, 'यह हमारे नहीं, बल्कि एनसीआरबी के आंकड़े हैं। भाजपा ने झूठे मामले दर्ज करने और झूठ बोलने में विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन के प्राथमिक विद्यालय मुरलीजोत में आयोजित



**बस्ती।** बस्ती जिले मेंमिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन के अंतर्गत जनपद के प्राथमिक विद्यालय मुरलीजोत में बाल विवाह को रोकने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत लड़की की शादी उम्र 18 वर्ष से कम और किसी लड़के की शादी 21 वर्ष से कम उम्र नहीं होनी चाहिए। बाल विवाह से लड़कियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं, इससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा आती है, लड़कियों की पढ़ाई बीच में ही रुकवा दी जाती है, जिससे लड़किया अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती, और उनके बच्चों का भविष्य भी असुरक्षित हो जाता है। शिक्षा की कमी के कारण बाल विवाह होने के उपरांत वह आर्थिक रूप से अपने जीवनसाथी पर निर्भर रहना पड़ता है। कम उम्र मे विवाह बच्चों के बचपन और भविष्य को छीन लेता है। उक्त कार्यक्रम में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वूमेन से रमा यादव जेंडर स्पेशलिस्ट, वीरेन्द्र गौतम जेंडर स्पेशलिस्ट वन स्टॉप सेंटर से सेंटर मैनेजर प्रतिभा श्रीवास्तव, टगर पाल उपस्थित रहें।

### ग्राम पंचायत चिलवन मोहान में चकबंदी हेतु हुई खुली बैठक

**रुद्रपुर,देवरिया।** विकास खंड बैतालपुर के ग्रामपंचायत चिल्वन मोहन के पंचायत भवन में चकबंदी विभाग के कानूनगो और लेखपाल अनुराग पांडेय,के उपस्थिति में खुली बैठक बुलाई गई। उक्त बैठक में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इंद्रजीत कुमार गौतम, और ग्रामपंचायत के सभी सदस्यगण के साथ समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे। उक्त अवसर पर गहमा गहमी के बीच चकबंदी न करवाने के पक्ष में 105 काश्तकारों ने दस्खत किया और चकबंदी चाहने वाले 3 काश्तकार दस्खत किए। उक्त बैठक में गुलाब यादव, काशीनाथ यादव, साहबयादव, महेंद्रचौरसिया, अरविंद, अनिल, रामप्रसाद, सुदामा, रमेश कुमार, मैनेजर, सुरेश,रामप्रीत पासवान, शंकर गोंड, हरेंद्र गोंड, श्रीकिशन यादव, विजय शंकर, सतपाल गौतम, प्रहलाद चौरसिया, रामदश, शकुंतला देवी ,रत्ती देवी, राजेंद्र यादव अशोक कुमार, अवधेशकुमार, इंद्रदेव, त्रिभुवन, राजन, मुकेश, चंद्रशेखर, विजय, राकेश यादव, राजेश सहित, बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नारी शक्ति मिशन के तहत थाने में चौपाल का आयोजन

**रूद्रपुर, देवरिया।** नारी विशेष मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत गुरुवार को थाने में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय इंटर कालेज इंदुपुर की बालिकाओं को माज में व्याप्त खतरों के प्रति जागरूक किया गया व सुरक्षा के विभिन्न उपाय बताए गए। जिससे विषम परिस्थितियों में छात्राएं सामना कर सकें। राजकीय कन्या इंटर कालेज इंदुपुर की प्रधानाचार्या प्रीति सिंह व रंजना सिंह ने छात्राओ को साथ लेकर गौरी बाजार थाने का भ्रमण कराया व थाने की गतिविधियों से अवगत कराया। थाने में चल रहे चौपाल कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक रंजीत सिंह भदौरिया ने महिलाओ को नारी मिशन शक्ति के तहत जागरूक किया। एस एच ओ ने टोल फ्री नंबर पर प्राथमिक रिपोर्ट लिखवाना, गिरफ्तारी के समय सीटिजन नियम की जानकारी, साइबर अपराध,और धोखाधड़ी के बारे सचेत किया। मिशन शक्ति के उद्देश्य एवम कार्य की विस्तृत जानकारी दी। अंत में महिला आरक्षी के द्वारा थाना परिसर, पुरुष बंदीगृह, व मालखाना का अवलोकन कराया गया।

### दुर्गा पूजा मेले में बिछड़ों को अपनों से मिलायाबहु उपयोगी है खोया पाया शिविर- डा. वी.के. वर्मा

**बस्ती।** बस्ती जिले में समाचार पत्र वितरक जन कल्याण सेवा समिति द्वारा जय प्रकाश गोस्वामी के संयोजन में कम्पनीबाग के निकट संचालित बिछड़े मिले, खोया पाया माध्यम शिविर में दुर्गा पूजा मेले में अपने परिजनों से बिछडे 100 से अधिक बच्चों, महिला, पुरूषों को मिलवाया गया।समाजसेवी वरिष्ठ चिकित्सक डा. वी.के. वर्मा ने शिविर का समापन करते हुये कहा कि पिछ्ले 34 वर्षो से जय प्रकाश गोस्वामी द्वारा खोया पाया शिविर का अनवरत संचालन एक उपलब्धि है. बिछड़ों को मिलाना पुनीत कार्य है। इससे मेले में बिछड़े लोगों को अपनों से मिलाना आसान हो जाता है। नगरपालिका अध्यक्ष अंकुर वर्मा और भाजपा नेत्री रोली सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा मेले में जिस प्रकार से श्रद्धालु उमड़े उसमें लोगों का खो जाना स्वाभाविक था किन्तु खोया पाया शिविर ने बिछड़ो को मिलकर सेवा का एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।समिति के अध्यक्ष और आयोजक जय प्रकाश गोस्वामी ने कहा कि जितना संभव होगा चाहे जितनी कठिनाईयां आयें शिविर का संचालन अनवरत जारी रहेगा।

## हर्रैया नगर पंचायत राजस्व अभिलेखों में आज भी गांव है ईसका कारण है भ्रष्ट अफसर और कर्मचारी

### ● भ्रष्ट अफसर बने भू माफियाओं के मोहरेबखरा मिला तो, रिटायर भागीदार को बना डाला फर्म में आधे का हिस्सेदार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती ।** बस्ती जिले के सबसे बड़ी तहसील हरैया में भ्रष्टाचार में लिफ्ट पाई जा रही है करीब तीन दशक पहले कई गांवों को जोड़कर बनी नगर पंचायत हर्रैया आज भी कागज़ों में गांव ही दर्ज है। हालत ये है कि सघन आबादी को भी राजस्व अभिलेखों में 'आबादी' का दर्जा नहीं मिला है। नतीजा–तहसील मुकदमों के अनावश्यक बोझ तले दबी हुई है, असली मामलों पर सुनवाई पिछड़ रही है, और घूसखोर अफसरों की मिलीभगत से जालसाज, जमीनों को विवादित बनाकर उन्हें हड़पने का शातिराना खेल खेल रहे हैं।

आइये एक घटनाक्रम से समझते हैं कि, राजस्व अभिलेखों की इन कमियों का फायदा जालसाज जमीनों को विवादित बनाकर ब्लैकमेल करने, उसकी नवइयत बदलकर उसे हड़पने में आखिर कैसे करते हैं ?सन 2016 में हर्रैया नगर पंचायत के सम्राट नगर (अब अम्बेडकर नगर) निवासी पत्रकार श्रीश द्विवेदी ने उप जिलाधिकारी हर्रैया के न्यायालय में धारा 144 का एक वाद दाखिल किया। जिसमे मुंसिफ बस्ती के न्यायालय की 1992 की एक डिग्री लगाकर यह याचना की गई कि, भूमि गाटा संख्या 204 एक रजिस्टर्ड पार्टनरशिप फर्म, मेसर्स श्री राधा हस्तकरघा उद्योग की संपत्ति है। और संलग्न डिग्री के मुताबिक इस फर्म के कुल चार भागीदारों में से तीन भागीदार रिटायर होकर इसकी समस्त जिम्मेदारी और संपत्ति से मुक्त हो चुके हैं। केवल वादी ही इसके एक मात्र स्वामी शेष बचे हैं। लिहाजा इस नम्बर के अभिलेखों में दर्ज रिटायर हो चुके तीनों भागीदारों का नाम हटाकर केवल श्रीश को इस नम्बर का तनहा भूस्वामी घोषित किया जाय।गौरतलब है कि, राजस्व न्यायालय के पास इस डिग्री का अनुपालन करते हुए श्रीश को इस नम्बर का तनहा भूस्वामी घोषित करने के अलावा उस स्थिति में कोई विधिक बाधा कानून के जानकारों के मुताबिक ना तो थी और ना ही आज है जबकि, कोई ऐसा दूसरा आदेश विपक्षियों की ओर से नहीं प्रस्तुत किया गया है, जो मुंसिफ के आदेश को चुनौती दे सके।लेकिन राजस्व अभिलेखों में उद्योग की यह जमीन गांव की एक सामान्य जमीन ही दर्ज है। और नगर पंचायत के अम्बेडकर नगर वार्ड का यह नगरीय आबादी क्षेत्र अपने वास्तविक रूप में नहीं बल्कि, एक गांव, ÷राजघाट÷ के रूप में ही तीन दशक बाद आज भी दर्ज है। अब आते हैं मुद्दे पर कि, अभिलेखों की इस खामी को जालसाजों ने घूसखोर अफसरों से मिलकर आख़िर कैसे भुनाया । दरअसल 1992 में इस फर्म से रिटायर हो चुके भागीदारों की नीयत 2017 आते आते खराब हो गई। और पराई संपत्ति हड़पने की हवस इनपर इस तरह हाबी हुई कि, इन्हें अपना रिटायरमेंट, मुंसिफ की डिग्री और जमीन का मुकदमे में विचाराधीन होना वगैरा सबकुछ दिखाई देना बन्द हो गया। ऐसे में रिटायर भागीदार रवीश चन्द्र ने तथ्यों को छिपाकर 2017 में ही इसी जमीन पर इसी न्यायालय में बंटवारा दाखिल कर दिया। जो आगे चलकर खारिज हुआ। ऐसा इसने दो बार किया और तीसरी बार की तैयारी कर रहा है। अपने बंटवारे के इस मुकदमे में रवीश ने यह उल्लेख कहीं नहीं किया कि, यह पार्टनरशिप फर्म की जमीन है। और यह किसी गांव की जमीन नहीं, बल्कि नगरीय आबादी क्षेत्र है। यहां इसे राजस्व अभिलेखों की त्रुटि ही जमीन हड़पने का औजार नज़र आई। जिसके दम पर ही इस जमीन के बंटवारे का मुकद्दमा तहसील के राजस्व न्यायालय में चलता रहा। इतना ही नहीं, इससे एक कदम आगे बढ़कर दूसरे रिटायर भागीदार प्रवीश चन्द्र ने भी इस जमीन को हड़पने के लिए विचाराधीन स्थिति में ही खतौनी में दर्ज अपने और रिटायर माया देवी के नाम का लाभ उठाया। और इस जमीन को अभिलेखों के आधार पर सामान्य तथा माया देवी का इसमें चौथा हिस्सा दिखाते हुए उस हिस्से का अपने हक में ना सिर्फ हिब्बा करा लिया बल्कि, अधिकारियों को बखरा देकर खारिज दाखिल भी करा लिया। यहां ध्यान देने वाली बात यह रही कि, यह सब गैरकानूनी काम करते हुए इसने एसडीएम हर्रैया, उनकी अदालत और उसमें विचाराधीन इस जमीन के मुकदमे की नाम मात्र भी हैसियत नहीं समझी। और इस मुकदमे के समानांतर इसी अदालत में बंटवारे का एक और मुकदमा भी ना सिर्फ दाखिल कर दिया बल्कि, इसमें एक पक्षीय आदेश कराकर प्राइमरी डिग्री भी हासिल कर ली।मतलब यह कि, एसडीएम हर्रैया की जो अदालत 2016 से आज तक मुंसिफ के आदेश के बावजूद इस जमीन की उद्घोषणा तक नहीं कर पाई है, उसी की समानांतर अदालत ने इस जालसाज को कागजों में इस फर्म में आधे का हिस्सेदार तक बनाकर बैठा चुकी है।अब यह सब कैसे सम्भव हुआ ? यह कोई छिपी बात नहीं। आज भी इस तहसील पर तमाम ऐसे ÷बहादुर÷ अधिकारी बैठे हुए हैं जो बखरा मिल जाने पर अपने अधिकार क्षेत्र से छलांग मारकर जमीनों की हेराफेरी में मददगार बनने से नहीं चूकते। राजस्व अभिलेखों की कमियों और बिना दाम के उनका सुधार करने में इन्हें कोई दिलचस्पी नहीं होती। क्योंकि, इसी से इनकी दाल रोटी चलती है।

## जिम सेण्टरों की जांच कराये जाने की मांग, भाजपा टीम इलेवन ने लिया सज्ञान, महिलाओं संग हो रही नाजायज हरकतें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में बस्ती जिले में भाजपा टीम इलेवन जनपद बस्ती ने गुरुवार को कमिश्नर और जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर जनपद के विभिन्न जिम सेंटरों में महिला सुरक्षा से जुड़ी गंभीर स्थिति पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। टीम ने अपने पत्र में कहा है कि जनपद के अधिकांश जिम सेंटरों में महिलाएँ एवं युवतियाँ नियमित रूप से व्यायाम करने जाती हैं। लेकिन इन जिमों में पुरुष ट्रेनरों की अधिकता के कारण महिलाओं को असुविधा, असुरक्षा और अनुचित व्यवहार का सामना करना पड़ता है। कई स्थानों पर छेड़खानी, छिपकर वीडियो बनाने और ब्लैकमेलिंग जैसी घटनाओं की संभावना बनी रहती है, जो अत्यंत चिंताजनक है। भाजपा इलेवन टीम ने मांग की है कि जनपद के सभी जिम सेंटरों की तत्काल जांच कराई जाए। जहाँ महिलाओं की उपस्थिति है, वहाँ महिला ट्रेनर की नियुक्ति अनिवार्य की जाए। जिन जिमों में महिला ट्रेनर नहीं हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से सीज किया जाए और उनका लाइसेंस निरस्त किया जाए।

भविष्य में किसी भी जिम को संचालन की अनुमति तभी दी जाए जब वहाँ महिला ट्रेनर की उपलब्धता सुनिश्चित हो। महिला से संबंधित किसी अनुचित घटना पर जिम संचालक व जिम्मेदार व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। टीम ने कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं है। प्रशासन से अपेक्षा है कि इस गंभीर विषय पर शीघ्र ठोस कदम उठाए जाएँ। ज्ञापन देने वालों में भाजपा टीम इलेवन के सदस्य सतेन्द्र सिंह भोलू, दिलीप पाण्डेय, अभिषेक कुमार, विद्यामणि सिंह, राजकुमार शुक्ल, सुनील सिंह, विनोद चौधरी, वरुण सिंह, तारक जायसवाल, पिन्टू सोनकर एवं प्रदीप निषाद शामिल रहे।

## प्रबंधक द्वारा मेरेपति का गत 3 अक्टूबर की रात्रि में उनका अपहरण करा लिया

### ●दुबौली निवासिनी मुन्नी देवी ने जिलाधिकारी को पत्र देकर अपने पति गोमती प्रसाद कन्नौजिया के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र के दुबौली निवासिनी मुन्नी देवी ने जिलाधिकारी को पत्र देकर अपने पति गोमती प्रसाद कन्नौजिया के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है। पत्र में कहा गया है कि गोमती प्रसाद कन्नौजिया आचार्य रामचन्द्र शुक्ल बालिका विद्यालय अगौना में चपरासी पद पर कार्यरत है। प्रबंधक कृष्ण प्रसाद मिश्र उनसे रात्रि में डियूटी कराते थे और दिन में घर का काम कराते थे। इसे लेकर प्रबंधक से विवाद भी हुआ था। गोमती प्रसाद की पत्नी मुन्नी देवी ने आशंका व्यक्त किया है कि प्रबंधक कृष्ण प्रसाद मिश्र और उनके पुत्रों द्वारा उनके पति का गत 3 अक्टूबर की रात्रि में उनका अपहरण करा लिया गया है। कलवारी पुलिस मामले में रूचि नहीं ले रही है। डीआईजी को पत्र देने के बाद पुलिस कुछ सक्रिय हुई और घटना की सूचना को गुमशुदगी में दर्ज किया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की भी जांच नहीं कराया।

पुत्री सविता के साथ डीएम कार्यालय पर न्याय मांगने आयी मुन्नी देवी ने प्रशासन से मांग किया है कि उनके पति को सकुशल बरामद कराया जाय वरना वे परिवार समेत 9 अक्टूबर से आमरण अनशन करने को बाध्य होंगी। बहुजन मुक्ति पार्टी जिला अध्यक्ष बुद्धेश राना ने घटना की कड़े शव्दों में निन्दा करते हुये मांग किया है कि गोमती प्रसाद कन्नौजिया की सकुशल वापसी कराया जाय अन्यथा निर्णायक आन्दोलन किया जायेगा। डीएम को पत्र देने के दौरान मुख्य रूप से रोहित कुमार, डॉ. महेश कुमार, राम सुमेर यादव, कविता आदि शामिल रहे।

## बस्ती पुलिस की बड़ी कार्रवाई - अवैध गांजा और कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्रवाई में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी के पास से अवैध गांजा बरामद हुआ, जबकि दूसरे को कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया। दोनों मामलों में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। थाना सोनहा क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक चन्दन कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ रात्रि गश्त पर निकले थे। इसी दौरान बैडवा पुल के पास संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग की जा रही थी। तभी एक व्यक्ति पल्सर मोटरसाइकिल पर भानपुर की ओर आता दिखाई दिया। रोककर तलाशी लेने पर उसके पास से 550 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त की पहचान अशोक कुमार पुत्र टिकोरी निवासी धौरहरा थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर (उम्र 36 वर्ष) के रूप में हुई। उसके पास से पल्सर मोटरसाइकिल (संख्या P51B M0604) भी बरामद की गई। इस मामले में थाना सोनहा पर मु.अ.सं. 241/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया और अभियुक्त को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय सदर बस्ती रवाना कर दिया । इसी क्रम में जिले के थाना क्षेत्र इसी प्रकार थाना हरैया क्षेत्र में प्रभारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक रुदल बहादुर सिंह और पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मिली मुखबिर की सूचना पर अमारी बाजार से कोहले मिस्त्र रोड पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 8 अक्टूबर 2025 की देर शाम करीब 9 बजे एक व्यक्ति को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सोनू उर्फ श्रीप्रकाश पुत्र राममूरत निवासी लजघटा थाना छावनी जनपद बस्ती (उम्र लगभग 41 वर्ष) के रूप में हुई। उसके विरुद्ध मु.अ.सं. 278/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अवैध नशे के कारोबार और शराब तस्करी में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है और ऐसे अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

## कलवारी मुस्तहकम पंचायत भवन पर लगा सीसीटीवी फुटेज खोलेगा पंचायत सहायक के ड्यूटी से गायब रहने का राज

### ●ग्राम प्रधान दिनेश चंद्र जायसवाल व सचिव राजन चौधरी की भूमिका संदिग्ध

### सूत्रों की माने तो कलवारी मुस्तहकम पंचायत भवन पर कभी जनसुनवाई नहीं करते हैं सचिव राजन चौधरी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जहां एक तरफ प्रदेश सरकार ग्रामीणों को घर बैठे सभी समस्याओं का निस्तारण हो सके उनके लिए अथक प्रयास कर रही है । वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत कलवारी मुस्तहकम के पंचायत भवन पर तैनात पंचायत सहायक रिंकी यादव ग्रामीणों की समस्याओं को बढ़ाने में जुटी हुई है । लगातार रिंकी यादव गायब रहती हैं ड्यूटी के समय ग्रामीणों द्वारा बताया गया है की रिंकी यादव कभी आती ही नहीं पंचायत भवन पर ऐसे में कैसे जानता को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल पाएगा शिकायत के बावजूद भी ड्यूटी से नदारत रहती है जानकारी के अनुसार विकास खंड बहादुरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कलवारी मुस्तहकम पंचायत भवन पर पंचायत सहायक रिंकी यादव की तैनाती हुई है लेकिन पंचायत भवन पर ड्यूटी करने के बजाए पंचायत सहायक रिंकी यादव लगातार ड्यूटी से गायब चल रही है । पंचायत सहायक के ड्यूटी से गायब रहने के कारण ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की ना तो जानकारी हो पा रही है और ना ही इसका लाभ मिल पा रहा है । पंचायत भवन पर सीसीटीवी फुटेज ,कंप्यूटर सिस्टम ,कुर्सी, मेज ,अलमारी इत्यादि सामग्री उपलब्ध है । पंचायत भवन का ताला ना खुलने के कारण पंचायत भवन की स्थिति बिगड़ती जा रही है । पंचायत भवन के आसपास कूड़ा करकट इकठ्ठा हो रहा है धीरे-धीरे गंदगी बढ़ रहा है लेकिन पंचायत सहायक रिंकी यादव समेत अन्य ब्लॉक के अन्य जिम्मेदार अधिकारी मामले का संज्ञान नहीं ले रहे हैं । मीड़िया पड़ताल में ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत भवन कलवारी मुस्तहकम का ताला बहुत कम ही खुलता है जिससे ग्रामीणों को किसी काम के लिए ब्लॉक बहादुरपुर जाना पड़ता है । ब्लॉक बहादुरपुर जाने पर कभी सचिव ड्यूटी से गायब रहते हैं और कभी सचिव को ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने का समय नहीं रहता है जिससे ग्रामीणों की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं । आखिर कब होगी ड्यूटी से गायब पंचायत सहायक रिंकी यादव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई ? जिले में बना चर्चा का विषय । पंचायत सहायक रिंकी यादव ,सचिव राजन चौधरी और ग्राम प्रधान दिनेश चंद्र जायसवाल के मनमानी कार्यो से प्रदेश सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है और प्रदेश सरकार की साफ सुथरी छवि धूमिल हो रही है । इस संबंध में पंचायत सहायक रिंकी यादव से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा तो पंचायत सहायक रिंकी यादव ने मीडिया के फोन को रिसीव करने के बजाए फोन को काट दिया एवं सहायक विकास अधिकारी बहादुरपुर (एडीओ पंचायत ) अवधेश कुमार से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा तो सहायक विकास अधिकारी (एडीओ पंचायत ) अवधेश कुमार का फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर निकला।

## महिला सुरक्षा, सम्मान और जागरूकता हमारी प्राथमिकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर/**महाराजगंज तराई पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल कुमार पांडे के मार्गदर्शन तथा क्षेत्रधिकारी ललिया देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षर मैं थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडे के नेतृत्व में द्वारा थाना क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वालंबन और सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत आज दिनांक 09.10.2025 को जनपद के समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का आयोजन स्कूलों, कॉलेजों तथा बाजारों में किया गया, जहाँ बालिकाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने के उद्देश्य से संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों जैसे–वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा साइबर हेल्पलाइन-1930 की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों के विषय में सार्थक चर्चा की गई। उपस्थित जनसमूह को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पम्पलेट वितरण कर जागरूक किया गया। इसी क्रम में ग्राम उदयीपुर शिवचरनडीह महराजगंज उ0नि0 आदित्य कुमार, उ0नि0 आकांक्षा तिवारी, हे0का0 तेरस राम यादव, का0 प्रमोद कुमार, का0 पवनेश कुमार, म0का0 सपना राज,थानों पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के कार्य, उद्देश्य तथा वहां उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की भी जानकारी प्रदान की गई, ताकि महिलाएं और बालिकाएं अपनी समस्याओं के समाधान हेतु इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। थानाध्यक्ष कुमार पांडे ने कहां की इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना है। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित किया जा सके।

## संजय अध्यक्ष, धनंजय मंत्री, चन्द्र शेखर कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा ब्लॉक संसाधन केन्द्र मिठवल के सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिवेशन एवं शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अधिवेशन में बतौर चुनाव अधिकारी जगदानंद झा एवं पर्यवेक्षक रणंजय मिश्र की देखरेख में संजय कन्नौजिया अध्यक्ष, धनंजय मिश्र मंत्री और वेंकटेश चन्द्रशेखर कोषाध्यक्ष चुने गए। तथा सर्व सम्मति से मदन चन्द को ब्लॉक इकाई का संरक्षक नामित किया गया। मण्डल अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद ने सभी ब्लॉक स्तरीय नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। ब्लॉक स्तरीय अधिवेशन एवं शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि किसी भी संवर्ग में संगठन, सेवाशर्तो की सुरक्षा, मान सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए बहुत आवश्यक होता है। जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि जो भी उपलब्धियां मिली है संगठन के संघर्षो के बदौलत मिली है, इस दौरान, विजय बहादुर, वरुणेंदर राय, राम विलास चौधरी, तसनीम जहां, राशिदा खातून, अशोक कुमार द्विवेदी, राम चन्द्र चौधरी, अनीता आर्य, निधि पाण्डेय, जया शुक्ला, विजय लक्ष्मी, दिलीप चौधरी, विनोद चौधरी निधि पाण्डेय, मीरा देवी अमिता मालवीय आदि उपस्थित रहे।

## सांसद अमेठी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक संपन्न

### ●जनप्रतिनिधियों की शिकायतों एवं प्रस्तावों को गंभीरता से लेकर निस्तारण करें अधिकारी- सांसद

### संबंधित अधिकारी शासन द्वारा संचालित योजनाओं का बेहतर ढंग से करें क्रियान्वयन- सांसद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति ÷दिशा÷ की बैठक आज विकास भवन के प्रेरणा सभागार में सांसद अमेठी किशोरी लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन योजना (शहरी/ग्रामीण), ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना परंपरागत कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रक नियंत्रण कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव ने पूर्व दिशा की बैठक में जनप्रतिनिधियों के उठाए गए मुद्दे/सुझावों पर की गई कार्यवाहियों के महत्वपूर्ण बिंदुओं को समिति के समझ प्रस्तुत किया जिस पर समिति के सदस्यों द्वारा सहमति दी गई। बैठक में सांसद ने कहा कि सभी योजनाएं सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं सभी अधिकारीगण योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से करें। सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों से सतत् संवाद बनाए रखें तथा जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर शासन की योजनाओं को बेहतर दिशा दें तथा उन्हें धरातल पर उतारे और पात्र लोगों को लाभान्वित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो लाभार्थीपरक योजनाएं हैं उन्हें अपना कर्तव्य समझकर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य करें। बैठक में उक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, ब्लॉक प्रमुख भादर प्रवीण सिंह, भेटुआ आकर्ष शुक्ला, शाहगढ़ सदाशिव यादव सहित अन्य ब्लाक व ग्राम स्तर के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## गले में सरिया धंसने से बाइक सवार युवक गंभीर, रेफर



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के चिक मंडी मोहल्ले में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। बाइक से जा रहे एक युवक के गले में आगे चल रहे पिकअप की लदी सरिया जा धंसी। हादसे में युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। आनन फानन में मौजूद लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सरेनी थाना क्षेत्र के लखनापुर निवासी सधन (42) बाइक से लालगंज की ओर आ रहे थे। तभी चिकमंडी के पास सामने चल रही पिकअप पर लदी सरिया का बाहर निकला हुआ सिरा बाइक सवार के गले में जा धंसा। टक्कर के बाद वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया। पाकर मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल को तुरंत सीएचसी पहुंचाया। इमरजेंसी में तैनात डॉ. सत्यजीत ने बताया कि युवक की हालत नाजुक होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

## ढाई कुंतल अवैध विस्फोटक सामग्री के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

### पुलिस को मिली बड़ी सफलता दो लाख का अवैध भंडारण पकड़ा




**सीतापुर** जनपद सीतापुर में त्यौहारों के मद्देनज़र चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान मछरेहटा थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है बुधवार की देर रात पुलिस टीम ने बिना लाइसेंस के अवैध रूप से पटाखा बनाने के अपराध में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ढाई कुंतल मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। बरामद सामग्री की कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के के नेतृत्व में मछरेहटा पुलिस ने सूरजपुर बाजार मजरा तिवारीपुर से अभियुक्त नसीर पुत्र बुद्धा निवासी ग्राम बनियामऊ को गिरफ्तार करने का दावा किया है घर में तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से करीब 2.5 क्विंटल अवैध विस्फोटक सामग्री बरामद की। इसमें विभिन्न प्रकार के बारूद, कोयला मिक्स पाउडर, रंगीन महताब पटाखे, खाली खोखे, बड़ा और छोटा सिंगाड़ा पटाखा, पटाखा जलाने की बाती, गत्ते के टुकड़े तथा पटाखा बनाने में प्रयुक्त उपकरण शामिल हैं बरामदगी में एक तराजू, बाट, लोहे का सांचा, टेप, ईट का टुकड़ा, कटोरा, चलनी, चमचा, लकड़ी का टुकड़ा, फेवीकाल, गोंद, रेत, अबरी, सूतली और कोयले का बुरादा जैसी वस्तुएं भी मिली हैं पुलिस के अनुसार अभियुक्त लंबे समय से अवैध रूप से पटाखा निर्माण का काम कर रहा था। मछरेहटा थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा संख्या 269/2025 धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है!!

## मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिका को बनाया गया एक दिन के लिए एसडीएम

**मानिकपुर, चित्रकूट:** महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए शुरु किए गए मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के लिए गुरुवार को तहसील मानिकपुर में संचालित कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा पारो को एक दिन के लिए उपजिलाधिकारी बनाया गया।

छात्रा पारों विद्यालय की वार्डन मनोरमा मिश्रा व शिक्षिका प्रियंका तिवारी के साथ सुबह 10 बजे जैसे ही तहसील पहुंची, तो उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम ने माला पहना कर स्वागत किया और अपनी कुर्सी में बैठाकर एक दिन के लिए उपजिलाधिकारी बनाया। उपजिलाधिकारी बनाने के बाद छात्रा पारों ने फरियाद लेकर पहुंचने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान छात्रा ने अपने के गांव में सड़क तोड़े जाने और पानी की आपूर्ति न होने पर नमामि गंगे अवर अभियंता को पेयजल आपूर्ति कराने व सड़क की मरम्मत करवाने के निर्देश दिए।

# ऐलिया ब्लाक मुख्यालय पर ग्रामीणों का धरना जारी

### ● आज धरनारत ग्रामीणों के समर्थन में उतर सकते हैं कई संगठन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**इमलिया सुल्तानपुर-** सीतापुर ऐलिया ब्लाक मुख्यालय इमलिया सुल्तानपुर पर पसनैका के ग्रामीण दूसरे दिन भी डटे रहे। इस बीच पंचायत विभाग के ब्लाक अधिकारी, सचिव व प्रधान ने आपसी सहमति बनाकर उचितदर विक्रेता चयन हेतु 25 अक्टूबर की तिथि निर्धारित करते हुये एक प्रति धरनारत ग्रामीणों को सौंप दी है। लेकिन ग्रामीण अन्य मांगों को भी पूरी करने के लिये धरना जारी रखा। ग्रामीण विषम परिस्थितियों को नजरअंदाज कर रात दिन जमे हुये हैं। सूत्रों की माने तो धरनारत ग्रामीणों का मजबूत पक्ष देखकर कुछ संगठन आज उनके समर्थन में पहुंच सकते हैं। धरने की अगुवाई कर रहे वरिष्ठ पत्रकार व पसनैका ग्राम पंचायत के निर्वाचित सदस्य सरोज सिंह ने बताया कि अब तक कोटा चयन बैठक की अगली तिथि तयं करने में सचिव श्री सूर्य प्रताप सिंह व एडीओ (पं) मनोज कुमार सिंह जो हीला हवाली कर रहे थे। उन्होंने धरना शुरू होते ही 25 अक्टूबर की तारीख तो आनन फानन में तयं कर दी। परन्तु शौचालय, बाउण्ड्रीवाल व टायलीकरण में हुये घोटाले की जिलास्तरीय टीम से जांच कराने व ग्राम पंचायत सदस्यों को भत्ता देने का अब तक कोई अश्वासन नहीं दिया है। हालांकि 18 सितम्बर को जिलाधिकारी को जो शिकायती पत्र शपथ पत्र के साथ दिया गया। जिसके साक्ष्य भी डीपीआरओ को उपलब्ध कराये जा चुके हैं। जिसके आधार पर टास्क फोर्स का गठन डीपीआरओ स्तर से होना है। जिसे लम्बित रखना डीपीआरओ कार्यालय की लापरवाही है। परन्तु ग्राम पंचायत सदस्य भत्ता (100 रूपया प्रति बैठक) व शासकीय धनराशि से खरीदी गई आलमारी, कुर्सी, मेज व कम्प्यूटर सिस्टम पंचायत भवन में न रखकर अब तक प्रधान पंचायत के ब्लाक अधिकारियों की शह पर सरकार की मंशा पर पानी फेर रहा है। हमारी मांग है कि भ्रष्टाचार की जांच हेतु जनपद स्तरीय जांच टीम गठित कर लिखित जानकारी दी जाय। पंचायत भवन सुचारू रूप से चालू कराया जाये व पंचायत सदस्यों प्रति वर्ष 12 बैठकों के हिसाब से भत्ता दिलाया जाय। श्री सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार के इस मुद्दे पर यदि कोई संगठन समर्थन में आता है तो उसका स्वागत है। वैसे यह धरना रविवार को भूख हड़ताल में बदल जायेगा। जिसका सर्व सम्मति से निर्णय लिया जा चुका है।

# पिंजरे में कैद शावक को डीएम ने देखा 18 दिनों में बाघ, बाघिन और शावक कैद, बाघिन के पास भेजा गया शावक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के महोली विकासखंड इलाके के ग्राम नरनी में बुधवार की देर रात वन विभाग की टीम ने बाघ और बाघिन के बाद अब एक शावक को भी पकड़ने में सफलता हासिल की है हालांकि ग्रामीणों के एकत्रित होने से एक शावक मौके से भागने में सफल रहा है। वन विभाग का दावा है कि पहले की तरह ही अभी कमांड सेंटर के आसपास कांबिंग लगातार जारी रहेगी और जब तक नए पगचिह्न मिलना खत्म नहीं होते हैं तब तक यह अभियान चलता रहेगा मालूम हो कि 22 अगस्त 2025 को ग्राम नारानी में किसान सौरभ दीक्षित को बाघ ने अपना निवाला बनाया था जिसके बाद वन विभाग की टीम ने वहां स्थित पीएससी को कमांड सेंटर बनाकर बाघों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया इस अभियान में पीलीभीत टाइगर रिजर्व दुधवा समेत कतर्निया घाट की अन्य टीमें शामिल रही हैं।

20 सितंबर को टीम ने एक बाघिन को पकड़ते हुए उसे गोरखपुर भेज दिया था जिसके बाद 5 अक्टूबर को एक बाघ को पकड़ने में सफलता हासिल की है अब 8 अक्टूबर की रात एक शावक को भी ट्रेंकुलाइज कर टीम ने पकड़ लिया है इन तीनों को पकड़ने के लिए टीम ने ट्रेंकुलाइज का सहारा लिया इसके बाद बाघ बाघिन और शावक को पिंजरे में कैद किया गया बाघ को कानपुर जू और अब शावक को गोरखपुर जू बाघिन के पास भेजा जा रहा है गुरुवार की सुबह पकड़े गए शावक को देखने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद भी मुख्यालय स्थित बाल वनोंद्यान पार्क पहुंचे डीएफओ नवीन खंडेलवाल ने बताया कि टीम का सर्च अभियान लगातार जारी रहेगा। जब तक इलाके में कोई नए पगचिह्न नहीं मिलते हैं इससे पहले भी 26 मई 2025 को वन विभाग ने लहरपुर विकासखंड इलाके के निबौरी गांव के समीप खेतों से बाघ को पकड़ा था इस दौरान 3 किसानों पर हमला कर घायल किया था!!

# घर के गोदाम में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक, दमकल ने पाया आग पर काबू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुंशीगंज इलाके में शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक मकान के नीचे बने गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगी, जिसने देखते ही देखते गोदाम में रखे लाखों रुपये के सामान को अपनी चपेट में ले लिया आसपास के लोगों ने धुआं उठता देख शोर मचाया और तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत शुरू की स्थानीय लोगों ने भी पानी डालकर आग बुझाने में मदद की।

करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया तब तक गोदाम में रखा फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान और घरेलू उपयोग की कई वस्तुएं जलकर खाक हो चुकी थीं गृहस्वामी किशोर वर्मा पुत्र भीम सेन ने बताया कि गोदाम में घरेलू सामान के साथ-साथ कुछ व्यापारिक वस्तुएं भी रखी थीं उन्होंने बताया कि आग लगते ही परिवार ने ऊपर की मंजिल से किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। सौभाग्य से आग मकान की ऊपरी मंजिल तक नहीं पहुंची, जिससे वहां रह रहे परिवार के सदस्य और उनका सामान सुरक्षित बच गया आग लगने से पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ घटना स्थल पर जुट गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित किया और आग



पर नियंत्रण की प्रक्रिया में सहयोग दिया प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है गृहस्वामी ने अनुमान लगाया कि आग से करीब एक से दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है फिलहाल पुलिस और फायर विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है!!

# ग्राम विकास अधिकारी रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया विजलेंस टीम लखनऊ ने सीतापुर में 20 हज़ार के साथ गिरफ्तार किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर ब्लॉक बिसवां में गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) की टीम ने ग्राम विकास अधिकारी आलोक कुमार गोस्वामी को ?20,000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया अधिकारी ने यह रकम शिकायतकर्ता से कार्य भुगतान रिलीज करने के एवज में मांगी थी। सतर्कता अधिष्ठान की लखनऊ टीम ने जाल बिछाकर अधिकारी को उसी के घर पर पकड़ लिया सतर्कता अधिष्ठान के सूत्रों के अनुसार, पुलिस अधीक्षक (अभिसूचना) को 26 सितंबर 2025 को शिकायत प्राप्त हुई थी शिकायतकर्ता ने बताया था कि ग्राम विकास अधिकारी आलोक कुमार गोस्वामी ने उसके कार्य का भुगतान जारी करने के बदले 20,000 की रिश्वत मांगी है शिकायत की जांच के बाद मामला सही पाया गया, जिसके बाद टीम ने ट्रैप की योजना बनाई 9 अक्टूबर को दोपहर करीब 1:15 बजे शिकायतकर्ता ने आरोपी अधिकारी को उसके ही निवास ग्राम सत्तिन पुरवा, ब्लॉक बिसवां में रिश्वत की रकम सौंपी। जैसे ही पैसा लिया गया, टीम ने तुरंत दबिश देकर आलोक गोस्वामी को रंगे हाथ पकड़ लिया। तलाशी में पूरे 20,000 की राशि बरामद हुई गिरफ्तारी के बाद आरोपी ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ लखनऊ सतर्कता



अधिष्ठान सेक्टर में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। टीम ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आलोक गोस्वामी को हिरासत में लिया। अधिकारियों के अनुसार, आगे की पूछताछ और विभागीय जांच की कार्रवाई की जा रही है!!

# लोन EMI पर ठगी का आरोप गिरफ़्तार फर्जी रसीदें बनाकर 5 लाख से अधिक रूपये हड़पे, पुलिस ने भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में कोतवाली नगर पुलिस ने फर्जी रसीद तैयार कर ग्राहकों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी एजेंट ने विभिन्न ग्राहकों से दोपहिया वाहन की किस्तें जमा करने के नाम पर 5 लाख 10 हजार रुपये की रकम हड़प ली थी जानकारी के मुताबिक, एएसपी उत्तरी आलोक सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले के नेतृत्व में निरीक्षक अनूप शुक्ला की गठित टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी नितेश दीक्षित उर्फ शोभित दीक्षित पुत्र स्वर्गीय अवनीश कुमार दीक्षित निवसी ऊंचा टीला, तरीनपुर जनपद सीतापुर को फर्जी TVS CREDIT की रसीद और दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्त विभिन्न ग्राहकों से उनकी दोपहिया वाहन की ईएमआई तथा लोन क्लियर कराने के नाम पर नकद रुपये वसूलता था और उन्हें फर्जी भुगतान रसीदें देता था लेकिन कंपनी को कोई भुगतान नहीं किया जाता था इस तरह आरोपी ने कुल 5.10 लाख रुपये की ठगी की। इस मामले में थाना कोतवाली नगर में मुकदमा संख्या 300/2025 धारा 316 (2)/318 (4) बीएनएस के तहत




दर्ज किया गया है, जिसे बढ़ाकर धारा 338/336(3)/340(2) बीएनएस कर दिया गया है पुलिस ने आरोपी का चालान न्यायालय भेज दिया है। सीओ सिटी विनायक भोसले ने बताया कि जनपद में धोखाधड़ी, ठगी और अन्य आर्थिक अपराधों के विरुद्ध लगातार सघन कार्रवाई जारी रहेगी!!

# मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत भदेसरमऊ में महिलाओं को किया गया जागरूक

### .....गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा पर हुई विस्तृत चर्चा।

**मलिहाबाद।** मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत थाना मलिहाबाद क्षेत्र के ग्राम भदेसरमऊ में महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह भाटी ने की। उन्होंने महिलाओं को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी।

कार्यक्रम में महिला उप निरीक्षक राखी मौजूद रहीं। उन्होंने महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए और उन्हें बताया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें।

कार्यक्रम में लगभग 50 से 60 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस दौरान गुड टच-बैड टच की पहचान, साइबर अपराध से बचाव और महिला सुरक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

थाना प्रभारी ने कहा कि महिलाएं किसी भी परेशानी में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1098, 101, 102, 108, 1076 और 1930 पर संपर्क करें। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

# एनटीपीसी सभागार ऊंचाहार में कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारत पर संगोष्ठी का भव्य आयोजन

### ● मोबाइल फोन का अत्यधिक प्रयोग भी एक प्रकार का नशा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली,** एनटीपीसी सभागार ऊंचाहार में कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारत संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग तथा महानिदेशक उपाम व एस0आई0आर0डी0 श्री एल0 वेंकटेश्वर लू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य मिशन कर्मयोगी के तहत कर्मचारियों के क्षमता निर्माण, सहयोग एवं समन्वय को सशक्त बनाना, मद्य निषेध के प्रति लोगों को जागरूक करना एवं विकसित भारत की संकल्पना के लिए संवाद स्थापित करना रहा। अपर मुख्य सचिव एल0 वेंकटेश्वर लू ने कहा कि कर्मयोग का अर्थ केवल कार्य करना नहीं, बल्कि पुरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से दायित्वों का निर्वहन करना है और उसे समाज के कल्याण व राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। उन्होंने कर्मयोगी पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह पहले केवल सिविल सेवको तक ही सीमित था परंतु अब इसका क्षेत्र बहुत व्यापक हो गया है। उन्होंने सभागार में उपस्थित प्रधानाध्यापकों की सराहना करता करते हुए कहा कि कर्मयोगियों के निर्माण में आप सभी का महत्वपूर्ण योगदान है। हमें इसका क्षेत्र और बढ़ाना है तथा अन्य लोगों को भी इसमें शामिल करना है।

राज्य मद्य निषेध अधिकारी के.एल. राजवंशी ने कार्यक्रम के दौरान मद्य निषेध विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए समाज में नशा मुक्त वातावरण बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की मोबाइल की लत भी एक डिजिटल नशा है। इससे भी लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। इस अवसर पर विकसित उत्तर प्रदेश - समर्थ उत्तर प्रदेश 2047 के संकल्प को साकार करने हेतु नागरिक सहभागिता और प्रशासनिक जवाबदेही पर भी चर्चा हुई।

संगोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी ऊंचाहार अभय कुमार श्रीवास्तव, डीआईओएस संजीव सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कॉलेजों के प्रधानाचार्य एवं स्टेकहोल्डर उपस्थित रहे। मंच का संचालन अभिषेक द्विवेदी ने किया। अंत में प्रतिभागियों ने नशा मुक्त, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

# मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने किया यू.पी. ट्रेड शो (स्वदेशी मेला)-2025 का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली।** जीआईसी मैदान में आयोजित 10 दिवसीय यू.पी. ट्रेड शो (स्वदेशी मेला)-2025 का शुभारंभ शुक्रवार को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने फीता काटकर किया। मेला 9 से 18 अक्टूबर तक चलेगा।

उद्घाटन के बाद मंत्री ने विभिन्न विभागों और समूहों द्वारा लगाए गए स्वदेशी उत्पादों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने 5 बच्चों का अन्नप्राशन तथा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। कार्यक्रम में विधायक ऊंचाहार मनोज कुमार पांडेय, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पीएम श्री जीजीआईसी विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत 5 लाभार्थियों को ?5-5 लाख के डमी चेक और पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत एक महिला को सिलाई मशीन प्रदान की गई।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की सफलता के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में स्वदेशी मेला आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य स्थानीय हस्तशिल्पियों, कारीगरों और उद्यमियों को विपणन के अवसर प्रदान करना और दीपावली पर्व पर आम जनता को स्वदेशी वस्तुएं उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। 'एक जनपदङ्कएक उत्पाद' योजना के तहत स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन मिल रहा है और सरकार स्वदेशी उत्पादों को संरक्षित व प्रोत्साहित करने के लिए सतत कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन एस.एस. पांडेय ने किया। मौके पर अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थ, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, पीडी डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्या, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पर सरकारी ज़मीन कब्ज़ाने का आरोप, पीड़िता ने एसडीएम और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद, लखनऊ।** एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी वाली कहावत सत्य साबित हो रही है। ग्राम पंचायत में दर्ज ऊसर की भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा करके उस जमीन पर कॉम्पलेक्स बना लिया, जब इससे भी जी नहीं भरा तो पड़ोस में विधवा की जमीन की तरफ दरवाजा लगा और बांस बल्ली गाड़कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसकी शिकायत महिला ने अधिकारियों से की है। मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के अटौरा गांव की रहने वाली विधवा कृष्णावती पत्नी स्व0 कृष्णपाल ने उप जिलाधिकाकारी मलिहाबाद को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि भूमि गाटा संख्या 107 आबादी की जमीन है उसका मकान हुआ है, जिसकी घरौनी भी उसके पास है,बारिश की वजह से मकान गिर गया था।

इसी गाटा संख्या से सटे गाटा संख्या 106 ख जो उसर में दर्ज है जिसमें करीब आधा बिस्वा जमीन पर हमारा कब्जा 30 वर्षो से चला आ रहा है,जिस पर घूरा डालते हैं और जानवर बांध देते हैं। जिसका वाद एसडीएम न्यायालय मलिहाबाद में 167क के तहत विचाराधीन है। लेकिन गाटा संख्या 106 ख पर समाजवादी पार्टी से जिला पंचायत सदस्य पार्वती के पति (प्रतिनिधि) विजय कुमार ने ऊसर में दर्ज भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर कॉम्पलेक्स बना लिया है। जिसकी शिकायत थाना व एसडीएम के साथ साथ मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076 पर दर्ज कराई जा चुकी है हेल्प लाइन शिकायत संख्या 92515700070423 है। पीड़िता ने बताया कि शिकायत के बाद बुधवार को क्षेत्रीय लेखपाल अविनाश चंद्र ओझा मौके पर जाकर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय कुमार को बुलाकर मौके की जांच की जिसमें इस बात की पुष्टि हुई कि ऊसर की ही जमीन पर विजय कुमार पुत्र भूपति द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर अवैध निर्माण कराया है। महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि क्षेत्रीय दरोगा सैय्याद हुसैन खान मेरी जमीन पर कब्जा कराने में मेरे विपक्षी विजय कुमार को संरक्षण दे रहे हैं। इस सम्बन्ध में तहसीलदार मलिहाबाद के सीयूजी नंबर पर बात करने के लिए फोन मिलाया लेकिन उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

# विजयादशमी पर्व शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां (सीतापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर इन दिनों पूरे देश ही नहीं वरन् विश्व के कई देशों में शताब्दी वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में संघ की दृष्टि से बिसवां जिले के जहांगीराबाद मंडल में कस्बा स्थित आदर्श रामस्वरूप विद्यालय इंटर कालेज में वृहस्पतिवार को विजयदशमी उत्सव मनाया गया जिसमें बौद्धिक कार्यक्रम और पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। दोपहर बाद विद्यालय के प्रांगण में सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में एकत्रित हुए।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में परम पवित्र भगवद्ध्वज को लगा कर प्रणाम किया गया। अतिथियों द्वारा भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। एकल गीत के तत्पश्चात प्रांत कार्यवाह प्रशांत का उद्बोधन हुआ। प्रांत कार्यवाह ने कहा कि सन् 1925 की विजयादशमी से शुरू हुई ये अनवरत साधना ने इस वर्ष अपने 100 वर्ष पूर्ण कर लिये हैं और संघ इस वर्ष को शताब्दी वर्ष के रूप में संपूर्ण विश्व में एक उत्सव की भांति मना रहा है। संघ की स्थापना विजयदशमी के दिन ही क्यों की गई उसके बारे में भगवान राम के आदर्शों के बारे में विस्तार से बताते हुए समझाया। उन्होंने कहा की अनेक संगठन देश की रक्षा व सुरक्षा के लिए शुरू किए गए लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरी निष्ठा व लगन से हिन्दुत्व की रक्षा के लिए अनवरत विभिन्न कार्यक्रमों के रूप में सभी को जागृत करने में लगा रहा।

उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम सभी इस पवित्र कार्य के घटक हैं और यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हम सभी शताब्दी वर्ष के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दू समाज को सामाजिक विघटनकारी गतिविधि द्वारा बांटने का प्रयास किया जाता है लेकिन अब समय बदल चुका है। हिन्दू स्वयं की एकता के लिए स्वयं ही प्रतिबद्ध है और संघ कुटुम्ब प्रबोधन के माध्यम से प्रत्येक परिवार में एकजुटता का कार्य कर रहा है। उद्बोधन के उपरांत जहांगीराबाद तथा आसपास के सैकड़ों स्वयंसेवक विद्यालय से चलकर राहुल धर्मकांटा होते हुए चौराहे पर होकर पंक्तिबद्ध हो घोष की धुन के साथ संचलन करते हुए बाइपास चौराहे से वापस होकर विद्यालय पहुंचे। रास्ते में जगह-जगह स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा भी की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 श्याम किशोर वर्मा ने की। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया और अंत में खण्ड संघचालक बिसवां बलराम वर्मा ने शताब्दी वर्ष की सभी को बधाई दी और सभी का धन्यवाद किया। इसी के साथ संघ दृष्टि से बिसवां जिले के विभिन्न स्थानों के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# कंक्रीट से हरियाली तक-शहरी खेती की नई कहानी

**छतों पर फसलें, शहरों में ताजगी- हरित क्रांति 2.0**
**स्मार्ट कृषि और वर्टिकल फार्मिंग- शहरी भारत का हरित भविष्य**

भारत के शहरी परिदृश्य में, जहाँ कंक्रीट की ऊँची इमारतें आकाश को छूती हैं, हरियाली की लहरें जोर पकड़ रही हैं। प्रदूषण की धुंध और ट्रैफिक के शोर के बीच, ताजा फल-सब्जियों की सुगंध शहरों को नई जिंदगी दे रही है। यह शहरी भारत में हरित क्रांति 2.0 की जीवंत हकीकत है। ऊर्ध्वाधर खेती और स्मार्ट कृषि के बल पर, शहर अब केवल उपभोग के केंद्र नहीं, बल्कि खाद्य उत्पादन, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार के गढ़ बन रहे हैं। यह क्रांति खाद्य संकट का समाधान होने के साथ-साथ शहरी जीवन को हरित, स्वस्थ और टिकाऊ बनाने का दृढ़ संकल्प है। पारंपरिक खेती अब अपने अंतिम चरण में है। बढ़ती जनसंख्या, जो 2030 तक 1.5 अरब तक पहुँच सकती है, ने कृषि योग्य भूमि पर भारी दबाव डाला है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार, प्रति व्यक्ति कृषि भूमि 1970 के 0.34 हेक्टेयर से घटकर 2020 में केवल 0.12 हेक्टेयर रह गई है। जल की कमी, मिट्टी की उर्वरता में ह्रास और लंबी आपूर्ति श्रृंखलाओं से होने वाला खाद्य नुकसान इस समस्या को और जटिल बनाता है। लेकिन ऊर्ध्वाधर खेती और स्मार्ट कृषि ने इस चुनौती को अवसर में बदल दिया है। ये तकनीकें खाद्य उत्पादन को शहरों के निकट लाती हैं और न्यूनतम संसाधनों के साथ अधिकतम उपज सुनिश्चित करती हैं। ऊर्ध्वाधर खेती, अर्थात् वर्टिकल फार्मिंग, शहरों की सीमित जगह को हरित खेतों में परिवर्तित कर रही है। पुरानी इमारतों की छतें, खाली गोदाम और गगनचुंबी इमारतों की दीवारें अब फसलों का आश्रय बन रही हैं। हाइड्रोपोनिक्स, एरोपोनिक्स और एक्वापोनिक्स जैसी तकनीकों ने खेती को मिट्टी और विशाल खेतों की आवश्यकता से मुक्त कर दिया है। एक छोटी छत पर सैकड़ों किलो साग-सब्जियाँ उगाई जा सकती हैं, जो पारंपरिक खेती की तुलना में 10 गुना अधिक उपज देती हैं। सबसे महत्वपूर्ण, ये तकनीकें 70-90% पानी बचाती हैं, जो भारत जैसे जल-संकटग्रस्त देश के लिए क्रांतिकारी है। नियंत्रित वातावरण में कीटों और रोगों का खतरा लगभग नगण्य है, जिससे जैविक और स्वास्थ्यवर्धक भोजन शहरवासियों की थाली तक पहुँचता है। स्मार्ट कृषि इस क्रांति का दूसरा सशक्त आधार है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), ड्रोन और सेंसर के उपयोग ने खेती को डेटा-आधारित बना दिया है। मिट्टी की नमी, पोषक तत्वों की स्थिति और फसल की वृद्धि की जानकारी अब तत्काल उपलब्ध है। उदाहरण के लिए, बैंगलोर की स्टार्टअप क्रॉपटेक ने स्मार्ट सेंसर और एआई के माध्यम से शहरी किसानों को उनकी फसलों की देखभाल के लिए सटीक मार्गदर्शन प्रदान किया है, जिससे उपज में 20-30% की वृद्धि हुई है। ड्रोन कीट प्रबंधन और फसल निगरानी में सहायता करते हैं, जबकि स्वचालित सिंचाई प्रणालियाँ पानी और ऊर्जा की बचत करती हैं। यह तकनीक न केवल उत्पादन को बढ़ाती है, बल्कि खेती को पर्यावरण के लिए अधिक टिकाऊ बनाती है। इस क्रांति का सामाजिक और आर्थिक प्रभाव अत्यंत गहरा है। शहरी खेती ने युवाओं के लिए रोजगार के नवीन अवसर खोले हैं। तकनीकी विशेषज्ञ, डेटा विश्लेषक और शहरी किसान जैसे नए व्यवसाय उभर रहे हैं। मुंबई की अर्बन-खेती जैसी पहल ने सिद्ध किया कि छतों पर हाइड्रोपोनिक्स से न केवल ताजा सलाद और सब्जियाँ उगाई जा सकती हैं, बल्कि स्थानीय रेस्तरां और घरों तक उनकी



आपूर्ति से खाद्य अपव्यय भी कम होता है। भारत में प्रतिवर्ष लगभग 40% खाद्य पदार्थ बर्बाद होता है, मुख्य रूप से लंबी आपूर्ति श्रृंखलाओं के कारण। शहरी खेती इस समस्या को मूल से समाप्त करने की क्षमता रखती है। साथ ही, छतों पर बगीचे और सामुदायिक खेती ने शहरी निवासियों को प्रकृति से जोड़ा है, जिससे पर्यावरण के प्रति जागरूकता में वृद्धि हो रही है। पर्यावरण की दृष्टि से, यह क्रांति शहरों को साँस लेने योग्य बना रही है। हरित छतें और ऊर्ध्वाधर ग्रीनहाउस कार्बन डाइऑक्साइड को सोखते हैं और शहरी तापमान को 3-5 डिग्री सेल्सियस तक कम करते हैं। स्थानीय उत्पादन से परिवहन की आवश्यकता घटती है, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, ये हरित संरचनाएँ पक्षियों और कीटों के लिए आवास प्रदान करती हैं, जिससे शहरी जैव विविधता को प्रोत्साहन मिलता है। दिल्ली मेट्रो ने अपनी कुछ इमारतों पर छतों पर बगीचे शुरू किए हैं, जो न केवल खाद्य उत्पादन में योगदान दे रहे हैं, बल्कि शहर की हवा को भी स्वच्छ बना रहे हैं। हालाँकि, इस मार्ग में चुनौतियाँ भी हैं। ऊर्ध्वाधर खेती और स्मार्ट कृषि में प्रारंभिक निवेश अधिक है। हाइड्रोपोनिक्स सिस्टम, सेंसर और बिजली की खपत लागत को बढ़ाते हैं। साथ ही, तकनीकी ज्ञान की कमी भी एक रुकावट है।

फिर भी, ये चुनौतियाँ असाध्य नहीं हैं। सरकार द्वारा सब्सिडी, कम ब्याज दरों पर ऋण और प्रशिक्षण कार्यक्रम इस क्रांति को गति प्रदान कर सकते हैं। निजी क्षेत्र की भागीदारी, जैसे बैंगलोर की ग्रोइंग ग्रीन्स जैसी स्टार्टअप, शहरी खेती को किफायती और विस्तार योग्य बना रही हैं। सामुदायिक खेती मॉडल भी लागत साझा करने का एक प्रभावी तरीका है। भारत के शहर इस दिशा में पहले ही कदम उठा चुके हैं। मुंबई में लेट्सेट्रा एग्रीटेक ने छोटे पैमाने पर हाइड्रोपोनिक्स के माध्यम से साग-सब्जियाँ उगाकर स्थानीय बाजारों को आपूर्ति शुरू की है। बैंगलोर में रूफटॉप फार्म्स ने स्मार्ट तकनीकों के साथ शहरी खेती को नया आयाम दिया है। ये उदाहरण प्रमाणित करते हैं कि सीमित संसाधनों में भी उच्च गुणवत्ता और उत्पादन संभव है। यह हरित क्रांति 2.0 केवल खेती की तकनीक नहीं, बल्कि एक सामाजिक और पर्यावरणीय आंदोलन है। यह हमें सिखाती है कि विकास और प्रकृति में संतुलन संभव है। यह शहरों को न केवल खाद्य सुरक्षा प्रदान करती है, बल्कि उन्हें हरित, स्वस्थ और टिकाऊ बनाती है। यदि हम आज इस दिशा में कदम उठाएँ, तो कल का भारत न केवल भोजन की मेजों पर हरा-भरा होगा, बल्कि उसका पर्यावरण भी स्वच्छ और जीवंत होगा इस क्रांति को गले लगाएँ। जहाँ इमारतें आकाश को छूती हैं, वहाँ फसलें भी ऊँचाइयों को छू सकती हैं। जहाँ तकनीक और सपने एकजुट होते हैं, वहाँ शहरी भारत में हरित क्रांति का सूरज उदय होता है। यह समय है परिवर्तन का, ताकि हमारा भविष्य हरियाली, ताजगी और समृद्धि से परिपूर्ण हो।

**प्रो. आरके जैन**

# वीजा पर सख्तीए व्यापार में नरमी-ब्रिटेन की दोहरी नीति

**ख्व्यापार में विस्तारए पर प्रतिभा पर प्रतिबंध कृ विरोधाभास क्यों**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर के भारत दौरे से पहले दिया गया बयान भारतीयों के बीच गहन चर्चा का विषय बन गया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत के लिए वीजा नियमों में कोई ढील नहीं दी जाएगी। यह बयान ऐसे समय में आया हैए जब हाल ही में हुए भारत.ब्रिटेन व्यापार समझौते ने दोनों देशों के रिश्तों को नई दिशा दी है। यह समझौता व्यापारए निवेश और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने का वादा करता हैए लेकिन वीजा नियमों की सख्ती ने भारतीय पेशेवरोंए छात्रों और कर्मचारियों के लिए कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्टार्मर का कथनए श्मुद्दा वीजा का नहींए बल्कि व्यापारए निवेश और रोजगार का हैएश् भारत के लिए एक दोधारी संदेश देता है। एक ओरए ब्रिटेन भारत के साथ आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने को उत्सुक है। उनके दौरे में उद्योगपतियों और विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर्स के बड़े प्रतिनिधिमंडल का शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि ब्रिटेन भारत को एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। दूसरी ओरए वीजा नियमों में छूट न देने का उनका रुख भारतीयों के लिए निराशाजनक हैए खासकर तबए जब अमेरिका ने हाल ही में एच.1बी वीजा नियमों को और सख्त किया है। भारतीय पेशेवरों और टेक उद्यमियों को उम्मीद थी कि ब्रिटेन इस अवसर का लाभ उठाकर कुशल प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए वीजा नियमों में राहत देगाए लेकिन स्टार्मर का बयान इन आशाओं पर कुठाराघात करता है। जुलाई 2025 में हुआ भारत.ब्रिटेन व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए मील का पत्थर है। इसके तहत ब्रिटिश कारों और व्हिस्की पर भारत में कम शुल्क लगेगाए जबकि भारतीय वस्त्र और आभूषण ब्रिटेन में सस्ते में निर्यात हो सकेंगे। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार में अरबों पाउंड की वृद्धि की उम्मीद है। यह समझौता भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा और आर्थिक लाभ पहुंचाएगा। साथ हीए इसमें भारतीय कर्मचारियों के लिए शॉर्ट.टर्म वीजा पर सामाजिक सुरक्षा भुगतान में तीन साल की छूट जैसे प्रावधान शामिल हैं। हालांकिए यह छूट सीमित है और लंबे समय तक ब्रिटेन में काम करने या बसने की इच्छा रखने वाले भारतीयों के लिए अपर्याप्त है। ब्रिटेन की लेबर पार्टी सरकार की कठोर इमिग्रेशन नीति भारत सहित सभी देशों को प्रभावित कर रही है। इमिग्रेशन वहां एक ज्वलंत मुद्दा हैए और स्थानीय जनता के दबाव में सरकार वीजा नियमों को और सख्त कर सकती है। यह नीति घरेलू राजनीति से प्रेरित हैए जहां स्थानीय नागरिकों की प्राथमिकताएं हावी हैं। भारतीय पेशेवरों और छात्रों के लिए यह निराशाजनक हैए जो ब्रिटेन को प्रतिभा और शिक्षा के लिए आकर्षक गंतव्य मानते हैं। अमेरिका के सख्त वीजा नियमों के बाद ब्रिटेन का यह रुख भारतीय प्रतिभाओं के अवसरों को और सीमित करता है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञों का दृष्टिकोण इस मुद्दे पर कुछ भिन्न है। उनका कहना है कि वीजा नियम इस व्यापार समझौते का हिस्सा नहीं हैं। भविष्य में होने वाली चर्चाओं में वीजा नियमों में छूट की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। हालांकिए वर्तमान में ब्रिटेन का ध्यान अपनी आंतरिक सुरक्षा और स्थानीय हितों की रक्षा पर केंद्रित है। यह सही है कि ब्रिटेन की प्राथमिक जिम्मेदारी अपने नागरिकों के प्रति है। इमिग्रेशन नीतियों को सख्त करने की मांग ब्रिटेन में लंबे समय से रही हैए और यह नीति किसी एक देश के लिए नहींए बल्कि सभी देशों के लिए समान रूप से लागू है। भारत के नजरिए से यह स्थिति कुछ चुनौतियां लाती है। विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप मेंए भारत का युवाए कुशल और तकनीकी रूप से सक्षम कार्यबल वैश्विक स्तर पर मांग में है। ब्रिटेन जैसे देशों में भारतीय पेशेवरों और छात्रों की उपस्थिति न केवल वहां की अर्थव्यवस्था को बल देती हैए बल्कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को भी मजबूत करती है। हालांकिए सख्त वीजा नियम भारतीय प्रतिभाओं के अवसरों को सीमित कर सकते हैं। विशेष रूप से टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप क्षेत्र मेंए जहां भारत का योगदान उल्लेखनीय हैए ब्रिटेन की कठोर नीतियां लंबे समय में दोनों पक्षों के लिए नुकसानदेह हो सकती हैं। फिर भीए भारत के लिए अपनी वैश्विक स्थिति को और सशक्त करना आवश्यक है। ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौता एक सकारात्मक कदम हैए जो भारतीय उद्योगों को नए बाजारों तक पहुंच



प्रदान करेगा। साथ हीए भारत को अपनी नीतियों में लचीलापन अपनाने की जरूरत है। मसलनए कुशल पेशेवरों और छात्रों के लिए अन्य देशों में अवसर तलाशने और उनके हितों की रक्षा के लिए अधिक सक्रियता दिखानी होगी। इसके अलावाए शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में निवेश बढ़ाकर ऐसी प्रतिभाएं तैयार करनी होंगी जो वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी होंए भले ही वीजा नियम कितने सख्त हों। ब्रिटेन के नेतृत्व का बयान भारत के लिए एक चुनौती हो सकता हैए लेकिन यह दोनों देशों के संबंधों को पूरी तरह परिभाषित नहीं करता। व्यापार समझौता और आर्थिक सहयोग नए अवसरों के द्वार खोलता है। भले ही वीजा नियमों में छूट की संभावना कम होए भारत को अपनी ताकत के दम पर वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बनानी होगी। सख्त नीतियों के बावजूदए भारत की युवा ऊर्जा और आर्थिक संभावनाएं इसे वैश्विक स्तर पर एक मजबूत खिलाड़ी बनाए रखेंगी। यह समय है कि भारत अपनी रणनीतियों को और प्रभावी बनाए और वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति को और मजबूत करे।

**प्रो. आरके जैन**

# अंधविश्वास की बेड़ियाँ-अशिक्षा जनित सामाजिक जड़ता और विकास मे बाधा

आश्चर्य की बात है कि आज के इस वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय और डिजिटल युग में भी शिक्षित जनमानस अंधविश्वास और रूढ़िवादिता की जंजीरों से मुक्त नहीं हो पाया है। विज्ञान की ऊँचाइयों को छूने वाला मनुष्य जब वास्तु-दोष, ग्रह-शांति, राहु-केतु और कालसर्प योग जैसी अवधारणाओं के मोहपाश में जकड़ा दिखाई देता है, तो यह न केवल समाज की मानसिक परतों का दर्पण बन जाता है, बल्कि शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर देता है। आज मकानों में तथाकथित वास्तु-दोष को दूर करने के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, जबकि यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण से निरर्थक है। यह उस अंधविश्वास का जीवंत उदाहरण है जो हमारी तार्किक चेतना पर हावी हो चुका है। आँकड़े बताते हैं कि ऐसे मिथ्या विश्वासों के जाल में फँसे लगभग 90% शिक्षित युवा वर्ग अपनी विवेकशक्ति को पीछे छोड़ चुका है। अशिक्षा और अज्ञानता ने न केवल अंधविश्वास को जन्म दिया है, बल्कि धार्मिक कट्टरता और सामाजिक संकीर्णता को भी गहराई तक फैला दिया है। जब अत्यंत शिक्षित लोग भी तर्क से अधिक परंपराओं और भ्रमों को महत्व देने लगते हैं, तो यह समाज और राष्ट्र दोनों के लिए अत्यंत चिंताजनक संकेत है। वास्तव में, शिक्षा वह दीप है जो अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर विवेक की ज्योति प्रज्वलित करता है। यही शिक्षा मनुष्य को वैज्ञानिक आधार पर सोचने, प्रमाणों के सहारे सत्य को स्वीकार करने की शक्ति देती है। कभी मानव जाति यह मानती थी कि पृथ्वी चपटी है, किंतु विज्ञान ने अपने प्रयोगों से यह सिद्ध कर दिया कि पृथ्वी गोलाकार है – और मानव ने इसे तर्क और प्रमाण के बल पर स्वीकार भी किया। यही शिक्षा का प्रभाव है। शहीद भगत सिंह ने जब "नौजवान भारत सभा" की स्थापना की थी, तब अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट लिखा था – "धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के सबसे बड़े शत्रु हैं; उनसे मुक्त हुए बिना हम स्वतंत्र और आधुनिक नहीं बन सकते।" यह कथन आज भी उतना ही प्रासंगिक है। देश की युवा शक्ति यदि अपनी ऊर्जा अंधविश्वास के उन्मूलन में लगाए, तो सामाजिक क्रांति का नया अध्याय लिखा जा सकता है। शिक्षा और विज्ञान ही वे दो पंख हैं जिनसे मानव सभ्यता ने चाँद तक की उड़ान भरी और पूरी दुनिया को सूचना-प्रौद्योगिकी के माध्यम से एक परिवार की तरह जोड़ दिया। ऐसे में "बिल्ली रास्ता काट जाए तो काम रुक जाता है", "छींकना अपशकुन है", या "कौवा बोले तो मेहमान आएंगे" –



जैसी मान्यताएँ हमारे सामाजिक विवेक का उपहास मात्र हैं। अंधविश्वास के सबसे घिनौने रूपों में से एक है तंत्र-मंत्र के नाम पर पशु या बाल-बलि देना। यह कृत्य न केवल अमानवीय है, बल्कि समाज में भय और अज्ञान को स्थायी रूप से स्थापित करता है। दुर्भाग्य यह है कि ऐसे ÷धोखेबाज तांत्रिक÷ इन भयभीत और अंधविश्वासी लोगों को भूत-प्रेत, ग्रहदोष या कालसर्प के नाम पर ठगते हैं – और यह व्यवसाय अब गाँवों से निकलकर शहरों के बड़े मीडिया मंचों तक पहुँच गया है। यह विडंबना है कि टीवी चैनलों और अखबारों में ऐसे अंधविश्वासी विज्ञापन खुलेआम प्रकाशित होते हैं, जो तर्कशीलता के बजाय अंधश्रद्धा को बढ़ावा देते हैं। सच तो यह है कि अंधविश्वास किसी विशेष वर्ग या क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा; यह विकसित देशों तक भी किसी न किसी रूप में विद्यमान है, परंतु भारत में इसकी जड़ें अशिक्षा के कारण अधिक गहरी हैं। इसलिए, हमें प्राथमिक स्तर से ही ऐसी शिक्षा प्रणाली का निर्माण करना होगा जो बच्चों में तर्कसंगतता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और प्रश्न करने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करे। मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से भी अंधविश्वास-विरोधी जनचेतना अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। केवल वही राष्ट्र सशक्त और प्रगतिशील बन सकता है, जहाँ विज्ञान, तर्क और शिक्षा को अंधश्रद्धा पर वरीयता दी जाती है। हमें यह निश्चय करना होगा कि हमारे समाज में अंधविश्वास, कट्टरता और मिथ्या आडंबरों के लिए कोई स्थान न रहे – तभी हम एक विज्ञान-समर्थ, विवेकशील और आधुनिक भारत की कल्पना को साकार कर पाएँगे।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति अनभिज्ञता से आई हमारी राष्ट्रीय भावना में कमी

**स्वर्ग से बढ़कर है मातृभूमि**

दार्शनिकों का मानना है कि संस्कृति किसी राष्ट्रीय जन-जीवन की अमूल्य निधि है और इसके पराभव से राष्ट्रीय अस्मिता पर संकट गहराता रह सकता है। विश्व मानचित्र पर अनेक छोटे-बड़े राष्ट्र विद्यमान हैं और सभी की अपनी सांस्कृतिक विशिष्टता भी है। संबंधित देशों के संवैधानिक मूल्यों में सांस्कृतिक छाप भी देखी जा सकती है। अस्तु, भारतवर्ष एक अति प्राचीन आध्यात्मिक व धर्मप्रधान राष्ट्र है, जिसके मूलाधार में निहित है 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की सौम्यता पूर्ण कामना।

किसी राष्ट्र की राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, ज्ञान, विज्ञान, प्रशासनिक, सैन्य, धार्मिक क्रियाकलाप और मानवीय संस्कारों की विशिष्ट जानकारी ऐतिहासिक साहित्यों के गहन अध्ययन से ही मिलती रही है। उपन्यास सम्राट प्रेमचंद जी के कथनानुसार "ज्ञानराशि चिर संचित कोष का ही नाम साहित्य है।" उल्लेखनीय है कि सृष्टिकर्ता ब्रह्मदेव ने मानव सृष्टि के पूर्व मानव की सर्वांगीण प्रगति हेतु ज्ञान-विज्ञान प्रदान के लिए अपने शरीर के विभिन्न भागों से वशिष्ठ, कश्यप सहित कुल सात ऋषियों को प्रकट कर शिक्षण-प्रशिक्षण का धर्म सौंपा, जिन्हें सप्तऋषि कहा गया। उल्लेख मिलता है कि मानव की सृष्टि के पूर्व भगवान विष्णु ने ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद प्रकट कर उनकी सुरक्षा का दायित्व ब्रह्मदेव को सौंपा। परंतु ब्रह्मदेव की अनुपस्थिति में हयग्रीव दैत्य ने चारों वेदों का अपहरण कर लिया। तब श्रीहरि ने मत्स्य अवतार लेकर हयग्रीव का संहार किया और वेदों को पुनः सुरक्षित किया। जलप्लावन के उपरांत भगवान विष्णु ने मनु और शतरूपा को दर्शन देकर वेदों को सौंपते हुए कहा कि ये वेद विश्व मानव के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करेंगे और जगत का कल्याण करेंगे। मनु को आदेश दिया गया कि वेदों को महान ऋषियों को सौंप दो और उनकी रक्षा का दायित्व स्वयं निभाओ। इस प्रकार मानव सृष्टि आरंभ हुई। मानव इतिहास में मनु-शतरूपा के पुत्र उतानपाद की दो रानियां थीं–सुनीति और सुरुचि। सुनीति के पुत्र ध्रुव महान विष्णु भक्त हुए, जो आज ध्रुव तारे के रूप में आकाश में स्थित हैं। ब्रह्मांड की रचयिता मां भवानी ने मानव को मृत्युलोक, अर्थात धरती, प्रदान की। धरती पर चार युग–सत, त्रेता, द्वापर और कलियुग–बताए गए हैं। इस लेख में लोक-परलोक की चर्चा न कर केवल धरती लोक की चर्चा करना समीचीन होगा ताकि आर्यावर्त/भारतीय संस्कृति, सांस्कृतिक मूल्यों और धर्म की महत्ता से हम अवगत हों और अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए राष्ट्र की समृद्धि में




सहायक बन सकें। जब हम सभी दृष्टियों से सबल होंगे, तभी भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के घोषवाक्य की सार्थकता सिद्ध कर सकेगा। हम भारतीय आज भी कई क्षेत्रों में सबल हैं, परंतु हम पराधीन रहे क्योंकि हम अपनी संस्कृति और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति अनभिज्ञ रहे। दूसरा बड़ा कारण यह भी रहा कि छठी-सातवीं सदी में भारत की केंद्रीय सत्ता पर कोई शक्तिशाली सम्राट नहीं था। स्मरण रहे कि छठी-सातवीं सदी के पूर्व किसी विदेशी आक्रांता ने भारत पर आक्रमण करने का साहस नहीं किया। शक और हूण जैसे आक्रांता भारत पर चढ़ाई तो कर सके, पर पराजित होकर यहीं की मिट्टी में रच-बस गए। सिकंदर को भी महान सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य ने पराजित कर पलायन को विवश किया। द्वापर युग में अत्याचारी कंस का वध बालकृष्ण ने किया। मगध नरेश जरासंध ने प्रतिशोध लेने के लिए कई बार द्वारका पर आक्रमण किया, पर हर बार पराजित हुआ। अंततः कालयवन नामक शक्तिशाली राजा ने भी द्वारका पर चढ़ाई की, परंतु भगवान कृष्ण ने मुचकुंद की वरदानयुक्त नींद के माध्यम से कालयवन का अंत कर दिया। समय के साथ अर्जुन के पुत्र राजा परीक्षित के काल में कलियुग ने प्रवेश की अनुमति मांगी। परीक्षित ने पहले इनकार किया, पर अंततः कलियुग उनके मुकुट में स्थान पाकर धरती पर फैल गया। ऐतिहासिक तथ्यों से स्पष्ट होता है कि कलियुग में भी विक्रमादित्य, भोज, चंद्रगुप्त मौर्य, सम्राट अशोक और बिम्बिसार जैसे शासकों के शासनकाल में कोई विदेशी आक्रांता भारत पर आक्रमण करने का साहस नहीं कर सका। आर्यावर्त अपने गौरवशाली अतीत में विश्वगुरु के रूप में स्थापित रहा। सतयुग, त्रेता और द्वापर युग में राजा शिबि, रघु, दिलीप, भगीरथ, दशरथ, श्रीराम, जनक, जानकी, भरत, शांतनु, भीष्म, अर्जुन, परीक्षित और जन्मेजय जैसे महाशक्तिशाली व धर्मप्रिय सम्राटों ने भारत को उन्नति की शिखर पर पहुंचाया। ऋषि-मुनियों ने अपने तपबल से अस्त्र-शस्त्र, चिकित्सा, योग, मंत्र-तंत्र, शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान सहित अनेक क्षेत्रों में योगदान दिया। कलियुग में भी विक्रमादित्य, चंद्रगुप्त मौर्य और बिम्बिसार जैसे शासकों ने भारत को महाशक्ति बनाया। भारतीय/सनातन संस्कृति की आधारशिला आध्यात्मिक रही है। यह किसी व्यक्ति आधारित संस्कृति नहीं रही कि जिसे बदला जा सके। सनातन सर्वव्यापी है, तभी वेदों ने इसे 'सत्यम् शिवम् सुंदरम्' कहकर महिमामंडित किया है। यद्यपि एक हजार वर्षों की पराधीनता ने सांस्कृतिक मूल्यों को क्षति पहुंचाई, परंतु उन्हें समाप्त नहीं किया जा सका। विदेशी आक्रांताओं को भारत के संतों, महात्माओं और राष्ट्रभक्तों का व्यापक विरोध झेलना पड़ा। पराधीनता काल में नालंदा विश्वविद्यालय जैसे ज्ञान केंद्रों को बख्तियार खिलजी ने जला डाला ताकि भारतीय ज्ञान-विज्ञान समाप्त हो जाए। मुगल शासकों, विशेषकर औरंगजेब ने धार्मिक स्थलों को ध्वस्त कर धर्मांतरण कराया। वामपंथी इतिहासकारों ने इन अमानवीय कृत्यों का उल्लेख न कर भारतीयों के साथ अन्याय किया। अंग्रेजों ने भी अपने शासनकाल में आर्य, अनार्य, ब्राह्मण और धर्म की अवधारणाओं को विकृत कर हमारी राष्ट्रीय चेतना को कमजोर किया। फिर भी, सनातन संस्कृति की ओजस्वी आध्यात्मिक आभा से भारतीयों में ऐसा पुरुषार्थ जागा कि अंग्रेजों का विशाल साम्राज्य अंततः ध्वस्त हो गया। राष्ट्रभक्तों और संतों ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता की बेड़ियां काट दीं। परंतु यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि स्वतंत्र भारत के शासकों ने भी अंग्रेजों की संस्कृति-विरोधी नीतियों का अनुकरण करते हुए सांस्कृतिक मूल्यों को हानि पहुंचाई, जिससे राष्ट्रीय भावना में कमी आई और क्षेत्रीय व जातीय भाव प्रबल हुए। अब जबकि भारत में पुनः सांस्कृतिक चेतना जागृत हो रही है और इसकी आध्यात्मिक ऊर्जा से विदेशी भी प्रभावित हो रहे हैं, ऐसे समय हमें अपनी संस्कृति और मातृभूमि के प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए, चाहे हमारी उपासना पद्धतियां अलग हों। हम सभी भारत माता के सुपुत्र हैं, तभी 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा को सार्थक बना सकेंगे।

**मदन माधुर्य**

# करुणा, मानवता और सह जीवन की आधार शिला है

करुणा मानवीय हृदय का सुकोमल भाव है। यह मानवता का सर्जक और सह जीवन का मुख्य कारक भाव है। करुणा का भाव व्यक्ति को पीड़ित प्राणी के अन्त करण से जोड़ देता है। करुणा मानव हृदय की अनमोल संपदा है। सर्वोच्च विचार धारा और आत्मा का अमृत है। यह जब मानव हृदय से समाप्त होजाता है तो मानव मन मात्र पत्थर के रुप में परिणत हो जाता है।किसी पीड़ित प्राणी को देखकर अपने हृदय में एक हलचल खड़ी होना, एक स्पन्दन खड़ा होना, मन को कम्पन आना यह करुणा का जागरण है। करुणा प्रेरित व्यक्ति पीड़ित व्यक्ति को कष्ट मुक्त कर के अत्मिक आनन्द का अनुभव करता है। अमरीका के राष्ट्र पति अब्राहम लिकन के जीवन की घटना इस तथ्य को अधिक स्पष्टकर देगी। एकवार वे मित्रों के साथ कहीं जा रहे थे उन्हों ने गटर के नाले में एक सूअर के बच्चे को करुण रुदन करते सुना। वे तत्काल उस गटर में उतर गये और सूअर के बच्चे को बाहर लेआये। कपड़े सब खराब होगये थे। मित्रों ने कहा आपने यह क्या कर दिया, सारे कपड़े गन्दे कर दिये। लिंकन ने कहा ये तो अभी धुल जायेंगे यदि मैं इस सूअर के बच्चे को तड़पता छोड़ कर चला जाता तो रात भर मैं चैन से सो भी नहीं सकता इसे,बचाकर मैने अपना चैन ही बचाया है। अब मै आराम से नींद ले सकूंगा। उक्त उदाहरण से स्पष्ट होता है कि करुणा प्रेरित व्यक्ति जो सेवा करता है वह किसी पर उपकार करने के लिये नहीं, किन्तु अपने आत्मिक आनन्द के लिये वह ऐसा करता है। पांडु पत्नि राज माता कुन्ती देवी ने तो एक ब्राह्मण के बच्चे को बचाने को अपने पुत्र को मृत्यु के साक्षात अवतार बक राक्षस से भिड़ने को भेज दिया, मेघरथ और शिवि जैसे आदर्श हमारे इतिहास के अनमोल आदर्श है। अपने तन का बलिदान देकर भी एक कबूतर को बचा लेना उनका



परम धर्म बन गया था । करुणा सह जीवन की प्रबल आधार शिला है। परिवार और समाज तभी आदर्श और श्रेष्ठ सिद्ध होता है जब उन में प्रत्येक व्यक्ति परस्पर करुणा भाव से अनुप्राणित होते हैं। सेवा का उच्चतम आदर्श करुणा से ही चरितार्थ होता है। आज जन जीवन की मानसिकता में करुणा का स्रोत सूखता चला जा रहा है। फलत मानव राक्षस जैसी प्रवृतियां करने लगा है। हत्याएं लूट पाट अत्याचार देश में बढ़ रहे है। सभी चिन्तित है किन्तु उसका उपाय करुणा भाव है। देश में इस भाव से जागरण का प्रयत्न करना चाहिए।हम अपनी आस्थाएं खोकर, सबकुछ खो देंगे।

हम पारंपरिक रूप से अनेक श्रद्धा और आस्थाओं से जुड़े हुए हैं। हमारी संस्कृति और हमारे धर्म वह आयामी है। सभी धर्मों की श्रेष्ठ प्रवृतियों और सिद्धान्तों के प्रति हम आस्थावान रहते आये हैं। एक दूसरे के प्रति सम्मान भाव से संयुक्त रहना हमारी मानसिक प्रति बद्धता है। उदारता हमारे विचारों का प्रमुख तत्व है। स्यादवाद अर्थात् अनेकान्त वाद हमारी समस्त प्रवृतियों का आस्थाओं का अन्तर्निहित तत्व है, हम इसे कभी खो नहीं सकते। इस को खो देने का अर्थ होगा अपना अस्तित्व ही समाप्त कर देना। कुछ संस्कृतियां जो भारत की मिट्टी में नहीं उपजी है, नितान्त असहिष्णु और भोग वादी है। वे मानव को पाशविक स्तर तक भोगवादी बनाने को प्रस्तुत है। किन्हीं विशिष्ट तत्वों के प्रति आस्था का वहां कोई निश्चित आधार नहीं है। वे संस्कृतियां भारत की महान तप संस्कृति को क्षति पहुंचाने का कार्यकर रही है। ऐसी स्थिति में देश के प्रबुद्ध वर्ग को गहनता के साथ यह सोचना होगा कि हम इस महान संस्कृति के क्षरण को कैसे रोक पाए ? आस्था और विश्वास का संबल वह शक्ति है जो राष्ट्र और संस्कृति की मौलिकता को बचा सकती है, हमें दृढ़ता के साथ इस दिशा में प्रयत्न करना चाहिये । हमारे धर्म हमारी संस्कृति के प्राण है, धार्मिक अनुष्ठान साधनाएं हमारे श्रेष्ठ संस्कार है, प्रेरणा है। इन्हे अक्षुण्ण रख कर ही हम अपनी संस्कृति को बचा सकते है। भारत के सभी धर्म संप्रदायों को पारस्परिक सम्मान और सहयोग के साथ जुड़ कर रहना चाहिये ।

कोई धर्म संप्रदाय का शत्रु नहीं है। सभी धर्म संप्रदायों का शत्रु अधर्म है। सभी को मिलकर अधर्म के विरुद्ध लड़ना चाहिये । तनिक सोचिये कि धार्मिक आस्था ही नहीं रहेगी तो कोई धर्म संप्रदाय कैसे बचेगा ? सभी धर्म संप्रदायें आस्था के आंगन में ही फलते फूलते हैं। अतः जनता की आस्था अनास्था में न बदले इसके लिये सभी को प्रयास करना चाहिये । नास्तिकता ही धर्म विरोधी शक्ति है उसे ही निरस्त करने का प्रयास होना चाहिये। धर्म संप्रदायें परस्पर एक दूसरे को निरस्त करने का प्रयास क्यों करे ? पारस्परिक संघर्षों से नास्तिकता के लिये भूमिका तैयार होती है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बाल विकास परियोजना में कार्यरत प्रधान सहायक का स्थानांतरण की मांग

**रतनपुर/महराजगंज।** बाल विकास परियोजना कार्यालय में प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत निमेश कुमार मिश्रा का स्थानांतरण महराजगंज से दूर किसी परियोजना कार्यालय में करवाने की मांग की है। मामले में प्रधान सहायक निमेश कुमार मिश्रा की पत्नी रीतम मिश्रा ने जिलाधिकारी को लिखित ज्ञापन देकर किसी अन्य परिजनों कार्यालय में स्थानांतरण की मांग की है। रीतम मिश्रा ने बताई कि उनके पति का स्थानांतरण नौतनवां स्थित परिजनों कार्यालय में हुआ है लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण उन्हें महराजगंज कार्यालय का कार्यभार नहीं दिया जा रहा है। रीतम मिश्रा ने बताई कि आए दिन उनके पति परिवार से दूरी बना रहे हैं ऐसे में यदि उनका स्थानांतरण नौतनवां कार्यालय में कर दिया गया तो वह परिवार से काफी नजदीक रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी एक बेटी है जिससे वह काफी दूरी बना रहे हैं। कई बार मुलाकात करने महराजगंज गई लेकिन पति द्वारा मुलाकात करने से बना कर दिया गया। मामले में रीतम मिश्रा ने जिलाधिकारी को लिखित ज्ञापन देकर महराजगंज बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यरत निमेश कुमार मिश्रा का स्थानांतरण नौतनवां स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में करवाने की मांग की है।

### ग़ोला बाजार में मिशन शक्ति फेज के तहत तीरागांव में कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम सभा तीरागांव में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत गुरुवार को मिशन शक्ति टीम द्वारा चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बच्चियों को महिला संबंधी अपराध, अपराध से बचाव के तरीका, उनके विधिक प्रावधानों, विभिन्न हेल्प लाइन नंबर जैसे विमेन पावर लाइन 1090, एम्बुलेंस सेवा 108, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्प लाइन 102 , मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076 , चाइल्ड लाइन 1098 , पुलिस आपातकालीन सेवा 112 , साइबर हेल्प लाइन 1930, महिला हेल्प लाइन 181, अग्निशमन सेवा 101आदि के बारे मे विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी देकर जागरूक किया गया। साइबर अपराध जैसे साइबर स्टॉकिंग, हैकिंग, वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के तरीका तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं आदि के संबंध में जागरूक किया गया। तथा पंपलेट वितरित किया गया। सार्वजनिक स्थानों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्धों को चेक किया गया एवं चेतावनी दी गई।.. ....इस अवसर पर एस आई देवेंद्र सिंह यादव.. महिला उप निरीक्षक प्रियंका मौर्या, कांस्टेबल पियूष कुमार आदि सम्मिलित रहे।

### स्कूली बच्चों ने संचारी रोगों से बचाव को निकाली जागरूकता रैली



**बारिश में गंदगी के कारण शरीर में संचारी रोग तेजी से फैलते हैं इनसे बचाओ के लिए जागरूक रहना चाहिए सूर्य प्रकाश पांन्डे**

**खजनी-** गोरखपुर खजनी तहसील अन्तर्गत स्थित नगर पंचायत उनवल के पी यम श्री कम्पोजिट स्कूल उनवल के छात्र-छात्राओं ने संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूकता रैली निकाली। बच्चों ने नारों के जरिए ग्रामीणों को संदेश दिया।आज वृहस्पतिवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। ग्रामीणों को संचारी रोग चेचक, हैजा, छोटी माता, डेंगू ज्वर, सुजाक, हेपेटाइटिस ए, बी और सी आदि के प्रति सतर्क और जागरूक रहने का संदेश दिया। बच्चों के हाथों में स्वच्छता अपनाएं संचारी रोगों को दूर भगाएं, हम सबने ठाना है संचारी रोगों को भगाना है, जागरूक रहे हैं सुरक्षित रहें, हाथ धोएं बीमारी भगाएं, सभी रोगों की एक दवाई, घर में रखें साफ सफाई, स्वस्थ जीवन स्वस्थ भारत, जन जन का यही नारा है संचारी रोगों पर नियंत्रण पाना है आदि नारे लिखी तख्तियां थीं। सूर्यप्रकाश पान्डेय ने कहा कि बारिश में गंदगी के कारण शरीर में संचारी रोग तेजी से फैलते हैं। इनसे बचाव के लिए जागरूक रहना चाहिए। इस दौरान कृष्ण केशव मिश्रा नवीन कुमार त्रिपाठी बृजेश कुमार त्रिपाठी है सूरज सिंह विद्यालय के छात्राएं पुरा स्टाफ उपस्थित रहे।

## डूब क्षेत्र की जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक, डीएम दीपक मीणा ने दिए सख्त निर्देश - एडीएम वित्त से मांगी विस्तृत रिपोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनसुरक्षा और अवैध प्लाटिंग पर लगाम कसने के उद्देश्य से जिलाधिकारी दीपक मीणा ने गुरुवार को एक बड़ा कदम उठाया है। डीएम ने डूब क्षेत्र में हो रही जमीनों की खरीद-फरोख्त और रजिस्ट्री प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जब तक इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं होती, तब तक डूब क्षेत्र की किसी भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं की जाएगी। डीएम ने कहा कि डूब क्षेत्र की भूमि बाढ़ की चपेट में आने वाली और जनसुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। ऐसे में इन जमीनों की बिक्री और प्लाटिंग न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि भविष्य में खरीदारों के लिए जोखिमभरा सौदा भी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति ठगी या गलत जानकारी के कारण अपनी पूंजी जोखिम में न डाले। इस संबंध में जिलाधिकारी ने एडीएम (वित्त एवं राजस्व) विनीत कुमार सिंह को निर्देशित किया है कि वे डूब क्षेत्र की जमीनों का विस्तृत सर्वेक्षण और प्रस्ताव तैयार करें, जिससे आगे के लिए एक स्थायी नीति बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव आने के बाद ही रजिस्ट्री पर लगी रोक को लेकर अगला निर्णय लिया जाएगा। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा, मुख्य अभियंता जीडीए किशन सिंह, रजिस्टार द्वितीय प्रसेनजीत सिंह, और एसडीएम सदर दीपक गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि डूब क्षेत्र में अब तक जितनी भी रजिस्ट्री हुई हैं, उनका विस्तृत ब्योरा तत्काल प्रस्तुत किया जाए, ताकि जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जा सके। डीएम मीणा ने कहा कि शहर के कुछ हिस्सों में भूमाफिया डूब क्षेत्र की जमीनों को प्लाटिंग कर अवैध रूप से बेच रहे हैं। इससे न केवल खरीदारों को धोखा दिया जा रहा है, बल्कि भविष्य में संभावित आपदा के समय जनहानि और संपत्ति नुकसान का खतरा भी बढ़ सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जीडीए और राजस्व विभाग के अफसरों को डूब क्षेत्र की सीमाओं का नया सर्वे कर अद्यतन नक्शा तैयार करने का भी निर्देश दिया, ताकि भविष्य में इस तरह की गड़बड़ियों पर रोक लग सके। डीएम के इस आदेश के बाद डूब क्षेत्र में हो रही अनियमित प्लाटिंग और बिक्री पर फिलहाल पूर्ण विराम लग गया है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे रिपोर्ट आने तक किसी भी तरह की खरीद-फरोख्त से बचें और किसी भी संदिग्ध सौदे की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

## खजनी पुलिस को बड़ी सफलता, 15 पेंटी अवैध शराब बरामद - पति फरार, पत्नी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ख़जनी गोरखपुर।** खजनी पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 पेंटी बंटी-बबली देशी शराब बरामद की है। यह कार्रवाई आबकारी निरीक्षक सुधीर कुमार के नेतृत्व में की गई, जिसमें खजनी थाना पुलिस की सक्रिय भूमिका रही। जानकारी के अनुसार, आबकारी निरीक्षक सुधीर कुमार, उप निरीक्षक जयराम यादव, उप निरीक्षक ओमप्रकाश विंदू, कांस्टेबल राहुल गुप्ता, महिला कांस्टेबल नेहा सिंह और कांस्टेबल शरद कुमार वर्मा की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शहीदाबाद क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान ई-रिक्शा से 15 पेंटी बंटी-बबली देशी शराब बरामद हुई। मौके से ई-रिक्शा चला रही महिला की पहचान नर्मदा सिंह पत्नी गजेन्द्र सिंह निवासी शहीदाबाद, थाना खजनी के रूप में हुई। पुलिस ने नर्मदा सिंह को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया, जबकि ई-रिक्शा चालक और मुख्य अभियुक्त गजेन्द्र सिंह पुत्र स्व. रणजीत सिंह पुलिस टीम को देखकर फरार हो गया।

बरामद शराब और ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर खजनी थाना में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने फरार अभियुक्त की तलाश तेज कर दी है और उसके विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आबकारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी कीमत पर क्षेत्र में नशे के कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ऐसी संयुक्त कार्रवाई आगे भी लगातार होती रहेगी।

## ख़जनी क्षेत्र ग्राम सभा बसडिला में रामलीला के मंचन ने दर्शकों को किया ववभोर

**●अयोध्या के कलाकारों ने किया ताड़का वध का जीवंत चित्रण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी गोरखपुर।** तहसील के अंतर्गत ग्राम सभा बसडिला में चल रही आदर्श रामलीला में बीती रात भगवान श्रीराम के जन्म और ताड़का वध का मंचन किया गया। अयोध्या से आए अनुभवी कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से ऐसा वातावरण बनाया कि पूरा परिसर "जय श्रीराम" के उद्घोष से गूंज उठा। रामलीला की शुरुआत राजा दशरथ के दरबार के दृश्य से हुई, जहाँ दरबारी यह सूचना देता है कि महारानी कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। यह सुनकर राजमहल में उल्लास छा जाता है। राजा दशरथ प्रसन्न होकर सुमंत को आदेश देते हैं कि समस्त प्रजा में उपहार बांटे जाएं। मंच पर जब बालक राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म दर्शाया गया, तो दर्शक भावविभोर हो उठे। बच्चों और महिलाओं ने "राम जन्म हुआ है" के जयकारों से पूरा मैदान गूंजा दिया। इसके बाद मंच पर महर्षि विश्वामित्र का प्रवेश हुआ, जिन्होंने राजा दशरथ से ताड़का के अत्याचारों से मुक्ति के लिए भगवान राम और लक्ष्मण को साथ ले जाने की प्रार्थना की। दृश्य इतना प्रभावशाली था कि उपस्थित जनसमूह में सन्नाटा छा गया। राजा दशरथ का पुत्रमोह और गुरु वशिष्ठ का आदेश दोनों का सुंदर चित्रण कलाकारों ने किया। इसके पश्चात राम और लक्ष्मण के वन गमन और ताड़का वध का रोमांचक दृश्य प्रस्तुत किया गया। विशालकाय ताड़का का मंच पर प्रकट होना और भगवान राम द्वारा उसके वध का दृश्य इतना यथार्थ प्रतीत हुआ कि दर्शकों की तालियों से पूरा मैदान गूंज उठा। अयोध्या के कलाकारों ने संवाद अदायगी, संगीत और भावाभिव्यक्ति से दर्शकों को ऐसा अनुभव कराया मानो वे त्रेतायुग में पहुंच गए हों।

कार्यक्रम के समापन पर आदित्य शर्मा, रमेश शर्मा, नाथ शर्मा, योगेंद्र शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, दिनेश चंद्र शर्मा, जितेंद्र और सीताशरण शर्मा ने भगवान राम की झांकी की आरती उतारी। ग्रामीणों ने दीप प्रज्ज्वलित कर "जय श्रीराम"के नारे लगाए और मंचन की सराहना की। ग्राम सभा बसडिला में आयोजित यह रामलीला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनी बल्कि सामाजिक एकता और भारतीय संस्कृति के जीवंत दर्शन का माध्यम भी साबित हुई। ग्रामीणों ने कहा कि अयोध्या के कलाकारों ने जिस भक्ति भाव और जीवंतता से मंचन किया, वह अविस्मरणीय रहेगा। अगले दृश्यों के प्रति दर्शकों में अब और अधिक उत्सुकता है।

## बहुजन नायक कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग जन अधिकार पार्टी ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

राबर्ट्सगंज, सोनभद्र जन अधिकार पार्टी (JAP) ने बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न 'से सम्मानित किए जाने की मांग को लेकर आज, 09 अक्टूबर 2025 को कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन किया। पार्टी ने जुलूस के साथ कलेक्ट्रेट पहुँचकर, महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें किसानों और बिजली उपभोक्ताओं से जुड़ी प्रमुख जन समस्याओं के समाधान की भी मांग की गई। यह प्रदर्शन पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा और संस्थापक व सांसद बाबू सिंह कुशवाहा के निर्देशानुसार प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के क्रम में आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन के मुख्य अतिथि डॉ. भागीरथी सिंह मौर्य (प्रदेश प्रमुख महासचिव) ने मान्यवर कांशीराम साहब को भारत रत्न दिए जाने की मांग को बलपूर्वक उठाया। उन्होंने कहा कि कांशीराम साहब ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ी जाति और अल्पसंख्यकों जैसे शोषित, वंचित और उत्पीड़ित समाज की आवाज़ बनकर उनमें राजनैतिक चेतना जागृत की। डॉ. मौर्य ने कहा, जन अधिकार पार्टी उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के आह्वान पर चलने के संकल्प के साथ कोटिश नमन करती है। हमारी मांग है कि ऐसे महान विभूति को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देकर सम्मानित कर भारत सरकार सही मायने में श्रद्धांजलि अर्पित करने का काम करे। विशिष्ट अतिथि सुमंत सिंह मौर्य (मंडल प्रभारी वाराणसी) और पूर्व जिला पंचायत सदस्य रेनू कुशवाहा ने किसानों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि किसान अपनी मेहनत से देश के अनाज भंडार को भरते हैं। इसलिए हरित क्रांति के तहत किसानों की समस्त उपज (समर्थन मूल्य घोषित सभी उपज के साथ ही धान) को न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) योजनांतर्गत सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए। इसके लिए पर्याप्त क्रय केंद्र, बोरा, कांटा व पैसे की व्यवस्था तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

उर्वरक की उपलब्धता- मंडल सचिव श्रीपति विश्वकर्मा और मंडल उपाध्यक्ष विजयमल मौर्य ने कहा कि पिछले खरीफ सीजन में किसान डीएपी और यूरिया के लिए दर-दर भटकने और दोगुने मूल्य पर उर्वरक खरीदने को मजबूर हुए। उन्होंने समय से किसानों की मांग के अनुरूप पर्याप्त डीएपी और यूरिया उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की।

बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं पर कड़ा रुख जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य और जिला कोषाध्यक्ष मंगला प्रसाद मौर्य ने विद्युत विभाग की मनमानी पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विद्युत कनेक्शन लेना अपराध हो गया है और लोग अब पुलिस थाने से ज्यादा बिजली थाने से डरने लगे हैं।

प्रमुख मांगें थीं। विद्युत विभाग द्वारा बिना मीटर की रीडिंग लिए मनमाना विद्युत बिल न भेजा जाए। उपभोक्ता बिल सुधरवाने के लिए परेशान न हों, इसके लिए विद्युत बिल संशोधन की प्रक्रिया को आसान और सुलभ बनाया जाए। 300 यूनिट से कम विद्युत उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं का विद्युत बिल माफ किया जाए। धरना प्रदर्शन का संचालन जिला महासचिव रविरंजन शाक्य ने किया। ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भी जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित की गई है। इस दौरान सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने जन अधिकार पार्टी के नारों से कलेक्ट्रेट परिसर को गुंजायमान कर दिया।

## रन फॉर इम्पॉवरमेन्ट कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से देवरिया पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0÷ के अंतर्गत रन फॉर इम्पॉवरमेन्ट कार्यक्रम का आयोजन रविन्द्र किशोर शाही स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी नगर संजय रेड्डी, क्षेत्राधिकारी दीपशिखा वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी विनी सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना कर किया। पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर एडिशनल एसपी उत्तरी आवास वन स्टॉप सेंटर रोडवेज चौराहा भटवलिया तिराहा होते हुए यह दौड़ पुनः पुलिस लाइन में समाप्त हुई। आयोजन का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में आत्मरक्षा, आत्मविश्वास, शारीरिक और मानसिक सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन का संदेश फैलाना रहा।

कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी कुमुद सिंह, उप निरीक्षक निशा रावत, पूनम यादव, मंजू यादव, आकांक्षा यादव, कोमल पांडेय एवं आरटीसी महिला प्रशिक्षुओं सहित छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस दौरान पुलिस लाइन प्रेक्षा गृह में आयोजित जागरूकता सत्र में अधिकारियों ने छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों डायल 112, महिला हेल्पलाइन 181, वुमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सीएम हेल्पलाइन 1076, वन स्टॉप सेंटर 181, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस 108 के बारे में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने छात्राओं को बताया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, छेड़छाड़, साइबर अपराध या शोषण की स्थिति में चुप न रहें तुरंत पुलिस और हेल्पलाइन से संपर्क करें।कार्यक्रम में गुड टच और बैड टच की पहचान, सोशल मीडिया पर सतर्कता, फर्जी लिंक से बचाव और साइबर सुरक्षा के उपायों पर भी जानकारी दी गई।

## फाइलों में दबा मामला मुस्कान बन कर लौटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** कभी किसी ने सोचा भी नहीं था कि तीन दशक से अदालतों की फाइलों में दबा कोई मामला आखिरकार मुस्कान बनकर लौटेगा। लेकिन राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान ने यह कर दिखाया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा मेडिएशन एंड कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक चले 90-दिवसीय इस राष्ट्रीय अभियान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वो कर दिखाया जो उम्मीद से बढ़कर था। जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष के निर्देशन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज तिवारी के नेतृत्व में 974 वादों में से 111 वादों का निस्तारण हुआ जिसमें 30 वर्ष पुराना 1 वाद, 25 वर्ष पुराने 9, और 20 वर्ष पुराने 10 मामले भी थे जिन्हें सुलझाकर न केवल न्याय मिला, बल्कि दिलों में बरसों से जमी निराशा भी धुल गई। इन मामलों में वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, उपभोक्ता शिकायतें, ऋण वसूली, भूमि विवाद और चेक बाउंस जैसे संवेदनशील मुद्दे शामिल थे। सबसे प्रेरक बात यह रही कि स्वयं मनोज तिवारी ने व्यक्तिगत रूप से 38 वादों को मध्यस्थता के जरिए सुलझाया, जबकि अन्य मध्यस्थों ने 73 वादों का निस्तारण कराया। श्री तिवारी ने कहा कि मध्यस्थता केवल कानूनी प्रक्रिया नहीं, यह संवाद और समझ का पुल है। इसमें हम न सिर्फ विवाद सुलझाते हैं, बल्कि रिश्तों को भी जोड़ते हैं। उन्होंने बताया कि यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि अब समाज में न्याय पाने की प्रक्रिया संवाद और सहमति के रास्ते से भी संभव है और यही असली न्याय का मानवीय चेहरा है। अभियान की सफलता पर उन्होंने सभी मध्यस्थगणों, अधिवक्ताओं और वादकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान केवल आँकड़ा नहीं, बल्कि विश्वास की नई शुरुआत है।

## आगामी पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**●तहसीलदार ने की आगामी पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना परिसर में गुरुवार को क्षेत्राधिकारी नौतनवां अंकुर गौतम व तहसीलदार कर्ण सिंह के अध्यक्षता में आगामी पर्व दीपावली के मद्देनजर सभी धर्म गुरुओं व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान आगामी पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की सभी से अपील की गई। बैठक में तहसीलदार कर्ण सिंह ने आगामी त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने के लिए लोगों से अपील किए। उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी आगामी त्योहारों को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाएं। क्षेत्राधिकारी अंकुर गौतम ने कहा कि आगामी पर्व में यदि किसी के द्वारा सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो पुलिस उनके साथ सख्ती से पेश आएगी। उन्होंने कहा कि अगर त्योहार में किसी के द्वारा अराजकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है तो इसकी सुचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। त्योहारों में खलल डालने वालों को बक्सा नहीं जायेगा। प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने कहा कि आगामी त्योहार में किसी प्रकार के नए नियमों का प्रयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मूर्ति स्थापित करने वाले लोग पंडालों में सीमित उंचाई का मूर्ति स्थापित करें साथ ही पंडालों में सुरक्षा का विषेश ध्यान रखें तथा डीजे सीमित ध्वनि में बजाएं। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेंद्र



बहादुर सिंह, सेवतरी चौकी प्रभारी गोविंदर यादव, उपनिरीक्षक अनील सिंह, अभिषेक जायसवाल, अम्बिका प्रसाद, भोलेंद्र मिश्र, अनील यादव, धर्मराज दीपक, हरिकेश यादव, राहुल अग्रहरी, गोविंद यादव, सहाबुद्दीन, रहमत, नुरूल्लाह, अब्दुल जब्बार समेत सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।

## संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा का समापन, बीईओ ने विजेता टीम को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के तरैनी न्याय पंचायत के कम्पोजिट विद्यालय सेखुआनी में संकुल स्तरीय दो दिवसीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार से चल रहा था। गुरूवार को खेल-कूद कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान जितेन्द्र कुमार वर्मा व प्रधानाध्यापक राजेश्वर सिंह ने मां सरस्वती देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समापन पर बीईओ हेमन्त कुमार मिश्र ने विजेता टीम व खिलाडियों में पुरस्कार वितरण किया। नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी के कम्पोजिट विद्यालय परिसर में न्याय पंचायत स्तरीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी ब्लाक स्तरीय खेल में शामिल होंगे। दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में बालिका वर्ग उच्च प्राथमिक स्तर खो खो विजेता टीम सेखुआनी, उपविजेता टीम घोड़हवा व कबड्डी में परसामलिक प्रथम व सेखुआनी द्वितीय तथा प्राथमिक विद्यालय स्तर खो खो में प्रथम सेखुआनी, द्वितीय परसामलिक तथा कबड्डी में प्रथम स्थान परसामलिक व द्वितीय सेखुआनी तथा बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय खो खो में प्रथम स्थान सेखुआनी व द्वितीय स्थान परसामलिक तथा कबड्डी में प्रथम स्थान विशुनपुरा व द्वितीय स्थान सेखुआनी तथा प्राथमिक स्तर बालक वर्ग कबड्डी में प्रथम स्थान विशुनपुरा व द्वितीय स्थान सेखुआनी तथा लम्बी कूद प्राथमिक स्तर विशुनपुरा प्रथम व परसामलिक द्वितीय तथा बालिका वर्ग में बभनी प्रथम स्थान व परसामलिक द्वितीय स्थान तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग दौड़ में तरैनी प्रथम स्थान व विशुनपुरा द्वितीय स्थान पाकर विजयी घोषित हुए। वही खेल कूद प्रतियोगिता कार्यक्रम में विजेता व उपविजेता टीम को खंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्रा द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर शिक्षक राजेश्वर सिंह, राजकुमार सिंह, राजेन्द्र चौधरी, शैलेश भारती, शेर सिंह, यशवंत यादव, शिवप्रसाद, सुर्यांशु, रमेश यादव, ममता गुप्ता, शिक्षामित्र विजय लक्ष्मी त्रिपाठी, संगीता सहित आदि लोग मौजूद रहे हैं।

## लक्ष्य पूर्ण न करने वाले पैक्स सचिवों पर गिरेगी गाज, भेजे जाएँगे दूरस्थ समितियों पर देवेंद्र सिंह की अंतिम चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र-** सहकारिता विभाग द्वारा संचालित एमपैक्स (बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समिति) सदस्यता महाअभियान की अवधि समाप्त होने में अब केवल तीन दिन शेष हैं। इस अंतिम चरण में भी लक्ष्य से कोसों दूर रहने वाली समितियों के सचिवों पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र, देवेंद्र कुमार सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि शिथिल और लापरवाह सचिवों का प्रभार हटाकर उन्हें दूरस्थ समितियों पर भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जनपद में सदस्यता अभियान का प्रदर्शन काफी विषमतापूर्ण रहा है। जहाँ एक ओर कई समितियों ने अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए लक्ष्य पूरा किया है या उसके निकट हैं, वहीं दूसरी ओर कई समितियाँ प्रशासनिक दबाव के बावजूद सुस्त बनी हुई हैं। अभियान की अवधि समाप्त होने से ठीक पहले, विभागीय अधिकारी और सचिव सदस्यता अभियान को गति देने के लिए सक्रिय रूप से फील्ड में उतर आए हैं। एडीसीओ राबर्ट्सगंज अवधेश सिंह ने चोपन, जुगैल और कुरछा में रामअनंत, उमाशंकर यादव तथा हेमनाथ यादव जैसे सक्रिय सचिवों के साथ क्षेत्र भ्रमण कर किसानों को सदस्यता अभियान से जोड़ा। एडीसीओ दुद्धी अजय कुमार ने क्रय विक्रय दुद्धी पर कैम्प लगाया और सचिव पंकज के माध्यम से किसानों को पैक्स का सदस्य बनाया। एडीसीओ डॉ. सुरेश ने मुसहाँ में सचिव आजादहिन्द के सहयोग से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सदस्य बनाकर एक नया आयाम जोड़ा, जबकि बिसरेखी में सचिव विकास ने कृषकों को अभियान से जोड़ा। गुरुवार को कई सचिवों ने सक्रियता दिखाई, जिनमें राजेश सिंह (ओईनी मिश्र), राहुल सिंह (अरौली), कमलेश शर्मा (सजौर), पूजा पटेल (शाहगंज), अनुपम (बभनी) तथा शैलेन्द्र त्रिपाठी (ओबराडीह) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, श्रीचंद (एडीओ चतरा), अनिल शर्मा (एडीओ घोरावल), संतेश राय (एडीओ म्योरपुर), अखिलेश (एडीओ राबर्ट्सगंज) और मनोज कुमार (एडीओ दुद्धी) ने सचिवों के साथ क्षेत्र भ्रमण करके ग्राम प्रधानों और अन्य जनप्रतिनिधिगण से संपर्क साधा, ताकि कृषकों को सदस्य बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

# संक्षिप्त खबरें

## कैमहरा मे चल रही रासलीला मे ताडका वध का किया गया मंचन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** राम कृष्ण व शिव जी की सुंदर- सुंदर झाकियों के साथ रासलीला मंचन का किया गया। गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला छोटी काशी क्षेत्र के गांव कैमहरा में स्थित देवेश्वर नाथ मन्दिर पर दिनांक पांच अक्टूबर से ग्यारह अक्टूबर तक चलने वाली श्री कृष्ण रासलीला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमे पंचम दिवस के अवसर पर समय दो से पांच बजे तक की लीला मे ब्रंदावनधाम से पधारे कलाकारो ने दिखाया कि जब गुरू विश्वामित्र राम लक्ष्मण के साथ उनकी यज्ञ की रक्षा के लिये गुरू के आश्रम मे जा रहे होते है तो उनकी मुलाकात ऐक खुखार राक्षसनी ताडका से हो जाती है और वह गुरू विश्वामित्र को अपना शिकार बनाने हेतु उसके उपर छपट पडती है इतने मे भगवान राम उसका वध कर देते है।इसके साथ ही राम सीता कृष्ण राधा व शिव पार्वती की सुंदर- सुंदर झाकियों के सजीव चित्रण के साथ श्रोताओं ने श्री कृष्ण व राम की लीलाओ का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासियों उपस्थित रहे।

## गोला मिल के सभागार मे गन्ना अधिकारियो को दिया गया प्रशिक्षण

**गन्न विभाग के उच्च अधिकारियो ने आगामी सत्र के लिये गन्ना कटाई व बुआई के लिए दिया प्रशिक्षण।**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** पेराई सत्र 2025-26 हेतु फसल कटाई प्रयोगों के प्रशिक्षण को सम्पन्न कराने के लिए लखनऊ गन्ना मण्डल के अपर सांख्यिकी अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार, भारत सरकार के एन एससीओ के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी मनीष कौशल द्वारा जनपद लखीमपुर खीरी के परिषद ऐरा, जे बी गंज, कुम्भी खम्भारखेड़ा एवं गोला के गन्ना पर्यवेक्षकों , एससीडीआई, महाप्रबंधक गन्ना ,चीनी मिल स्टॉफ व अन्य विभागीय अधिकारियों का प्रशिक्षण चीनी मिल गोला क्लब सभागार मे दिया गया।जिसमे विभिन्न आकर के प्लाट व ट्रंच विधि, रिंगपिट प्लाट आदि के की कटाई कैसे कराये आदि का विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला आशुतोष मधुकर ने जिले के 5 परिषदों के गन्ना पर्यवेक्षक के प्रशिक्षण का कार्य चीनी मिल गोला के महाप्रबंधक गन्ना पीएस चतुर्वेदी व गन्ना प्रबंधक सत्येंद्र मिश्रा के सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न कराया।

## बदलते मौसम में बर्ते सावधानियां डॉक्टर मोहम्मद मुगीश



**बरेली/**क्यों लड़िया के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद मुगीश ने बदलते मौसम में संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए स्वतंत्र प्रभात से बात करते हुए कहा मौसम बदल रहा है इस समय लोगों को सचेत रहने की आवश्यकता है ।

पूरे कपड़े पहने साथ ही साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे ताकि संक्रामक बीमारियां अपने पैर पसार ना सके इसके लिए लोगों को जहां भी गंदा पानी भरा हो उसमें कीटनाशक दवा का छिड़काव करें इस के लिए ब्लॉक मुख्यालय पर एटी लारवा उपलब्ध कराया गया है । सफाई कर्मचारी से गांव में छिड़काव कर बादे साथ ही छतों भरा पानी भी साफ कर लें क्योंकि पीलीभीत की सीमा से बीसलपुर जुड़ा है वहां पर डेंगू जैसी भंयकर बीमारी फैलती जा रही है इस से बचाव के लिए सावधानी जरूरी है जिसके कारण अपने क्षेत्र को सुरक्षित बनाए रखने में मदद मिलेगी यदि किसी को भी परेशानी हो रही है। तों वह शीघ्र अस्पताल में इलाज कराने आए उसके लिए यहां पर समुचित व्यवस्था है। परंतु अब तक जनता के सहयोग से विकासखंड भदपुरा संक्रामक बीमारियों से बच्चाहुआ है इसके लिए संचारी रोग नियंत्रण को लेकर बैठक भी कीज चुकी है और सभीक सूचित भी किया जा चुका है। ग्राम पंचायत में बनी नालियों को भी साफ-सुथरा रखा जाए यह सभीकार्य जन सहयोग पर निर्भर हैं इसलिए सभी लोग सचेत रहकर पड़ोस में फैल रही संक्रामक बीमारी बच्चे स्वस्थ रहें।

# जिलाधिकारी ने बाल विवाह रोकने में सक्रिय बालिकाओं का किया सम्मान, सभी से अभियान में शामिल होने का आह्वाहन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज यमुनानगर।** गुरूवार को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर चल रहे मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग ने विकास भवन स्थित सरस सभागार में ''बाल विवाह को ना, शिक्षा को हां'' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने बाल विवाह को रोकने में सक्रिय कुल 25 बालिकाओं के साथ-साथ पुलिस विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर बाल विवाह रोकने के दौरान सामने आई चुनौतियों और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर सशक्त बनाया जा रहा है और उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जा रहा है।



उन्होंने बाल विवाह रोकने के लिए संघर्ष कर रही बालिकाओं की प्रशंसा की और उपस्थित सभी से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वाहन किया। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण लोग अभी भी लड़कियों को बोझ समझते हैं और उनकी कम उम्र में शादी कर अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त होना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि लड़कियों को अवसर दिया जाए तो वे लड़कों के मुकाबले कहीं अधिक अच्छा कार्य कर सकती हैं और समाज में आगे बढ़ सकती हैं। बाल विवाह केवल कानून और सामाजिक दृष्टि से अपराध नहीं है, बल्कि यह लड़कियों का भविष्य भी बिगाड़ता है। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान की थीम ''सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश'' का जिक्र करते हुए कहा कि जब तक महिलाएं सशक्त नहीं होंगी, तब तक प्रदेश और देश भी समृद्ध नहीं हो सकते। उन्होंने बाल विवाह कराने वाले लोगों को विकास में बाधक बताते हुए कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की प्रतिभा का सही उपयोग करना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने बाल विवाह, घरेलू हिंसा और महिलाओं से संबंधित मामलों में मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराने की जानकारी दी और कहा कि इन नंबरों पर तुरंत सूचना देने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त पंकज, जिला विकास अधिकारी जी.पी. कुशवाहा, परियोजना निदेशक, जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त सिविल लाइन सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गोला के आई हॉस्पिटल की मनमानी पर मरीजों ने उठाए सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** स्थानीय गोला आई हॉस्पिटल की कार्यप्रणाली को लेकर मरीजों में असंतोष देखा जा रहा है। गुरुवार को बड़ी संख्या में मरीजों ने बताया कि प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपम पुरवार, जो लखनऊ से प्रतिवारीय रूप से गोला आते हैं, से मिलने के लिए वे अस्पताल पहुँचते हैं, लेकिन अधिकांश मरीजों को डॉ. पुरवार से प्रत्यक्ष परामर्श नहीं मिल पाता।मरीजों का कहना है कि अस्पताल में ?300 का पर्चा शुल्क देने के बाद भी उन्हें डॉ. पुरवार के असिस्टेंट डॉक्टरों को दिखाया जाता है, जबकि अधिकांश लोग विशेष रूप से डॉ. पुरवार से ही उपचार के लिए आते हैं। एक मरीज ने बताया कि यदि डॉ. पुरवार स्वयं नहीं देखना चाहते हैं, तो इस बारे में अस्पताल प्रबंधन को स्पष्ट सूचना देनी चाहिए। मरीजों को यह जानने का अधिकार है कि उनका इलाज कौन कर रहा है।कुछ मरीजों ने यह भी आरोप लगाया कि पर्चा बनवाने के बाद सेटिंग के आधार पर मरीजों को पहले दिखाया जाता है, जबकि अन्य मरीजों को कई घंटे इंतजार करना पड़ता है। सूखे अन्य मरीज ने बताया कि दो वर्ष पूर्व उनकी माता का मोतियाबिंद ऑपरेशन इसी अस्पताल में हुआ था। उस समय डॉक्टर ने कहा था कि महंगा लेंस लगाने से झिल्ली दोबारा नहीं आएगी, लेकिन अब पुनः समस्या हो गई है।

जब हमने पुनः दिखाने की कोशिश की, तो डॉक्टर के स्थान पर उनके सहायक ने ही जांच की और बताया कि झिल्ली हटाने के लिए दोबारा खर्च लगेगा। मरीजों का कहना है कि उन्हें यह स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती कि परामर्श डॉ. अनुपम पुरवार करेंगे या उनके सहयोगी चिकित्सक। इस कारण पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।इस संबंध में अस्पताल प्रशासन से संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु डॉ अनुपम पुरवार का शाम तक फोन स्विच ऑफ जाता रहा।

## मुख्यमंत्री ने झांसी में विजयी प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत



**कानपुर ।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद झांसी भ्रमण दौरान 36वां क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता समारोह-2025 में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत तथा कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण किया गया तत्पश्चात विकास कार्यों,कानून-व्यवस्था व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के सम्बन्ध में गोष्ठी कर दिशा-निर्देश दिये गये। समीक्षा गोष्ठी में एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह द्वारा झांसी परिक्षेत्र के जनपद झांसी, जालौन व ललितपुर की कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तार से अवगत कराया गया। समीक्षा गोष्ठी में आइजी रेंज झांसी, एसएसपी झांसी व शासन-प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने खुदवाया नाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** बरसात के पानी से हुए भीषण जलभराव से किसानो की सैकड़ो बीघा धान और गन्ना की खेती में बर्बाद हो रही फसल को बचाने के लिए निघासन राजस्व विभाग एवं विकास विभाग के आला अधिकारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था कर जेसीबी मशीन से सेक्टर मार्ग खोद कर खेतो मे भरे पानी को जौरहा नाले मे गिरा दिया है किसानो की फसलों में भरे हुए पानी के निकलने से किसानो ने राहत की सांस ली है।

वही मूर्तिहा के ग्राम प्रधान ने गंभीर आरोप लगाते हुए निघासन राजस्व विभाग को अधिकारियों पर जबरदस्ती सेक्टर मार्ग में नाला खोदने का आरोप लगाया है। विकास क्षेत्र निघासन के ग्राम पंचायत सिन्होना में राजस्व विभाग की लापरवाही से गाटा संख्या 1749 पर जलनिकासी के लिए बने नाले के पुराने की वजाह से पड़ोस में लगभग 500 मीटर पर बढ़ रही चौराहा नदी में पानी नहीं जा पा रहा था और बरसात का पानी सिनोना ग्राम पंचायत के किसानों के खेतों में भीषण जल भराव हो गया था जिससे किसान अपने खेतों में एक गन्ना धान की फसल की कटाई नहीं कर पा रहे थे किसानों ने सैकड़ो की संख्या में एकत्रित होकर निघासन एसडीएम राजीव निगम से जौराहा नदी तक नाला के निर्माण करने की मांग की थी किसने की समस्या को देखते हुए निघासन कानूनगो देवी चंद द्विवेदी अपनी राजस्व टीम के साथ ग्राम सिन्होना पहुंचे और पहले से पटे नाला को न खुदवा कर सेक्टर मार्ग में नाले को खोद कर किसानो के खेतों में भरा बरसात के पानी को जोड़ा नदी में गिरने के लिए नाले की खुदाई करा दी। ग्राम प्रधान हरपाल सिंह मूर्तियां ने बताया कि गाटा संख्या 1749 पर नाला राजस्व अभिलेखों में दर्ज है जिसको नदी ने बालू फेंक कर पाट दिया है। और नाले पर गांव के ही सुरेश कुमार का आगे तरीके से पट्टा बना दिया गया। राजस्व विभाग में जबरदस्ती क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन की सहयोग से सेक्टर मार्ग में नाला फोड़ कर अपनी जौराहा नदी में गिरा दिया है जो सरासर अवैध है। कानूनगो देवी चंद्र द्विवेदी ने बताया की बरसात की पानी की किसानों के खेतों में भर जाने के कारण किसने की धान गणना की फैसले प्रभावित हो रही थी किसान अपनी फसल की कटाई नहीं कर पा रहा था किसानों ने निघासन एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर खेतों में भर पानी को जौराहा नदी में गिरने की मांग की थी ग्राम विकास अधिकारी आशीष कुमार व जेसीबी मशीन चलकर जौंराहा नदी तक कच्ची नाली का निर्माण कर दिया गया है किसान के खेतों में भर पानी अब आराम से जौराहा नदी में निकल जाएगा। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण वी सिंगाही निघासन थाना की पुलिस भारी पुलिस बल मौजूद रही।

## फर्जी मनरेगा कार्यों को धरातल पर न कराने के कागज में होने पर भड़के ग्रामीण कार्रवाई का किया मांग

**●बीडीओं ने ग्राम पंचायत उमरिया में चल रहे मनरेगा फर्जीवाड़ा की जांच कर कार्रवाई करने का दिया आश्वासन होगी एफ आई आर**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।**बस्ती जिले के विकास खण्ड बहादुरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरिया में मनरेगा योजना के नाम पर फर्जीवाड़ा का मामले प्रकाश में आया है। मीडिया पड़ताल से पता चला है कि महिला मेट कुमारी मोनिका द्वारा बिना किसी मनरेगा कार्य कराये ही मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगा रही है।ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान समय में गांव में कोई भी मनरेगा कार्य धरातल पर नहीं चल रहा है फिर भी मनरेगा मजदूरों के नाम पर फर्जी भुगतान कराने की तैयारी तेजी से चल रही है। आरोप है कि इस फर्जीवाड़े में महिला ग्राम प्रधान ममता मिश्रा व सचिव और तकनीकी सहायक समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारी भी कमीशनखोरी कर चुप्पी साधे हुए हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकारी धन की बंदरबांट कर ग्रामीणों के हक का पैसा लूटा जा रहा है और सीधे तौर पर गरीबों के पेट पर महिला ग्राम प्रधान ममता मिश्रा लात करने का कार्य कर रही है जब कागज में मनरेगा कार्य पूर्ण हो जाएगा तो मनरेगा मजदूरों को मनरेगा कार्य कहां से मिलेगा । ग्राम पंचायत में मनरेगा करना मिलने से मनरेगा मजदूर पहले से परेशान है और ऐसे ही मनरेगा फर्जीवाड़ा जारी रहा तो मनरेगा मजदूरों को भूखे पेट रहना पड़ेगा । मनरेगा फर्जीवाड़ा का खुलासा होने पर ग्रामीणों में यह चर्चा का विषय बना है कि आखिरकार इस भ्रष्टाचार पर कब और किस स्तर से जांच व कार्यवाही होगी ?यह मामला सीधे तौर पर मनरेगा एक्ट 2005 की धज्जियां उड़ाने वाला है और उच्चाधिकारियों की संलिप्तता की ओर इशारा करता है। इस संबंध में महिला मेट कुमारी मोनिका ,ग्राम प्रधान ममता मिश्रा , सचिव व तकनीकी सहायक से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहे तो किसी ने फोन रिसीव नहीं किया । उक्त प्रकरण में खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर ने कहा कि ग्राम पंचायत उमरिया में चल रहे मनरेगा फर्जीवाड़ा की जांच कराकर जारी ऑनलाइन फर्जी मस्टर रोल जीरो होगा।

## पंचायत सहायक का फंदे से लटकता मिला शव



**बलरामपुर/श्रीदत्तगंज।** देहात क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर की पंचायत सहायक पुष्पा वर्मा (30) का शव सुबह छह बजे घर के कमरे में छत के कुंडे से लटकता मिला। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुष्पा के दादा हरिशंकर वर्मा ने जांच व कार्रवाई की मांग की है। श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम शिवपुर महंत निवासी ओम प्रकाश वर्मा ने बताया कि सुबह करीब छह बजे पुष्पा के ससुराल धर्मपुर गांव से एक व्यक्ति ने फोन किया। बताया कि पुष्पा ने आत्महत्या कर ली है। मायके के लोग जब धर्मपुर पहुंचे तो बेटी का शव जमीन पर पड़ा मिला। चाचा ने आरोप लगाया कि पति ओम प्रकाश वर्मा आए दिन प्रताड़ित करते थे। विवाद बढ़ने पर बेटी अपने मायके में तीन महीने रह चुकी थी। पुष्पा की शादी 20 वर्ष पहले धर्मपुर गांव में ओम प्रकाश वर्मा के साथ हुई थी। गौना नौ वर्ष पहले हुआ था। वह पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत थीं। वह चार माह की गर्भवती थीं। पुष्पा की छह वर्ष की एक बेटी प्रिया है। बेटी का रो-रोकर हाल बेहाल है। प्रभारी निरीक्षक देहात गिरजेश तिवारी ने बताया कि पुष्पा के दादा हरिशंकर की तहरीर पर केस दर्ज करके जांच की जा रही है।

## बारा और आसपास के बाजारों में करवा चौथ की धूम, सुहागिन महिलाओं ने सज-धज कर किया त्यौहार का स्वागत

**●साड़ियां, करवे और मिठाइयों की होड़, बाजारों में उमड़ी महिलाओं की भारी भीड़।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज यमुनानगर।**लालापुर, जसरा, घुरपुर, कौंधियारा और आसपास के कई गांवों में करवा चौथ की पूर्व संध्या पर बाजारों में जबरदस्त चहल-पहल रही। सुहागिन महिलाओं ने साज-सज्जा का सामान, सिंदूर, चुनरी, मिट्टी के करवे, पूजा थाल, मिठाइयां और साड़ियां खरीदकर त्यौहार की तैयारियां पूरी कीं। सुबह से ही बाजार में भीड़ शुरू हो गई थी और शाम तक सड़कों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। ब्यूटी पार्लर, मेहंदी कलाकार और कॉस्मेटिक दुकानों पर ग्राहकों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। महिलाएं पारंपरिक बेल-बूटों और अपने नाम के पहले अक्षर के डिजाइन से हाथों को सजा रही थीं। दुकानदारों ने बताया कि इस बार बिक्री पिछले वर्षों की तुलना में काफी बढ़ी है। विशेष रूप से साड़ियों, बिंदी, चूड़ी और मिठाइयों की मांग अधिक रही। बाजार में गुलाब जामुन, बरफी और रसगुल्लों की खुशबू पूरे इलाके में फैल रही थी। महिलाओं ने कहा कि करवा चौथ का व्रत केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि पति-पत्नी के बीच अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। इस दिन सुहागिनें निर्जला व्रत रखती हैं और चंद्रमा के दर्शन के बाद अपने पति के हाथों से जल ग्रहण कर उपवास तोड़ती हैं। क्षेत्र की निवासी अनीता देवी ने कहा, ÷करवा चौथ का व्रत हमारे जीवन में प्रेम और एकता का प्रतीक है। यह दिन हमारे लिए बेहद खास है, क्योंकि हम पूरे मन से अपने परिवार की सुख- शांति की प्रार्थना करते हैं।÷शाम होते-होते पूरा बाजार रंगीन रोशनी और दीपों से जगमगा उठा। बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला, जो अपनी माताओं के साथ खरीदारी में शामिल हुए। जगह-जगह महिलाओं के गीत-संगीत और हंसी-ठिठोली से माहौल और भी मनमोहक हो गया। कौंधियारा, जसरा और आसपास के गांवों जैसे जरिहा से भी महिलाएं सज-धज कर बाजार पहुंचीं। दुकानों पर परिधानों की झलक, लाल और सुनहरे रंगों की चुनरियां, और झिलमिलाते करवे यह संकेत दे रहे थे कि त्योहारी सीजन पूरे उल्लास के साथ शुरू हो चुका है।

## मुदायिक शौचालयों में बड़ा घोटाला-बिना संचालन के हर महीने लाखों का मानदेय भुगतान, जिम्मेदार मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रमेश कुमार यादव**

**बलरामपुर/**तुलसीपुर जनपद के विकासखंड तुलसीपुर क्षेत्र के सोनपुर धुतकहवा सहित अधिकांश ग्राम पंचायतों में संचालित सामुदायिक शौचालयों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। सरकार की स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत लाखों रुपए खर्च कर ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया था, ताकि ग्रामीणों को खुले में शौच से मुक्ति मिल सके। परंतु अब यह योजना जिम्मेदारों की लापरवाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती दिख रही है। स्थानीय ग्रामीणों असगर पतिराम रुस्तम पंडित अली हुसैन ने बताया कि सोनपुर दूध ग्राम पंचायत का सामुदायिक शौचालय महीनों से बंद पड़ा है, चारों तरफ झड़ी लगी हुई है तथा गोबर का ढेर पड़ा हुआ है जिसमें जहरीले जानवर होने की आशंका है जबकि संबंधित केयरटेकर को ?9000 प्रति माह मानदेय नियमित रूप से दिया जा रहा है। यही हाल पूरे विकासखंड तुलसीपुर के अधिकांश सामुदायिक शौचालयों का यही हाल है। ग्रामवासी बताते हैं कि शौचालयों के ताले महीनों से नहीं खुले, जबकि कागज़ों में सब कुछ ठीक दिखाया जा रहा है। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) तुलसीपुर से पूछा गया, तो उनका कहना था कि "सामुदायिक शौचालय समूह के अधीन हैं, इनका संचालन एवं देखरेख आईएसबी (इंडिविजुअल स्वच्छता बायोमैनेजमेंट) के अधिकार क्षेत्र में आता है।" बीडीओ के इस बयान से साफ है कि जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि शौचालयों के नाम पर हर महीने लाखों रुपये का दुरुपयोग हो रहा है। यदि पूरे जनपद बलरामपुर की बात करें तो यह राशि करोड़ों में पहुंचती है। सरकार का उद्देश्य था कि ग्रामीण स्वच्छता के प्रति जागरूक हों, लेकिन योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार ने इस मंशा पर पानी फेर दिया है। लोगों का कहना है कि जब शौचालय बंद हैं, उनका उपयोग नहीं हो



रहा, तो मानदेय किस बात का दिया जा रहा है? यह साफ तौर पर सरकारी धन की बर्बादी है। ग्रामीणों ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है, ताकि दोषी अधिकारियों एवं समूहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। यदि जांच निष्पक्ष रूप से की जाए, तो संभव है कि सामुदायिक शौचालयों का यह मामला जनपद का सबसे बड़ा घोटाला साबित हो – जहाँ बिना सेवा लिए हर महीने लाखों रुपये की बंदरबांट हो रही है और ग्रामीण आज भी खुले में शौच जाने को मजबूर हैं।

## दौड़ और शॉटपुट में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** माध्यमिक खेल समिति की तरफ से स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में माध्यमिक विद्यालयों के खिलाड़ी कई स्र्पधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। एमवाई उस्मानी इंटर कॉलेज उतरौला के संयोजन में आयोजित 27वीं जनपदीय माध्यमिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विद्यार्थियों ने बैंडबाजा के साथ मुख्य अतिथि को सलामी दी। डीआईओएस ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी अपनी प्रतिभा दिखानी चाहिए। खेलकूद से विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम के संयोजक व प्रधानाचार्य अबुल हाशिम खान व जिला खेल सचिव मो. सुहेल ने डीआईओएस को स्मृति चिह्न भेंट किया।



इस अवसर पर खेल शिक्षक पंकज पांडेय, अर्पण पांडेय, नसीम अहमद, स्मिता पाठक, उमेश तिवारी, सईद अहमद, मदन खान, मेराजुद्दीन, नवीन पाल, अभय शंकर कुरील आदि मौजूद रहे।

**विजेता खिलाड़ी हुए पुरस्कृत**

एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन दौड़ व शाटपुट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दौड़ में एजी हाशमी इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ बालक 100 मीटर हीट दौड़ से हुआ। इसमें अफजाल मलिक ने पहला स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर सीनियर बालिका दौड़ प्रतियोगिता में एजी हाशमी इंटर कॉलेज की चांदनी, 800 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में इसी कॉलेज की मधु वर्मा व 600 मीटर में महक ने बाजी मारी। शाट पुट प्रतियोगिता में बसंत लाल इंटर कॉलेज के अमरजीत ने पहला स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमामपत्र देकर पुरस्कृत किया गया।


## दस्तक अभियान में हर घर दस्तक दें आशा बहुएं ्डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा

**सिद्धार्थनगर।**भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में बृहस्पतिवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर आशा, संगिनी व एएनएम की बैठक आयोजित किया गया।बैठक में अधीक्षक सीएचसी सिरसिया डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में सभी की भागीदारी जरूरी है,सभी आशा बहुएं हर घर पर दस्तक दें। अधीक्षक ने बताया कि जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करें।गांवों में साफ सफाई, शुद्ध पेयजल, मच्छरों से बचाव आदि के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करें, साथ ही गांवों में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर बनाए, जिससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।अधीक्षक ने बताया कि हर घर पर दस्तक के दौरान परिवार के सदस्यों में कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या है तो उसकी सूची बनाएं, साथ ही उनको समय से जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सूर्य देव सिंह ने बताया कि गांवों में लोगों को मच्छरों से बचाव,उथले हैंडपंप का पानी पीने से बचें, घरों के आसपास जलभराव ना होने दें।इस दौरान मैराज अहमद,आख्या पाण्डेय,सत्यभामा, शालिनी श्रीवास्तव,शशिकला, राजीव कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## किर्गिस्तान भेजने के नाम पर 25 लाख की ठगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उतरौला।** गैड़ास बुजुर्ग क्षेत्र के 23 लोगों से किर्गिस्तान देश में मोटे वेतन पर नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 25 लाख रुपये की ठगी हुई है। पीड़ितों का आरोप है कि कुछ शातिर व्यक्तियों ने जुलाई में कार्यालय खोला और 25 सितंबर तक ठगी की। इसके बाद कार्यालय बंद कर सभी भाग गए। शिकायत पर डीएम पवन अग्रवाल ने जांच के आदेश दिए हैं। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी उतरौला ने शुरू की है। ग्राम पुरैना बुलंद निवासी मो. हारून व बांक भवानीपुर निवासी गुलाम मोहम्मद ने बताया कि आरोपियों ने पहले छोटे-छोटे हिस्सों में पैसे वसूल कर भरोसा जीत लिया। इसी तरह नसीब अली से 70 हजार रुपये ठग लिए। साथ ही अन्य 20 लोगों से भी करीब 25 लाख रुपये हड़प लिए। शिकायत में अभी तीन पीड़ित ही आगे आए हैं। इन पीड़ितों ने बताया कि उन्हें बार-बार आश्वासन दिया गया। बाद में ठग ऑफिस को बंद कर फरार हो गए। यह ऑफिस गैड़ास बुजुर्ग के पास स्थित था। बस्ती व गोरखपुर से आकर की ठगी, पुलिस को नहीं लगी भनक गैड़ास बुजुर्ग



में एक बैंक के पास दो युवकों ने कार्यालय खोला। लोगों से संपर्क किया और विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। नसीम अली ने बताया कि लोगों को यह भी दिखाया कि उन्होंने पहले भी कई लोगों को नौकरी दिलाई है। कुछ लोगों से बात भी कराई, जिससे भरोसा हो गया। बताया कि जुलाई में ही दोनों युवकों ने कार्यालय शुरू किया और एक स्थानीय व्यक्ति को भी साथ जोड़ा। इससे लोगों को जोड़ने में आसानी हुई है। बताया जा रहा है कि जांच शुरू होने पर और लोग भी सामने आएंगे।

**की जा रही जांच**

विदेश भेजने के नाम पर हुई ठगी की शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है। पीड़ितों को बयान देने के लिए सूचना भेजी गई है। जल्द ही जांच पूरी कर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### हरीपुर की रामलीला में श्रीराम ने शिवधनुष तोड़ सीता का किया वरण



**भदोही,** 09 अक्टूबर। आदर्श रामलीला समिति हरीपुर अभिया की तरफ से चल रहीं रामलीला में बुधवार की रात धनुष यज्ञ सीता विवाह का मंचन किया गया। इस दौरान प्रभु श्रीराम ने शिव धनुष तोड़कर सीता का वरण किया। मौजूद दर्शक रामलीला का आनंद उठाया। आदर्श रामलीला समिति की तरफ से धनुष यज्ञ मंचन में फुलवारी, सीता स्वयंवर, परशुराम लक्ष्मण संवाद और सीता विवाह जैसे शानदार अभिनय का मंचन किया गया। महाराज जनक की पुष्प वाटिका में प्रभु श्रीराम और जानकी का मिलन हुआ। बाद में मिथिला नरेश महाराज जनक ने सीता के विवाह के लिए मख यज्ञ आयोजन किया। गुरु विश्वामित्र को राम और लक्ष्मण के साथ वहां पधारे। धनुष यज्ञ में रावण-बाणासुर, परशुराम पेट्टूमल और अंग देश सहित तमाम देश के राजागण वहां उपस्थित हुए। लेकिन धनुष को तोड़ना तो दूर कोई तिल भर उसे हटा न सका। इस दौरान श्रीराम का अभिनय बहुत ही उत्कृष्ट रहा। रावण, बाणासुर संवाद, परशुराम लक्ष्मण संवाद, और लकटकिया और पिट्टूमल के संवाद ने लोगों का दिल जीत लिया। रामलीला सात दिन तक चलेगी 07 अक्टूबर से शुरुवात है। भरत -मिलाप मेले के साथ संम्पन्न होगी। रात राम वन गमन का मंचन किया गया।

### बनारस में संदिग्ध परिस्थिति में सीखड़ के युवक की मौत

**सीखड़।** चुनार थाना अंतर्गत सीखड़ लालपुर गांव निवासी राकेश कुमार यादव 24वर्ष पुत्र राजेन्द्र यादव बनारस में एक प्राइवेट नर्सिंग होम में कार्य करता था। राकेश वही किरायें का मकान लेकर रहता था, बुधवार की रात में उसका फांसी के फंदे पर लटका शव मिला। पड़ोसियों ने इसकी सूचना बनारस के संबंधित थाने को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव फांसी के फंदे से उतार कर इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी और शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया। मृतक के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए संबंधित थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है। गुरूवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव देर शाम उसके गांव लाया गया जहां उसका दाह-संस्कार कर दिया गया।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शस्त्र पूजन कर मनाया शताब्दी वर्ष



**चुनार मिर्जापुर।** नगर मे स्थित पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र' सभागार में मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकिय पीजी कालेज के असिस्टेंट प्रो0 दीपक सिंह के अध्यक्षता में स्वयंसेवकों ने अमृत बचन गीत के साथ शस्त्र पूजन व ध्वज नमस्कार कर किया गया। बौद्धिक कार्यक्रम मे प्रान्त गौ सेवा प्रमुख अरविंद ने कहा कि संघ का उद्देश्य त्याग सेवा समर्पण के साथ ही राष्ट्र के लिए व्यक्ति और व्यक्तित्व का निर्माण करना है। तत्पश्चात पूर्ण गणवेश में पथ संचलन टेकौर, सराय, लालदरवजा, सद्दुपुर मोहाना होते हुए गांधी मैदान पहुँच कर समापन किया गया। इस दौरान प्रान्त गौ सेवा प्रमुख अरविंद, प्रान्तीय सह सेवा प्रमुख पवन, नगर संघचालक गोविन्द, जिलाकारवाह चुनार अमित, जिला प्रचारक आलोक, जिला संपर्क प्रमुख अवनिन्द्र, नगर कारवाह विवेक,अनुराग,आलोक, चन्द्रहाश,मनीष , बिजय बहादुर, शिवकुमार, कलाधर, बंशीधर आदि प्रमुख मौजूद रहे।

### पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी महोत्सव यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**चुनार मिर्जापुर।** जमालपुर स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के श्याम उत्सव वाटिका स्थित जमालपुर बाजार से पूर्वांचल साहू समाज समिति के तत्वावधान में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी महोत्सव यात्रा को पूर्व सांसद प्रतिनिधि तेज बहादुर गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महोत्सव के संयोजक व वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया महोत्सव यात्रा गोगहरा ,ओड़ी,चट्टी,मदरा बरीसलाहपुर पकरी ,डोमरी, करहट, देवरिया ,गोरखपुर, सरसा मठना से होते हुए जमालपुर ब्लाक मुख्यालय पर समाप्त होगी। महोत्सव यात्रा में कार्यक्रम के सह संयोजक रतन गुप्ता, दिलीप गुप्ता रामनरेश गुप्ता पूर्व प्रधान, राकेश गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, पिंटू यादव, सतीश गुप्ता, संतोष गुप्ता, अमृतलाल मौर्य, नीरज गुप्ता, विकास गुप्ता, अरुण चौरसिया, सोनु गुप्ता, विनय गुप्ता, राजेश गुप्ता, मनोज पटेल, भोला गुप्ता, सुधीर मौर्य, कृष्णा गुप्ता, महेंद्र, भैरव बाबा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति केंद्र व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर पंपलेट वितरित किया जा रहा

● महिलाओं को विभिन्न उपयोगों हेल्पलाइन नंबरों, शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं जनपद के समस्त थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर पंपलेट वितरित किया जा रहा



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे ÷मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत अभिमन्यु मांगलिक÷ *पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के निर्देशन में एवं शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में समस्त थानों पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों/ मिशन शक्ति टीम के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत विद्यालयों, प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जाकर महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के सम्बन्ध में जागरुक किया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना गोपीगंज की एंटीरोमियो टीम द्वारा कृष्णा देवी पूर्व माध्यमिक विद्यालय महुआरी जंगीगंज व थाना ऊंज की एंटीरोमियो टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय ग्राम बिछिया सहित जनपद के समस्त थानों में बालिकाओं व महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच/बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया। महिलाओं/बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरुक करने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश एवं निर्देशों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई । महिला एवं बालिकाओं को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया व स्वयं नियमें का पालन करते हुए अपने घर व आसपास के लोगों का भी जागरुक करने के लिए कहा गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन , 181 वीमेन हैल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा , 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### पांच दिवसीय एफ.एल.एन. प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**सिद्धार्थनगर।**ब्लॉक संसाधन केंद्र भनवापुर में पांच दिवसीय फाउंडेशन लिटरेसी एंड न्यूमरेसी (एफ.एल.एन.) प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम चरण में तीन बैचों के कुल 120 अध्यापकों ने भाग लिया। प्रशिक्षक प्रदीप राय, मृत्युंजय सिंह, मनोज द्विवेदी, के.के. मिश्र और विष्णुकांत दुबे ने विभिन्न विषयों पर अध्यापकों को आधुनिक शिक्षण विधियों से अवगत कराया तथा बालकों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान बढ़ने पर जोर दिया। समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि एफ.एल.एन. कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षक बच्चों को खेल-खेल में सीखने की विधि अपनाकर शिक्षा को अधिक प्रभावी बना सकते हैं। यदि प्रशिक्षण में सीखी गई विधियों को विद्यालयों में लागू किया जाए तो निश्चित ही विद्यार्थियों के सीखने की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस दौरान आबिद रिज़्वी, विक्रम सिंह, रीना, सुरभि, ममता, रिंकी, धर्मेंद्र, सलीम, शिल्पी, ऊषा, सूर्यसेन, शैलेन्द्र समेत अनेक शिक्षक एवं शिक्षा मित्र मौजूद रहे।

# दो जनपदों के बीच गांजे की आड़ में "चिपड़" का गोरखधंधा, पुलिस पर उठ रहे सवाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोंडा।** गोंडा और बहराइच की सीमाओं पर नशे का जाल दिन-प्रतिदिन गहराता जा रहा है। गांजे की आड़ में "चिपड़" नामक खतरनाक नशे का कारोबार अब संगठित रूप ले चुका है। स्थिति यह है कि आर्य नगर से लेकर विश्वेश्वरगंज तक के कस्बों में यह नशा खुलेआम बेचा जा रहा है। दुकानों और ठिकानों पर 100, 200 और 500 रुपये तक के पैकेट में "चिपड़" आसानी से मिल रहा है।

**सीमाई नेटवर्क का खुला खेल**

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह पूरा नेटवर्क बहराइच जनपद के विश्वेश्वरगंज कस्बे से संचालित होता है, जहाँ से सप्लाई कर आर्य नगर और आसपास के इलाकों में पहुंचाई जाती है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह धंधा उन्हीं गांजे की लाइसेंस प्राप्त दुकानों से फल-फूल रहा है, जहाँ अवैध रूप से "चिपड़" भी बेचा जा रहा है।

**युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में**

किशोर और युवा वर्ग इस नशे की चपेट में सबसे अधिक आ रहे हैं। पढ़ाई-लिखाई छोड़कर कई युवक इस लत के शिकार हो चुके हैं। सामाजिक संगठनों का कहना है कि इस नशे ने न केवल युवाओं का भविष्य अंधकारमय किया है बल्कि गांवों में चोरी, झगड़े और असामाजिक प्रवृत्तियों को भी बढ़ावा दिया है।

**पुलिस और प्रशासन पर प्रश्नचिह्न**

स्थानीय जनता का कहना है कि पुलिस चौकियों की मौजूदगी और नियमित गश्त के बावजूद इतना बड़ा नेटवर्क कैसे चल रहा है? यह सवाल प्रशासनिक निष्क्रियता पर सीधा प्रहार करता है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस को जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे तस्करों के हौसले बुलंद हैं।

**प्रशासनिक मौन और सामाजिक संकट**

यह स्थिति केवल कानून व्यवस्था की नाकामी नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के ह्रास का संकेत भी है। यदि समय रहते इस अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह नशा सीमाई क्षेत्रों से निकलकर पूरे जनपद को अपनी गिरफ्त में ले सकता है।

**पुलिस का पक्ष**

आर्य नगर चौकी प्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि मादक पदार्थों की अवैध बिक्री की सूचना मिली है। इस पर जांच की जा रही है और शीघ्र ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के तहत मेधावी छात्रा आंचल कुमारी बनी एक दिन की सांकेतिक जिलाधिकारी

● सांकेतिक जिलाधिकारी द्वारा पीड़ित महिलाओं व फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारी को निस्तारण का दिया निर्देश

**महिलाएं मेहनत कर बड़े से बड़े पदो पर पहुंचकर देश एवं प्रदेश के योगदान में निभा रही है बड़ी भूमिका -जिलाधिकारी**

**मेधावी आंचल कुमारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी के पद एवं दायित्वों के निर्वहन की ली सीख**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही :-** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत अंर्तराष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा हाईस्कूल में प्रदेश में 10वी रैंक टॉपर आंचल कुमारी, माता-पिता श्रीमती बुनेला देवी-श्री श्यामधर-विद्यालय मा0 शीतला शिवराजी देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलीपुर वीरमपुर भदोही को एक दिन का ''सांकेतिक जिलाधिकारी'' नियुक्त करते हुए बुके व उपहार देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठने के पश्चात टॉपर आंचल कुमारी ने लगभग 25 फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुये जिलाधिकारी के पद एवं दायित्वों के निर्वहन की सीख ली। अफसर बनी छात्रा ने फरियादियों की शिकायतों को सुना एवं शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। सांकेतिक रुप से एक दिन की जिलाधिकारी आंचल कुमारी ने कहा कि वह भविष्य में यूपीएससी की तैयारी करके आईएएस बनना चाहती है। प्रतीकात्मक जिलाधिकारी आंचल कुमारी ने अपने मनोविचार साझा करते हुये कहा कि, ''जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठकर मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है। इस दौरान टॉपर छात्रा ने बताया कि मैं भी बड़ी होकर जिलाधिकारी बनना चाहती हूं। मैं अपनी बहनों से अपेक्षा करती हूं कि वह भी पढ़ लिखकर अच्छे पदों पर आसीन होकर समाज, देश व महिलाओं और बच्चों की सेवा करें, जिससे हमारा देश आत्मनिर्भर बन सकें। मौके पर जिलाधिकारी सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों द्वारा सांकेतिक जिलाधिकारी आंचल कुमारी को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया, इसके साथ ही जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा छात्रा आंचल को बधाई देते हुये उज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी गयीं। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा मिशन शक्ति फेज 05 कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में हाईस्कूल की टॉपर बालिका को एक दिन का सांकेतिक जिलाधिकारी बनाया गया। डीएम ने कहा कि मेधावी छात्राओं को एक दिन का जिलाधिकारी बनाकर यह एहसास दिलाया जा रहा है कि यदि आप मेहनत करेंगे तो ऊंचे से ऊंचे पदों पर पहुंचकर देश एवं प्रदेश के योगदान में बड़ी से बड़ी भूमिका को निभा सकते हैं आपके रास्ते में कोई भी बाधा नहीं आएगी। इसके साथ ही इन सभी के माध्यम से मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता है कि समाज को यह संदेश देने का कार्य किया जा रहा है कि बेटियां आपका गौरव है यदि आप उन्हें अवसर देंगे तो किसी भी सफलता को और अच्छे से अच्छे शिखर को प्राप्त कर सकती हैं उन्हें हमें आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान ,जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार व अन्य अधिकारी व मीडिया बंधु उपस्थित रहे। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।





# कुटीर उद्योगों से सजेगा सीमा क्षेत्र, थारू संस्कृति को मिलेगा नया जीवन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** भारत-नेपाल सीमा से सटे जरवा क्षेत्र में कुटीर उद्योगों और सीमाई व्यापार को प्रोत्साहन देने की पहल होने लगी है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। थारू समाज की संस्कृति और परंपराएं भी पुनर्जीवित होंगी। इमलिया कोडर में बने थारू संग्रहालय में भी रौनक बढ़ी है। सभी को उम्मीद है कि कोयलाबास बॉर्डर से भंसार सीमा की वृद्धि से तरक्की होगी और पूरे क्षेत्र में तेजी से बदलाव होगा।"तरक्की का द्वार" अभियान से थारू समाज की उम्मीदों को भी पंख लगे हैं। थारू महिला लक्ष्मी देवी का कहना है कि यदि स्थानीय स्तर पर लघु उद्योग स्थापित किए जाएं तो महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। इस पहल से पलायन रुकेगा और परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी। वह कहती हैं कि थारू महिलाएं पहले से ही हस्तशिल्प, बांस शिल्प और मिट्टी के बर्तनों को तैयार करने में निपुण हैं। इसी क्रम में एसएसबी ने नागरिक कल्याण कार्यक्रम से महिलाओं को प्रशिक्षित करने की योजना भी तैयार की है। साध्वी थारू ने बताया कि हमारे समाज की आजीविका का बड़ा हिस्सा मजदूरी पर निर्भर है। अगर सरकार कुटीर उद्योगों को सहयोग दे और कस्टम चौकी से व्यापार की राह सुगम बने, तो हम अपने उत्पाद नेपाल सहित अन्य बाजारों में बेच सकते हैं। इससे न सिर्फ आमदनी बढ़ेगी, बल्कि हमारी कला को भी पहचान मिलेगी। व्यापारी राघव राम थारू कहते हैं कि एक समय था जब जरवा बाजार सीमाई व्यापार का केंद्र था। अब फिर से वही रौनक लौटाने की कोशिश शुरू हुई है। पलटूराम थारू ने बताया कि थारू समाज की बेहतरी के लिए कई बार मुख्यमंत्री को पत्र भेजे गए हैं। सुझाव दिया गया है कि कुटीर उद्योगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर थारू परिवारों को मजबूत बनाया जाए। अब तरक्की का द्वार अभियान से उम्मीद है कि अच्छे दिन आएंगे। जरवा कस्टम चौकी से व्यापारिक गतिविधियां बढ़ने से आर्थिक समृद्धि आएगी। थारू संस्कृति, लोककला और परंपरा का संरक्षण भी होगा। सीमा क्षेत्र की यही तरक्की आने वाले समय में थारू समाज के आत्मविश्वास और सम्मान का प्रतीक बनेगी।

**जिले में थारू समाज की स्थिति पर एक नजर**

दक्षिणी नेपाल के तराई क्षेत्र में बड़ी संख्या में थारू जनजाति रहती है। विशुनपुर विश्राम स्थित थारू विकास परियोजना की रिपोर्ट के अनुसार जिले के गैसड़ी और पचपेड़वा ब्लॉक में इनकी सर्वाधिक आबादी है। 2011 की जनगणना के अनुसार पंचपेड़वा ब्लॉक के 33 गांवों की कुल थारू आबादी 19, 097 थी। गैंसड़ी ब्लॉक के 19 गांवों की आबादी 5510 रही। सदर ब्लॉक के



11 गांवों में 101, हरैया सतघरवा ब्लॉक के आठ गांवों में 37, तुलसीपुर ब्लॉक के तीन गांवों 10, गैड़ासबुजुर्ग ब्लॉक के मात्र मंगईपुर गांव में एक, उतरौला ब्लॉक के दो गांवों में चार तथा श्रीदत्तगंज ब्लॉक के गोमड़ी में एक थारू परिवार है। इस प्रकार 2011 की जनगणना से बलरामपुर जिले में थारू जनजाति की कुल आबादी 24, 761 दर्ज की गई है।

**थारू संस्कृति की खासियत**

थारू जनजाति भारत-नेपाल सीमा के तराई क्षेत्र में निवास करता है।

पारंपरिक जीवनशैली, लोकगीत, नृत्य और हस्तशिल्प इसकी पहचान है।

महिलाएं आकर्षक कढ़ाई और मिट्टी के बर्तनों के निर्माण में निपुण हैं।

लोकगीत और त्योहार प्रकृति और श्रम के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

# "हैट्रिक ऑफ एक्सीलेंस- भदोही पुलिस की लगातार तीन बार प्रदेश में प्रथम"

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही** पुलिस की गौरवमयी हैट्रिक"जुलाई, अगस्त, और अब सितंबर माह 2025 में लगातार तीन माह तक उत्तर प्रदेश में प्रथम उ0प्र0 सरकार की आनलाईन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल (IGRS) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में भदोही पुलिस अव्वल लगातार माह जुलाई एवं अगस्त,और अब सितंबर माह 2025 में भी में प्रदेश स्तर की रैंकिंग में भदोही पुलिस को मिला प्रथम स्थान

अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा आईजीआरएस निस्तारण के कार्यों की स्वयं मॉनिटरिंग करते लगातार निर्देशों के फलस्वरूप विगत माह जुलाई एवं अगस्त में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उ0प्र0 सरकार की आनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल (IGRS) से प्राप्त शिकायतों को जनपद भदोही पुलिस द्वारा समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। जिसके फलस्वरूप प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जनपद भदोही के लगातार तीन माह से प्रथम आकर हैट्रिक लगाई है। जो माह जुलाई, अगस्त में प्रथम रैंक प्राप्त किया था तथा इस बार भी माह सितंबर, 2025 में प्रदेश स्तर पर जारी की गयी रैकिंग में पुन- प्रथम रैंक प्राप्त हुआ है। जनपद भदोही पुलिस के जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त सन्दर्भो का मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय से मुल्यांकन किया गया तो उ0प्र0 के सभी 75 जनपदों में जनपद भदोही की कार्यवाही 100' रही व रैंक प्रथम रहा।

अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में व शुभम अग्रवालअपर पुलिस अधीक्षक भदोही के प्रवेक्षण में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु जनसुनवाई पोर्टल (IGRS) के कार्यो की मानीटरिंग करते हुए जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी व थाना प्रभारियों को लगातार निर्देश दिये जा रहे हैं।

जनसुनवाई पोर्टल से प्राप्त शिकायतों को पुलिस कार्यालय में गठित आईजीआरएस सेल द्वारा सम्बंधित थानों पर आनलाईन प्रेषित की जाती है। समस्त थाना प्रभारियों द्वारा प्राप्त सन्दर्भो की जांच आख्या आनलाईन दिये गये समय सीमा के अन्दर संबंधित को प्रेषित की जाती है और आवेदक पुलिस कार्यवाही से सन्तुष्ट है कि नहीं इसका



फिडबैक भी पुलिस कार्यालय के आईजीआरएस सेल नियुक्त कर्मचारीगण द्वारा लिया जाता है, जिससे की गयी जांच एवं पुलिस कार्यवाही की गुणवत्ता ठीक होती है।

**आईजीआरएस सेल में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण-**

प्रभारी आईजीआरएस सेल उ0नि0 सुरेश कुमार राय, उ0नि0 संतोष कुमार सिंह, मु0आ0 रमेश विश्वकर्मा, आ0 आकाश कुमार, आ0 अजीत कुमार, आ0 विकास कुमार, आ0 विवेक कुमार, आ0 कौशल कुमार कठेरिया।उ0प्र0 सरकार की आनलाईन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल (IGRS) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में भदोही पुलिस अव्वल भदोही पुलिस का यह शानदार प्रदर्शन जनसेवा और उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# गर्भवती से ऑपरेशन के लिए वसूले पांच हजार रुपये

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** भारत-नेपाल सीमा से सटे जरवा क्षेत्र में कुटीर उद्योगों और सीमाई व्यापार को प्रोत्साहन देने की पहल होने लगी है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। थारू समाज की संस्कृति और परंपराएं भी पुनर्जीवित होंगी। इमलिया कोडर में बने थारू संग्रहालय में भी रौनक बढ़ी है। सभी को उम्मीद है कि कोयलाबास बॉर्डर से भंसार सीमा की वृद्धि से तरक्की होगी और पूरे क्षेत्र में तेजी से बदलाव होगा।"तरक्की का द्वार" अभियान से थारू समाज की उम्मीदों को भी पंख लगे हैं। थारू महिला लक्ष्मी देवी का कहना है कि यदि स्थानीय स्तर पर लघु उद्योग स्थापित किए जाएं तो महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। इस पहल से पलायन रुकेगा और परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी। वह कहती हैं कि थारू महिलाएं पहले से ही हस्तशिल्प, बांस शिल्प और मिट्टी के बर्तनों को तैयार करने में निपुण हैं। इसी क्रम में एसएसबी ने नागरिक कल्याण कार्यक्रम से महिलाओं को प्रशिक्षित करने की योजना भी तैयार की है। साध्वी थारू ने बताया कि हमारे समाज की आजीविका का बड़ा हिस्सा मजदूरी पर निर्भर है। अगर सरकार कुटीर उद्योगों को सहयोग दे और कस्टम चौकी से व्यापार की राह सुगम बने, तो हम अपने उत्पाद नेपाल सहित अन्य बाजारों में बेच सकते हैं। इससे न सिर्फ आमदनी बढ़ेगी, बल्कि हमारी कला को भी पहचान मिलेगी।

व्यापारी राघव राम थारू कहते हैं कि एक समय था जब जरवा बाजार सीमाई व्यापार का केंद्र था। अब फिर से वही रौनक लौटाने की कोशिश शुरू हुई है। पलटूराम थारू ने बताया कि थारू समाज की बेहतरी के लिए कई बार मुख्यमंत्री को पत्र भेजे गए हैं। सुझाव दिया गया है कि कुटीर उद्योगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर थारू परिवारों को मजबूत बनाया जाए। अब तरक्की का द्वार अभियान से उम्मीद है कि अच्छे दिन आएंगे। जरवा कस्टम चौकी से व्यापारिक गतिविधियां बढ़ने से आर्थिक समृद्धि आएगी। थारू संस्कृति, लोककला और परंपरा का संरक्षण भी होगा। सीमा क्षेत्र की यही तरक्की आने वाले समय में थारू समाज के आत्मविश्वास और सम्मान का प्रतीक बनेगी।

**जिले में थारू समाज की स्थिति पर एक नजर**

दक्षिणी नेपाल के तराई क्षेत्र में बड़ी संख्या में थारू जनजाति रहती है। विशुनपुर विश्राम स्थित थारू विकास परियोजना की रिपोर्ट के अनुसार जिले के गैसड़ी और पचपेड़वा ब्लॉक में इनकी सर्वाधिक आबादी है। 2011 की जनगणना के अनुसार पंचपेड़वा ब्लॉक के 33 गांवों की कुल थारू आबादी 19, 097 थी। गैंसड़ी ब्लॉक के 19 गांवों की आबादी 5510 रही। सदर ब्लॉक के 11 गांवों में 101, हरैया सतघरवा ब्लॉक के आठ गांवों में 37, तुलसीपुर ब्लॉक के तीन गांवों 10, गैड़ासबुजुर्ग ब्लॉक के मात्र मंगईपुर गांव में एक, उतरौला ब्लॉक के दो गांवों में चार तथा श्रीदत्तगंज ब्लॉक के गोमड़ी में एक थारू परिवार है। इस प्रकार 2011 की जनगणना से बलरामपुर जिले में थारू जनजाति की कुल आबादी 24, 761 दर्ज की गई है।

**थारू संस्कृति की खासियत**

थारू जनजाति भारत-नेपाल सीमा के तराई क्षेत्र में निवास करता है।

पारंपरिक जीवनशैली, लोकगीत, नृत्य और हस्तशिल्प इसकी पहचान है।

महिलाएं आकर्षक कढ़ाई और मिट्टी के बर्तनों के निर्माण में निपुण हैं।

लोकगीत और त्योहार प्रकृति और श्रम के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

# समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने मान्यवर कांशीराम का मनाया पुण्यतिथि

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मनकापुर गोण्डा** –बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम जी के पुण्यतिथि पर कार्य क्रम का आयोजन अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रईस अहमद उर्फ़ बब्बू प्रधान के नेतृत्व मे समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ संग आवास रेण्डवलिया पर किया गया । जिसमे उपस्थित पदाधिकारियों ने मान्यवर कांशीराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि छोटे भैय्या विनदेश्वर प्रताप सिंह उर्फ़ राजा भैय्या ने अपने सम्बोधन मे मान्यवर कांशीराम जी के जीवन पर प्रकाश डालते हूए उपस्थित सभी कार्यकर्ताओ से उनके आदर्शो पर चलने के लिए प्रेरित किया और तन मन से जनता के बीच रहकर समाजवादी पार्टी के विचारें एवं कार्यो को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करे।इसी क्रम मे रईस अहमद उर्फ़ बब्बू प्रधान ने मान्यवर कांशीराम जी के कार्यो पर प्रकाश डालते हूए कहा कि मान्यवर कांशीराम जी गरीबो, वँचितो के मसीहा थे।हम लोगो को हमेसा उनके बताये हूए आदर्शो पर चलना चाहिए।हम अपने लोक प्रिय नेता पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश यादव जी के निर्देश पर मान्यवर कांशीराम राम जी की पुण्यतिथि मना रहे है आगे कहा की हमारी पार्टी सभी महा पुरुषो के सम्मान मे कार्यक्रम को मनाने का काम करती है और हमारे पार्टी के नीतियो मे समाज वादी विचारधारा है इसलिए सभी जातियों धर्मो का सम्मानित हमारी पार्टी करती है सभी लोगो से अपील करते हूए कहा कि आप लोग पार्टी के मजबूती लिए अभी से तन मन से लग जाइये अबकी बार विधानसभा चुनाव मे भारी सीटें से हम अपने नेता अखिलेश यादव को मुख्य मंत्री बनाने का संकल्प ले।इस अवसर पर रनर प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव, केडी वर्मा,मोहन लाल यादव, अशोक यादव सहित अधिकांश पार्टी के कार्यकर्त्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति फेज 05 के अभियान के तहत रैली निकाल कर छात्रों को किया गया जागरूक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर** ।सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। सर्वप्रथम अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर नीता यादव ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रो. नीता यादव ने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम महिला सुरक्षा व स्वावलंबन की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। इस तरह के आयोजन बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए अनिवार्य हैं। रैली में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मिशन शक्ति के तहत निर्धारित लक्ष्यों का प्रचार- प्रसार करते हुए महिला सुरक्षा, महिला सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित नारे लगाए तथा महिलाओं का सम्मान करने हेतु आह्वान किया। एन.सी.सी., एन.एस.एस. तथा मिशन शक्ति के संयुक्त तत्त्वावधान में निकाली गई इस रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाओं ने तथा एन.सी.सी.कैडेट्स ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

रैली में मिशन शक्ति फेज-5 की नोडल अधिकारी डॉ. सुनीता त्रिपाठी, सह नोडल अधिकारी डॉ. रेनू त्रिपाठी तथा सह नोडल अधिकारी डॉ. रक्षा, एन.सी.सी.ऑफिसर डॉ. प्रज्ञेश नाथ त्रिपाठी , राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरिता सिंह तथा डॉ. रक्षा, डॉ. विशाल गुप्ता, डॉ. हृदयकांत पांडे, डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. रविकांत शुक्ला, डॉ अमित कुमार साहनी, डॉ.अरविंद रावत आदि शिक्षक तथा कर्मचारी सम्मिलित रहे।

### किसान यूनियन की मासिक बैठक का हुवा आयोजन

**मनकापुर गोण्डा–** किसान यूनियन की ब्लॉक इकाई बभनजोत का मासिक पंचायत ब्लॉक परिसर मे प्रदेश महासचिव और जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व मे लगाई गई जिसमे गौरा चौकी बाजार मे सड़क के दोनों किनारो पर बनी पटरीयों पर नाली की साफ सफाई करवाकर अतिक्रमण को हटवाया जाय जिससे जाम की समस्या खत्म किया जा सके, विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतो मे खुली बैठक करवाया जाय ताकि जनता को आय व्यय का व्योरा के बारे अवगत कराया जा सके, सभी ग्राम पंचायतो मे साफ सफाई की व्यवस्था कराया जाय, सभी ग्राम पंचायतो मे बंद पड़े सरकारी नल को दुरुस्त कराया जाय सहित कई समस्याओं के बारे चर्चा कर मांग रखा गया । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पृथ्वी राज चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष राम जीत निषाद, प्रदेश महा सचिव किसन बिहारी वर्मा, राम सरन चौधरी, मोहम्मद अहमद, जमुना प्रसाद, कनिक राम मौर्या, सेतु बहादुर सिंह बेचू खां सहित अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रांव पुलिस की ऐतिहासिक सफलताः अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़, 2 गिरफ्तार




**दीपावली से पहले 387 किलो विस्फोटक जब्त, शहर में सुरक्षा अलर्ट जारी।**

**प्रयागराज ।** दीपावली की रौनक के बीच प्रयागराज पुलिस ने सुरक्षा को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए सोरांव इलाके में अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर दिया। पुलिस ने इस छापेमारी में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 387.80 किलो विस्फोटक सामग्री जब्त की। यह कार्रवाई शहरवासियों के लिए राहत की खबर साबित हुई है। सूचना मिली थी कि शकील अहमद (50) और मोनीष (19) शिवगढ़ के अलमापुर मोहल्ले में घर के अंदर अवैध रूप से पटाखों और आतिशबाजी का निर्माण कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने 9 अक्टूबर की रात करीब 12:30 बजे छापा मारा। मौके पर पहुँचते ही पुलिस ने देखा कि आरोपी बड़े पैमाने पर पटाखों का निर्माण कर रहे थे। छापेमारी में पुलिस ने 08 बोरी पटाखा, 14 बोरी खोखा, बारूद, शोरा, रैपर और कोयला मिक्स बारूद सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की।पुलिस उपायुक्त गंगानगर ने बताया कि इस कार्रवाई से न केवल अवैध कारोबारियों पर रोक लगी है बल्कि शहरवासियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई के बाद शहर में सतर्कता बढ़ा दी गई है, विशेषकर त्योहार के दिन सुरक्षा के मद्देनज़र पुलिस ने शहरभर में गश्त तेज कर दी है। पुलिस का कहना है कि दीपावली के अवसर पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए वह पूरी तरह तैयार है। सुरक्षा अधिकारियों ने आम जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी अवैध पटाखा निर्माण या बिक्री की जानकारी पुलिस को तुरंत दें।

### कौंधियारा पुलिस की पहल-14 साल की लड़की ने संभाला थाने का प्रभारी का पद



**स्वेता दुबे बनीं एक दिन के लिए थाना प्रभारी, मिशन शक्ति 5.0 में नारी सशक्तिकरण की नई मिसाल।**

**प्रयागराज यमुनानगर।** कौंधियारा थाना में मिशन शक्ति 5.0 के तहत एक अनोखी और प्रेरक पहल की गई। थाना प्रभारी के दिशा-निर्देश में स्वेता दुबे, पुत्री नागेश्वर दुबे, उम्र लगभग 14 वर्ष, ग्राम अकोढ़ा, विद्यालय इंद्रा गांधी पटेल नगर अकोढ़ा, को 1 दिन के लिए थाना प्रभारी बनाया गया। यह कदम सिर्फ एक प्रतीक नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण और युवाओं को जिम्मेदारी का अहसास कराने के लिए प्रेरक उदाहरण है। थाना प्रभारी ने अपनी संवेदनशीलता और दूरदर्शिता का परिचय देते हुए स्वेता को वास्तविक जिम्मेदारी और पुलिस कार्यों से रूबरू कराया। कौंधियारा थाना प्रभारी का मानना है कि जब छोटी लड़कियों को भी समाज सेवा और सुरक्षा की जिम्मेदारी का अनुभव होता है, तो उनका आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता मजबूत होती है। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 के तहत यह कदम लड़कियों को न केवल सुरक्षा के प्रति जागरूक करता है, बल्कि उनमें नेतृत्व और साहस का भी बीज बोता है। स्वेता दुबे ने एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनकर जनता की शिकायतें सुनीं, पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिए और थाने की कार्यप्रणाली को समझा। उनके उत्साह और जिम्मेदारी को देखकर क्षेत्रवासियों में भी नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति विश्वास और बढ़ा। कौंधियारा थाना प्रभारी की यह पहल यह संदेश देती है कि समाज में लड़कियों को अवसर देने और उन्हें नेतृत्व की भूमिका में लाने से समाज सशक्त बन सकता है। यह केवल आदर्श नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरक घटना भी है।

# हाईकोर्ट ने कहा- धर्म विशेष को निशाना बनाने के मैसेज प्रसारित करना, शत्रुता को बढ़ावा देने का अपराध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि किसी धर्म विशेष का होने के कारण निशाना बनाए जाने संबंधी व्हाट्सऐप मैसेज को प्रसारित करना प्रथम दृष्टया शत्रुता को बढ़ावा देने का अपराध है. यह बीएनएस की धारा 352(2) के तहत अपराध है। बिजनौर के आफाक अहमद की याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की पीठ ने यह टिप्पणी की. याची के खिलाफ बिजनौर के चांदपुर थाने के एसआई प्रशांत सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई है. आरोप है कि प्रशांत ने अपने व्हाट्सऐप से यह मैसेज प्रसारित किया कि धर्म विशेष का होने के कारण उनको निशाना बनाना जा रहा है। इसी वजह से उसके भाई को फर्जी मुकदमा दर्ज कर फंसाया गया है. यह मैसेज उसने कई लोगों के व्हाट्सऐप पर भेजे. उस पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 352(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया. प्राथमिकी रद्द करने के लिए आफाक ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की. उसके अधिवक्ता का कहना था कि मैसेज उसने अपने भाई की गिरफ्तारी पर रोष प्रकट करने के लिए किया. उसका इरादा लोक शांति को भंग करना या सांप्रदायिक सौहार्द को बिगड़ना नहीं थी। कोर्ट ने कहा कि हालांकि मैसेज में स्पष्ट टिप्पणी नहीं की गई है, मगर उसका अर्थ स्पष्ट है कि उसे धर्म विशेष का होने के कारण निशाना बनाया जा रहा है. इससे समुदाय विशेष के लोगों में यह भावना पैदा होगी कि उनको उनके धर्म के कारण निशाना बनाया जा रहा है. कोर्ट ने कहा इस प्रकार का मैसेज प्रसारित करना प्रथम दृष्टया धारा 353(2) के तहत अपराध है. कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

## कर्नाटक में वकील राकेश किशोर के खिलाफ दर्ज हुई जीरो एफआईआर

**●सीजेआई गवई पर जूता फेंकने का किया था प्रयास।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** बंगलूरू पुलिस ने बुधवार को वकील राकेश किशोर के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज की। राकेश किशोर ने सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की ओर उनके न्यायालय कक्ष में कथित तौर पर जूता फेंकने का प्रयास किया था। बंगलूरू पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट के निलंबित अधिवक्ता राकेश किशोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 132 और 133 के तहत जीरो एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई ऑल इंडिया एडवोकेट्स एसोसिएशन बंगलूरू की शिकायत पर की गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अखिल भारतीय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भक्तवचला की शिकायत पर राकेश किशोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 132 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और धारा 133 (गंभीर उकसावे के अलावा किसी अन्य कारण से किसी व्यक्ति का अपमान करने के इरादे से हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है । अधिवक्ता संघ ने विधान सौधा पुलिस थाने के प्रभारी को सौंपी गई शिकायत में कहा, राकेश किशोर का कृत्य समाज के किसी भी वर्ग द्वारा क्षम्य और स्वीकार्य नहीं है। उनका कृत्य दंडनीय है... यह एक गंभीर घटना है जिसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए और दोषी को कानून के अनुसार दंडित किया जाना चाहिए। अपराध होने की स्थिति में किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई जाने वाली शिकायत जीरो एफआईआर कही जाती है। जीरो एफआईआर सामान्य एफआईआर की तरह ही होती है। सोमवार को 71 वर्षीय एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट में प्रधान न्यायाधीश गवई की ओर कथित तौर पर जूता उछालने की कोशिश की थी। घटना के बाद प्रधान न्यायाधीश ने संयम बनाए रखा और अदालत कक्ष में मौजूद वकीलों से अपनी दलीलें जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, इन सब बातों से विचलित मत होइए। हम विचलित नहीं हैं। इन बातों का मुझ पर कोई असर नहीं पड़ता। जिसके बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने तत्काल प्रभाव से वकील का लाइसेंस निलंबित कर दिया था। सीजेआई जस्टिस बीआर गवई को निशाना बनाने वाली गैरकानूनी और आपत्तिजनक सोशल मीडिया सामग्री पर पंजाब पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। राज्य में 100 से अधिक सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ मिली शिकायतों के बाद कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। पंजाब पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इन पोस्ट और वीडियो में जातिवादी और नफरत भरे भाव थे, जिनका उद्देश्य सांप्रदायिक वैमनस्य को बढ़ावा देना और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना था। इनमें न्यायिक संस्थानों के प्रति सम्मान को कम करने की मंशा थी। पुलिस ने सोशल मीडिया सामग्री को सांविधानिक प्राधिकरण पर हमला, जाति-आधारित दुर्भावना और उकसावा, और लोक-दुराचार के रूप में चिह्नित किया है। पुलिस ने कहा है कि इन एफआईआर में आगे की जांच कानून के अनुसार की जा रही है।

# 48 वर्षों से लगातार किसानो की सेवा में लगा है कारडेट-बलवीर सिंह

**●कारडेट के 48 वे स्थापना दिवस पर रवी फसल विचार गोष्ठी का आयोजन।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**ब्यूरो चीफ प्रयागराज।** इफको अपने प्रारंभ काल से ही लगातार किसानो की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य के साथ कोरडेट की स्थापना 9 अक्टूबर 1978 को की गई। जो अपने प्रयासों से क्षेत्र में खेती किसानी से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ाने में , उससे संबंधित वैज्ञानिक जानकारी को देने तथा प्रचारित प्रसारित करने में निरंतर काम कर रहीं है। उक्त बातें इफको के उपाध्यक्ष बलबीर सिंह, उपाध्यक्ष, ने कारडेट के 48 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रबी फसल विचार गोष्ठी के दौरान किसानों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा की कार्ड डेट में किसानों को वैज्ञानिक खेती करने का प्रशिक्षण देकर उनकी आय दोगुनी करने में तत्पर है और इसीलिए यहां पर कृषि प्रशिक्षण के अलावा मत्स्य पालन मुर्गी पालन मधुमक्खी पालन फल पर संस्करण बागवानी आज का भी प्रशिक्षण दिया जाता है और इसके विभाग बनाकर किसानों को दिखाया जाता है। बलबीर सिंह ने किसानों से इफको के नैनो उर्वरकों को अपनाने की अपील की जिससे कि पर्यावरण और प्रदूषण से किसान बच सके और उनकी फसल के उत्पाद खाने पर किसी रोग का शिकार ना हो यह फसल नैनो का उत्पादन फसल और मनुष्य दोनों की रक्षा करेगा और बहुत ही रिसर्च के बाद इसको ने किसानों के बीच में इसे उतारा है । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कारडेट प्रबंध समिति के अध्यक्ष बाल्मीकि त्रिपाठी , ने सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए किसानों का धन्यवाद किया और कहा कि किसान सहनशील होता है। एक बार फसल के नुकसान को सहते हुए फिर से जी जान से इस आशा और विश्वास के साथ प्रयास करता है कि अगली फसल अच्छी हो। इसी सहनशीलता ने उसे अन्नदाता की उपाधि दी है। उन्होंने कहा की खेती किसानी में माताओं बहनों का योगदान पुरुषों से काम नहीं है। भारतीय किसान इफको का परिवार है और उनके विकास के लिए इफको लगातार प्रयास कर रही है। कार्यक्रम की शुरुआत में तकनीकी सत्र के दौरान कॉर्डेट के प्रधानाचार्य डॉ. डी.के. सिंह ने कॉर्डेट के 48 वर्षों की प्रगति को क्रमवार तरीके से बताया और उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। कृषकों को मिट्टी जांच, जैव उर्वरकों व जैव अप घटकों के प्रयोग, मौन पालन , नीम की खली के प्रयोग की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी गई। कृषि के समसामयिक कार्यों और आने वाले रबी फसल की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी डॉक्टर एम पी सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र, छाता, प्रयागराज द्वारा दी गई। कार्यक्रम में इफको उत्तर प्रदेश के राज्य विपणन प्रबंधक एवं सचिव कारडेट, यतेंद्र कुमार ने इफको नैनो उर्वरक एवं इफको के अन्य उत्पादों की उपयोगिता के विषय में चर्चा की एवं किसानों से उनके अनुभव भी जाने। इफको एमसी के अरविंद द्विवेदी ने रबी फसलों में कीट व्याधि नियंत्रण की जानकारी दी। इफको फूलपुर के इकाई प्रमुख पी के सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए ग्रामीण विकास में इफको फूलपुर के योगदान की जानकारी दी। कार्डेट प्रबंध समिति के सदस्य आर पी सिंह बघेल ने सहकारिता के क्षेत्र में इफको के योगदान को बताया। धनंजय कुमार सिंह, निदेशक राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, भारत सरकार ने कोरडेट के कार्यों की सराहना की। प्रेम कुमार सिंह उर्फ लल्ले सिंह, पूर्व अध्यक्ष डी. सी. एफ. प्रयागराज ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इफको ने किसानों के लिए बहुत कुछ किया है। हरित क्रांति के अच्छे परिणाम के लिए इफको का योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहा है। आज देश में अन्न का भंडारण इतना अधिक हो गया है कि हम विदेशों में उसे निर्यात कर रहे हैं। इसमें सबसे अगर किसी ने योगदान दिया तो इफको ने दिया है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर हरिश्चंद्र प्रभारी मृदा परीक्षण ने सफलतापूर्वक किया। सुमित तेवतिया प्रभारी फॉर्म एवं उद्यान ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को कृषि निवेश किट जिसमें सरसों, काला गेहूं का बीज, दराती, जैव उर्वरक एवं जैव अपघटक का वितरण किया गया। पांच प्रगतिशील कृषकों को बैटरी चलित स्प्रे मशीन वितरित की गई। इस अवसर पर कारडेट के उत्पादों एवं इकाइयों की एक छोटी से प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया था जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। साथ ही कॉर्डेट प्रक्षेत्र में उपयोग हेतु नए ट्रैक्टर को भी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा हरी झंडी दिखाई गई। कार्यक्रम के दौरान कॉर्डेट से सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं अधिकारीयों सहित वर्तमान कारडेट टीम एवं इफको फूलपुर इकाई के महाप्रबंधक एवं संयुक्त महाप्रबंधक, आफीसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी एवं महामंत्री स्वयं प्रकाश , कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष पंकज पांडे सहित भारी संख्या में कृषक जन उपस्थित रहे।

## सपा पर सीधा हमला और योगी सरकार की तारीफ, मायावती ने लखनऊ रैली में दिखाई ताकत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** लखनऊ में बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा पर कांशीराम का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सपा ने सत्ता में आते ही कासगंज जिले का नाम बदल दिया था। मायावती ने दलित समाज से एकजुट होकर जागरूक रहने की अपील की और सपा पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि सपा ने बाबा साहेब को भारत रत्न नहीं दिया। लखनऊ के कांशीराम स्मारक स्थल पर गुरुवार को बसपा की रैली में मायावती ने संबोधन किया। मायावती ने कहा, कि यूपी में कासगंज जिले का नाम मान्यवर कांशीराम नगर के नाम से रखा था। जैसे ही सपा पावर में आई, उन्होंने नाम बदल दिया। मायावती ने कहा, इमरजेंसी के दौरान संविधान को कुचला गया। बाबा साहेब को संसद नहीं पहुंचने दिया था। बाबा साहेब को भारत रत्न नहीं दिया था। सपा ने कांशीराम का हमेशा अपमान किया। दलित समाज को जागरूक होना होगा। मायावती ने भाजपा के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की। पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर बसपा प्रमुख मायावती ने कहा, ÷हम वर्तमान सरकार के आभारी हैं क्योंकि समाजवादी पार्टी सरकार के विपरीत, इस स्थान पर आने वाले लोगों से एकत्र किए गए धन को वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा दबाया नहीं गया है... जब हम सत्ता में थे, और यह स्मारक स्थल बनाया गया था, तो हमने उन लोगों के लिए टिकट प्रदान करने का फैसला किया जो इसे देखना चाहते थे, और इससे उत्पन्न राजस्व का उपयोग अन्य चीजों पर नहीं किया जाएगा, बल्कि इसका उपयोग लखनऊ में बने पार्कों और अन्य स्मारक स्थलों के रखरखाव के लिए किया जाएगा। मायावती ने कहा, कि आप बसपा शासनकाल में बने कांशीराम स्मारक पर उन्हें श्रद्धांजलि देने आए हैं। इस स्मारक के कुछ हिस्सों की समय पर मरम्मत नहीं हो पाई थी, जिसके कारण आप उन्हें पुष्पांजलि अर्पित नहीं कर पाए थे।

लेकिन अब जबकि इसका अधिकांश भाग पूरा हो चुका है, आपने अपने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और लाखों की संख्या में कांशीराम को श्रद्धांजलि देने आए हैं कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर महारैली में आकाश आनंद ने कहा, कि आरक्षण अभी पूरा नहीं मिल पाया है। बसपा बाबा साहब की रास्ते पर चल रही है। मायावती कांशीराम के अधूरे काम को पूरा करने में लगीं हैं। यूपी की जनता को मायावती की जरूरत है। जातिवाद के पीड़ितों को मान-सम्मान की जिंदगी मायावती ने दी है। बसपा को मजबूत करके सत्ता में लाना है। बसपा सरकार में आरक्षण का सही लाभ मिल सकता है। यूपी में बसपा को सत्ता में जरूर लाना है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने बीएसपी चीफ मायावती के आरोपों का जवाब दिया है. अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि बीजेपी और बीएसपी के बीच साठगांठ है. गौरतलब है कि मायावती ने आज कांशीराम की पुण्यतिथि पर एसपी पर कई गंभीर आरोप लगाए थे. अब अखिलेश यादव ने एक-एक करके उनका जवाब दिया। मायावती के बयान पर अखिलेश यादव ने कहा कि सपा, नेताजी, राम मनोहर लोहिया और सभी जानते है कि सपा और नेता जी का संबध हमेशा से बहुजन समाज और वंचितों के साथ मजबूत रहा है. अखिलेश ने कहा कि कांशीराम को इटावा से सांसद बनाने के लिए हम सबका सहयोग रहा, उस समय जो कम्युनल पॉलिटिक्स का सामना सपा-बीएसपी ने मिलकर किया।

मायावती की सीएम योगी आदित्यनाथ की तारीफ पर अखिलेश ने कहा कि इसका मतलब ये है कि अंदर कोई साठगांठ है. उन्होंने कहा कि मायावती के अलावा अगर कांशीराम की प्रतिमा किसी ने लगाई तो मैंने लगवाई है।

### जिस कफ सिरप के पीने से 20 बच्चों की हुई मौत, उस कंपनी का मालिक गिरफ्तार

**ब्यूरो प्रयागराज।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में कफ सिरप के कारण 20 बच्चों की मौत के बाद दवा कंपनी के मालिक रंगनाथन को गिरफ्तार कर लिया गया है। चेन्नई पुलिस की सहायता से मध्य प्रदेश पुलिस ने यह कार्रवाई की। कफ सिरप कंपनी के मालिक रंगनाथन को तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई से गिरफ्तार किया गया है। मासूम बच्चों की मौत के बाद कंपनी मालिक रंगनाथन फरार था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। इसी कड़ी में पुलिस ने बीती रात उसे अरेस्ट कर लिया। रंगनाथन को आगे की जांच के लिए सुंगुवरछत्रम ले जाया जा रहा है। प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में 20 बच्चों की जिस 'कोल्ड्रिफ' कफ सिरप से मौत हुई थी, वह श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स ने बनाई थी। मृतकों में छिंदवाड़ा जिले के 18 और बैतूल जिले के 2 बच्चे शामिल हैं। जांच में खुलासा हुआ कि सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा तय सीमा से ज्यादा थी, जिससे बच्चों के गुर्दे (किडनी) फेल हो गए। इस घातक लापरवाही के बाद राज्य सरकार ने श्रीसन फार्मा के सभी उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया। मामले में सिरप लिखने वाले डॉक्टर प्रवीण सोनी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी जमानत याचिका भी अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एडीजे), परासिया ने खारिज कर दी।

# बिहार में बदलाव चाहते हैं दलित, सीएम नीतीश से मोह हुआ भंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** दलित और आदिवासी संगठनों के राष्ट्रीय परिसंघ (एनएसीडीएओआर) के अध्यक्ष अशोक भारती ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि बिहार में दलित हाशिए पर हैं और बदलाव के लिए अधीर हैं।उन्होंने 'दलित क्या चाहते हैं' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी करते हुए बुधवार को यह दावा किया रिपोर्ट के अनुसार, बिहार में दलित साक्षरता दर 55.9 प्रतिशत है जो इस समुदाय के राष्ट्रीय औसत 66.1 प्रतिशत से काफी कम है।इसके अनुसार, बिहार में लगभग 62 प्रतिशत दलित अब भी निरक्षर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुसहर समुदाय की स्थिति और भी गंभीर है और उनकी साक्षरता दर 20 प्रतिशत से भी कम है जो भारत में किसी भी जाति समूह में सबसे कम है। रिपोर्ट में शिक्षा मंत्रालय द्वारा किए जाने वाले वार्षिक सर्वेक्षण 'अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण' का हवाला देते हुए कहा गया है कि 19.65 प्रतिशत जनसंख्या हिस्सेदारी और 17 प्रतिशत संवैधानिक आरक्षण के बावजूद संकाय सदस्यों और छात्रों में केवल 5.6 प्रतिशत दलित हैं।इसमें कहा गया है कि लगभग 63.4 प्रतिशत दलित गैर-कामगार हैं जिनमें मुख्य रूप से महिलाएं और युवा शामिल हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार, दलितों में शिशु मृत्यु दर प्रति 1,000 जीवित शिशुओं पर 55 है जबकि इस मामले में राज्य का औसत 47 और राष्ट्रीय औसत 37 है।रिपोर्ट में कहा गया कि इसी प्रकार, दलित महिलाओं में मातृ मृत्यु दर प्रति 1,000 जीवित शिशुओं के जन्म पर 130 है जबकि इस मामले में राज्य का औसत 118 और राष्ट्रीय औसत 97 है। इसमें कहा गया कि 84 प्रतिशत से अधिक दलित परिवार भूमिहीन हैं और केवल सात प्रतिशत के पास ही खेती योग्य जमीन है।रिपोर्ट के अनुसार, दलित परिवारों की औसत प्रति व्यक्ति आय 6,480 रुपये है जो राज्य के औसत से लगभग 40 प्रतिशत कम है। रिपोर्ट के अनुसार, 2010 से 2022 के बीच, बिहार में दलितों पर अत्याचार के 85,684 मामले दर्ज किए गए यानी औसतन प्रतिदिन 17 घटनाएं दर्ज की गई।

### भदोही में आंचल कुमारी बनी एक दिन की सांकेतिक जिलाधिकारी

**भदोही।** सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम मिशन शक्ति के अंतर्गत गुरुवार को मेधावी बालिका आंचल कुमारी को एक दिन के लिए सांकेतिक जिलाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी आँचल कुमारी ने जनता दर्शन में आये फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित और न्यायपूर्ण कार्यवाही करने का निर्देश भी दिया। और वीडियो कॉन्फ्रेंनिंग के माध्यम से जनपद, तहसील और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों से मीटिंग भी की। साथ ही महिला सशक्तिकरण और मिशन शक्ति के बारे में लोगो को विस्तार से चर्चा भी की। इस दौरान भदोही के जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने बालिका को सम्मानित भी किया और बधाई और शुभकामनाएं दी। मालूम हो कि आंचल कुमारी मां शीतला शिवराजी देवी इंटर कॉलेज कालीपुर,11वीं की छात्रा है और हाईस्कूल 2025 में आँचल ने 96.33त्न अंक प्राप्त की थी प्रदेश में 10वां स्थान और जिला में दूसरा स्थान प्राप्त की। इसी तरह जीआईसी की 12वीं की छात्रा खुशी गुप्ता ने भी एक दिन के लिए जिला प्रोबशन अधिकारी बनी और कई फरियादियों की फरियाद सुनी। इस मौके पर भारी संख्या लोग मौजूद रहे।

## शिक्षा और स्वास्थ्य निःशुल्क होने चाहिए,, डॉ के पी सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोरांव प्रयागराज।** स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज के प्रसिद्ध डॉक्टर के पी सिंह ने बृहस्पतिवार को कोरांव गांधी चौराहा मेजा वाली रोड पर स्थित सुदूल अस्पताल का फीता काट कर उद्घाटन किया। उस मौके पर भाजपा सपा बसपा कांग्रेस सहित विभिन्न दल और समाज के आम लोग उपस्थित रहे। डाक्टर के पी सिंह एडवांस लेप्रो,एवं एंडोस्कोपिक प्लास्टिक मैक्शिलोफेशियल सर्जन मुख्य अतिथि ने कहा कि जन हित में शिक्षा और स्वास्थ्य निःशुल्क होनी चाहिए,जिससे हर मध्यम तबका भी उसका लाभ उठा सके। श्री सिंह ने कहा कि हर क्षेत्र में हर कुनबे में गांवों मोहल्लों में स्वास्थ्य संबंधित गोष्ठियां के जरिए जागरूकता की जरूरत है। जिससे बीमारियों के बारे में लोग सतर्कता बरतें। उन्होंने महिलाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की बीमारियों और उसके बचाव उपचार के बारे में लोगों को जानकारियां दी। उन्होंने कहा पहले हम सरकार द्वारा दिए गए दायित्वों का समयअंतर्गत निर्वहन करता हूं। रोगियों की देखभाल उपचार का कार्य करता हूं। इसके बाद ही अन्य समय मिलने पर व्यक्तिगत रूप से रोगियों के उपचार में समय देता हूं। मेरा प्रयास होता है कि हर जरूरत मंद गरीब मरीज के काम आ सकूं। जिससे शकून मिलता है इसी तरह उक्त उद्घाटन पर डाक्टर अल्ताफ अहमद निदेशक जहांगीर मेमोरियल नैनी प्रयागराज,डाक्टर सैय्यद आरिज कादरी,निदेशक प्रयागराज अस्पताल करेली आयुष्मान अस्पताल प्रयागराज,डाक्टर अखिलेश शुक्ला,डाक्टर अनवर अहमद आदि उपस्थित रहे। सुदूल अस्पताल के प्रबंधक डाक्टर एम के खान,जनरल फिजिशियन,सर्जन एवं डाक्टर रमित कुमार कुशवाहा हड्डी रोग विशेषज्ञ ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व चेयर मैंन गोपालजी केसरी,सोमदत्त सिंह पटेल,पवन सोनकर,संजय सिंह पटेल,अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ग्राम प्रधान आदि सहित तमाम चिकित्सक,जांच के संबंधित चिकित्सक और मरीज महिलाएं पुरुष मौजूद रहे।

# नीबी लोहगरा में श्रीमद् भागवत कथा का भी भव्य आयोजन

**●भागवत में भगवान श्रीकृष्ण का अक्षराकार स्वरूप, शांति और समृद्धि का संदेश।इु**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज यमुनानगर।** तहसील बारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा नीबी लोहगरा में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया। भागवत में भगवान श्रीकृष्ण का अक्षराकार स्वरूप प्रस्तुत किया गया। शास्त्रों में भगवान की विभिन्न मूर्तियों का वर्णन है– पाषाण, रत्न, लकड़ी, मिट्टी और सोने से निर्मित। इसी प्रकार भागवत भगवान की अक्षरों से बनी विशेष मूर्ति मानी जाती है। भागवत में कहा गया है कि कल्पवृक्ष स्वर्ग की और चिंता मणि पृथ्वी लोक की समस्त संपत्ति देने में समर्थ हैं, जबकि भागवत स्वयं भगवान को देने में समर्थ है। जिस घर में प्रतिदिन भागवत पाठ होता है, वहां सारी व्याधियां समाप्त हो जाती हैं। भूत-प्रेत, बाधाएं, ब्रह्म-पिशाच आदि भागवत कथा से दूर हो जाते हैं। महाराष्ट्र से पधारे हुए सुप्रसिद्ध कवि और साहित्यकार पं. निर्मल कुमार शुक्ल ने कथा के दूसरे दिवस विशाल श्रोताओं को भाव-विभोर करते हुए देवर्षि नारद जी के पूर्व जन्म, परीक्षित के जन्म, कलियुग का दमन, श्रृंगी ऋषि द्वारा राजा को सातवें दिन तक्षक नाग का शाप और शुकदेव आगमन की कथाओं का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने सृष्टि रचना का विवरण देते हुए कहा कि भगवान के शरीर से पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि आदि महाभूत प्रकट होते हैं। नाभि-कमल से ब्रह्मा जी का प्रादुर्भाव होता है। ब्रह्मा जी के शरीर से वाराह भगवान प्रकट होकर हिरण्याक्ष का वध कर पाताल लोक से पृथ्वी लाते हैं। ब्रह्मा के शरीर के दक्षिण भाग से महाराज मनु और वाम भाग से देवी सतरूपा का जन्म होता है, जिनसे मानव सृष्टि की रचना होती है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व समाजसेवी स्व. पं. जंगी राम दूबे की स्मृति में उनके सुपुत्र पं. अमरनाथ दूबे द्वारा आयोजित भागवत भगवान् कथा महोत्सव में पं. महेंद्र शुक्ल, डा. आशाराम शुक्ल, कमलाकांत तिवारी, राज हंस तिवारी, पं. भोलानाथ दूबे, नवनीत मिश्र, चंद्रमणि मिश्र, बलदेव सिंह, दिवाकराचार्य त्रिपाठी, रामकृष्ण मिश्र, अभिराम त्रिपाठी सहित क्षेत्र के अनेक विशिष्ट महानुभाव उपस्थित रहे। पं. अभय शंकर दूबे, हृदय शंकर दूबे, अमिय शंकर दूबे और अनिय शंकर दूबे ने अतिथियों का स्वागत किया। दूबे परिवार ने सभी क्षेत्रीय श्रद्धालु श्रोताओं से अधिकाधिक संख्या में पधारकर इस आध्यात्मिक कथा में भाग लेने और भक्ति भाव रुपी गंगा में स्नान करने का आग्रह किया। यह कथा भागीरथी, दिनांक 14 तक प्रतिदिन मध्याह्न 2–30 से 6 बजे तक प्रवाहित होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### जनजातीय प्रखंड पाकुड़िया में की जाए नशाबंदी, नशे की लत से बढ़ रहा है पारिवारिक कलह- प्रखंड प्रमुख कालीदास मरांडी



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** पाकुड़िया प्रखंड प्रमुख कालीदास मरांडी ने शराब और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन पर प्रतिबंध लगाने की अपील की है। उन्होंने यह मांग 9 अक्टूबर को झारखंड प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है। प्रखंड प्रमुख ने मीडिया को प्रेषित पत्र में कहा कि पाकुड़िया प्रखंड में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अधिकांश लोग, जिनमें युवा वर्ग भी शामिल है, नशे की लत में फंसते जा रहे हैं। मरांडी ने एक आकलन के आधार पर बताया कि इन इलाकों के अधिकांश लोगों की आर्थिक स्थिति दयनीय है। नशीले पदार्थों के सेवन के कारण आर्थिक अभाव बना रहता है, जिससे शिक्षा बाधित होती है, बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और पारिवारिक कलह में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण कई लोग, जिनमें कम आयु के युवक भी शामिल हैं, अल्पायु में ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। इन कुपरिणामों का उल्लेख करते हुए प्रमुख कालीदास मरांडी ने राज्य के मुख्यमंत्री से नशाबंदी लागू करने की विशेष अपील की है, ताकि लोगों को नशे से छुटकारा मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने उपचार केंद्र खोलने की मांग भी की है, ताकि नशे के आदी लोगों का उपचार कर उन्हें सुधारा जा सके। प्रखंड प्रमुख ने इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी पाकुड़िया, उपायुक्त पाकुड़, मुख्यमंत्री और माननीय राज्यपाल रांची को भी पत्र प्रेषित कर विशेष अपील की है।

### जद(यू0) प्रदेश महासचिव मुख्यालय प्रभारी अनिल कुमार को पुष्प गुच्छे देकर किया सम्मानित- प्रमोद कुमार पटेल



**गोपालगंज- पटना-** जनता दल युनाइटेड प्रदेश कार्यालय में प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी अनिल कुमार को बिहार राज्य नागरिक परिषद का सदस्य बनाए जाने पर उन्हें पुष्प गुच्छे देकर जनता दल युनाइटेड प्रदेश महासचिव सह सिवान जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, प्रदेश कोषाध्यक्ष सह विधान पार्षद ललन श्राफ् विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी, राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री विजय कुमार चौधरी, के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अनिल कुमार को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दिया! इस मौके पर प्रदेश महासचिव सह जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल के साथ पूर्व मंत्री सह, राज्य मछुआरा आयोग के उपाध्यक्ष अजीत चौधरी, विधानसभा प्रभारी पशुपतिनाथ पटेल, ललन माझी, दिग्विजय कुशवाहा, जुनेद आलम, जयप्रकाश कुशवाहा, बालमुकुंद चौहान, प्रमोद पासवान, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रोफेसर जयराम यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित थे! श्री पटेल ने कहा कि 2025 में माननीय नीतीश कुमार पुनः मुख्यमंत्री बनेंगे, बिहार में एनडीए की लहर है कार्यकर्ता उत्साहित हैं एवं 2025 में 225 विधानसभा सीट जीतने के लिए संकल्पित है!

### ग्राम पंचायतों में दिखी विकास की रफ़्तार, बीडीओ अभय कुमार ने सराहा कार्य

**गोण्डा।** रूपईडीह विकास खंड की ग्राम पंचायतें अब धीरे-धीरे विकास की नई परिभाषा गढ़ रही हैं। ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी अभय कुमार द्वारा किए गए निरीक्षण में ग्राम पंचायत बेलवा भान और बिछुड़ी के कार्य संतोषजनक पाए गए। यह न केवल प्रशासनिक सतर्कता का संकेत है, बल्कि स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका का भी उदाहरण है। बीडीओ अभय कुमार ने कार्यों की गुणवत्ता पर संतुष्टि जताते हुए निर्देश दिया कि हर पूर्ण परियोजना स्थल पर सूचना बोर्ड लगाया जाए, ताकि जनता को योजनाओं की जानकारी पारदर्शी रूप से मिल सके। निरीक्षण के दौरान एपीओ के. पी. सिंह, ग्राम प्रधान विवेक शुक्ला सहित अन्य ग्रामीण प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनकी उपस्थिति इस बात का प्रमाण है।

## पत्नी छोड़ो, वाई श्रेणी सुरक्षा पाओ', सपा सांसद रमाशंकर ने भोजपुरी स्टार पवन सिंह पर कसा तंज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया/सलेमपुर-** पवन सिंह को मिली वाई श्रेणी की सुरक्षा को लेकर सलेमपुर सांसद ने निशाना साधा। कहा कि पत्नी छोड़ो और वाई श्रेणी सुरक्षा पाओ भाजपा की नई पॉलिसी बन गई है। भोजपुरी स्टार पवन सिंह को मिली वाई श्रेणी की सुरक्षा पर सलेमपुर से सपा सांसद रमाशंकर राजभर विद्यार्थी ने बड़ा हमला बोला। उन्होंने बुधवार को बेल्थरारोड में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि बीजेपी परिवार तोड़ने वालों को नेता बनाती है। अब तो हालत ये है कि पत्नी छोड़ो और वाई श्रेणी सुरक्षा पाओ नई पॉलिसी बन गई है। सांसद रमाशंकर राजभर ने कहा कि पवन सिंह जैसे बड़े गायक बलिया की बेटी के साथ अन्याय कर रहे हैं और बीजेपी उन्हें उम्मीदवार बनाकर सुरक्षा दे रही है। उन्होंने कहा कि धर्म से ऊपर राष्ट्र है, लेकिन बीजेपी धर्म और परिवार दोनों तोड़ने वालों को ही आगे बढ़ाती है। विपक्ष के इस वार से सियासत में हलचल तेज हो गई है। उन्होंने आई लव मोहम्मद पर यूपी में हो रहे बवाल पर कहा कि बीजेपी अब हिंदू तुष्टीकरण कर रही है। उन्होंने कहा कि जय श्रीराम और जय सीताराम कहने का जैसे ट्रेंड है, वैसे ही आई लव मोहम्मद अंग्रेजी में कहने का ट्रेंड चला। इसमें गलत क्या है? लेकिन सरकार भाईचारा को लेकर आग लगा रही है, उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पर जूता फेंकने की घटना की भी निंदा की और कहा कि यह भारतीय संविधान पर हमला था। उन्होंने दावा किया कि बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार बननी तय है। दावा किया कि यूपी में अब पीडीए भी जागरूक हो गया है और अपने अधिकार के लिए 2027 में सपा की सरकार बनाने के लिए तैयार है, इसे भाजपा सरकार समझ चुकी है कि 2027 में उनकी विदाई होगी, जिससे भाजपा बौखला गई है। इस मौके पर अनेक सपा नेता मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 147 गर्भवती महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पकुड़, झारखंड-** प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 अक्टूबर को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 147 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच डॉक्टर प्रीतम कुमारी एवं गंगा शरण साह ने की। स्वास्थ्य जांच के क्रम में चिकित्सकों ने वजन, रक्तचाप, फीवर और आयरन की जांच कर आवश्यक दवाएं दीं। बताया जाता है कि प्रत्येक महीने की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग से मिली सूचना के अनुसार यदि किसी कारणवश इस तिथि को कोई महिला स्वास्थ्य परीक्षण नहीं करा सकी तो महीने के अंतिम बुधवार को जांच करा सकती है। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत चिकित्सकों ने संतुलित भोजन, मौसमी फल और सब्जियां खाने की सलाह दी। वहीं गर्भवती महिलाओं को भारी काम नहीं करने की सलाह दी गई, पर घरेलू हल्के काम करने को कहा गया ताकि शारीरिक स्फूर्ति बनी रहे। बताते चलें कि प्रत्येक महीने की 9 तारीख को पाकुड़िया प्रखंड के विभिन्न सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य साहिया के साथ परीक्षण हेतु आती रही हैं। गर्भवती महिलाओं एवं विशेष प्रकार के रोगियों को चिकित्सा के लिए स्वास्थ्य केंद्र लाने में पूरा सहयोग दिया जाता रहा है। स्वास्थ्य परीक्षण में तकनीशियन निगेश प्रसाद, अटल प्रसाद, शैलेन्द्र सोरेन, राजकुमार, अलखनिरंजन प्रसाद, योगेश प्रसाद, शिवशंकर, नित्य कुमार पाल एवं नर्सों की सहभागिता देखी गई। समाचार लिखे जाने तक 147 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका था।

## चौपारण में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ भव्य आगाज, 32 टीमें ले रहीं हैं हिस्सा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** सांसद खेल महामहोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का चौपारण के बिरसा खेल मैदान डुमरी बच्छई में भव्य शुभारम्भ हुआ। प्रखंड स्तरीय प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का उद्घाटन बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने मशाल जलाकर किया। उद्घाटन से पूर्व विधायक ने सभी उपस्थित खिलाड़ियों और दर्शकों को नशा नहीं करने और दूसरों को इस बारे में जागरूक करने की शपथ दिलाई।

उद्घाटन मुकाबले में पुरुष वर्ग में गंगाआहार की टीम ने भटबिगहा को 2-0 से पराजित कर अगले दौर में जगह बनाई। वहीं, महिला वर्ग में भटबिगहा की टीम ने डुमरी को हराकर अपनी विजय पताका फहराई। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने का उचित मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल जैसे खेलों से जुड़कर युवा मानसिक व शारीरिक रूप से फिट हो रहे हैं। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया है।

**सफल आयोजन में इनकी रही भूमिका**

प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, सचिव विजय यादव, कोषाध्यक्ष सहदेव प्रसाद यादव, उपसचिव बिनोद सिंह, मोहन साव, उपाध्यक्ष अशोक यादव, विजय मधेसिया, संयोजक बालेश्वर राणा, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चनद्रवंशी, मुकेश सिन्हा ने महती भूमिका निभाई। मंच संचालन शंकर दयाल साव ने किया। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा नेता रमेश ठाकुर, अर्जुन साव, राजदेव यादव, गुरुदेव गुप्ता, रामस्वरूप पासवान, मुकुंद साव, गजाधर प्रसाद, आशीष सिंह, विकास यादव, बंसत साव, कृष्णा साव, मुखिया सन्तोष सिंह, जानकी यादव, स्थानीय उपमुखिया संजय साव, सुजीत यादव, सकलदेव यादव, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व के सिद्धांत पर सिंगल विंडो सिस्टम से पूरी पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ मिलेगी सुविधा- डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपालगंज ( बिहार )-** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री पवन कुमार सिन्हा के द्वारा जिला स्तरीय बैठक में जिला के सभी वरीय पदाधिकारी सहित कोषांगों के सभी नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक कर निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शुचिता सुनिश्चित करने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत जारी निषेधाज्ञा, आदर्श आचार संहिता के प्रावधान, संपत्ति विरूपण अधिनियम 2010, सिंगल विंडो सिस्टम, नॉमिनेशन प्रक्रिया, सी-विजिल ऐप, डायल 1950, चुनाव कार्यक्रम विवरणी, तथा चुनावी व्यय मॉनिटरिंग प्रणाली से अवगत कराया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति, राजनीतिक दल अथवा संगठन द्वारा राजनीतिक प्रयोजन से संबंधित सभा, जुलूस, धरना या प्रदर्शन का आयोजन बिना सक्षम पदाधिकारी की पूर्व अनुमति के नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) का उपयोग रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक वर्जित रहेगा। साथ ही राजनीतिक प्रचार में प्रदूषण फैलाने वाले सामग्री, आपत्तिजनक पोस्टर, आलेख या फोटो, तथा धर्म या जाति के नाम पर प्रचार पूरी तरह निषिद्ध है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल या व्यक्ति द्वारा धार्मिक स्थल का उपयोग राजनीतिक प्रचार हेतु नहीं किया जाएगा तथा सांप्रदायिक भावना भड़काने, मतदाताओं को डराने-धमकाने, या हिंसक प्रदर्शन जैसे कृत्यों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर अग्नि अस्त्र, लाठी, भाला, तीर-धनुष या किसी भी प्रकार के घातक हथियार का प्रदर्शन पूर्णतः वर्जित रहेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी सार्वजनिक संपत्तियों जैसे सरकारी भवन, दीवार, बिजली पोल, पुलिया आदि से सभी पोस्टर, बैनर, झंडे और दीवार लेखन का किसी भी स्थल पर उल्लंघन पाया जाता है, तो प्रशासन द्वारा संबंधित प्रत्याशी/पार्टी से खर्च की वसूली की जाएगी तथा संपत्ति विरूपण अधिनियम 2010 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भ्रामक जानकारी या चुनावी प्रोपेगेंडा फैलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, और ऐसे मामलों की निगरानी के लिए विशेष टीम गठित की गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन कार्यों में सुगमता और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से सिंगल विंडो सिस्टम लागू है। इसके माध्यम से राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को विभिन्न प्रकार की अनुमतियां 'फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व' के आधार पर प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि आवेदन करने की ऑनलाइन प्रक्रिया है। प्रत्येक आवेदन को समयबद्ध, सुव्यवस्थित और पूर्ण पारदर्शी रूप से निष्पादित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में चुनावी व्यय की निगरानी के लिए निर्वाचन व्यय कोषांग गठित किया गया है। प्रत्येक प्रत्याशी को एक नया बैंक खाता खोलना अनिवार्य है, जिसमें सभी चुनावी व्यय का संधारण किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि विधानसभा प्रत्याशियों के लिए अधिकतम व्यय सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित है। व्यय की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी व्यय प्रेक्षक के रूप में नियुक्त रहेंगे, जो सतत निगरानी और मूल्यांकन करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के पालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी राजनीतिक दलों से स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में आयोग के दिशा निर्देश तथा लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करें। उन्होंने बताया कि आम नागरिक भी किसी प्रकार के आचार संहिता उल्लंघन की सूचना "सी-विजिल" मोबाइल एप के माध्यम से तत्काल दे सकते हैं। यह एप सीधे निर्वाचन आयोग से जुड़ा है और शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित किया जाएगा।इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर डायल 1950 हेल्पलाइन नंबर सक्रिय है, जहां कोई भी मतदाता या नागरिक चुनाव से संबंधित शिकायत, सुझाव या जानकारी प्राप्त कर सकता है। जिला पदाधिकारी ने सभी दलों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि "स्वच्छ, पारदर्शी और भयमुक्त मतदान ही लोकतंत्र की सच्ची पहचान है। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री कुमार निशान्त विवेक, अपर समाहर्ता एवं नोडल पदाधिकारी जिला निगरानी कोषांग श्री राजेश्वरी पाण्डेय, अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण श्री रोहित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज सदर श्री अनिल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी हथुआ, श्री अभिषेक कुमार चंदन सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### फार्मासिस्ट की लापरवाही से मरीज बेहाल, मुफ्त दवाओं पर टालमटोल जारी

**गोण्डा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपईडीह पर फार्मासिस्ट की मनमानी से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिना शुल्क लिए मुफ्त की दवाएं नहीं दी जा रही हैं। केंद्र पर तैनात डॉ. जितेंद्र मिश्रा द्वारा मरीजों को लिखी गई कई दवाएं फार्मासिस्ट नींबू लाल उपलब्ध न होने का बहाना बनाकर नहीं देते, सुविधा शुल्क उपलब्ध कराने पर तुरंत दवा उपलब्ध हो जाती है। लेकिन गरीब मरीजों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। मिली जानकारी के अनुसार, दवा लेने पहुंचे बुजुर्ग रामतीर्थ को फार्मासिस्ट ने 'आई ड्रॉप' देने से यह कहते हुए मना कर दिया कि दवा दो दिनों से खत्म है। जब मरीज ने इसकी शिकायत डॉ. जितेंद्र मिश्रा से की, तब जाकर दवा उपलब्ध कराई गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। आए दिन मरीजों को "दवा खत्म है" कहकर वापस भेज दिया जाता है, लेकिन सुविधा शुल्क उपलब्ध कराने पर अंदर से दवाएं मिल जाती है।जबकि केंद्र पर पर्याप्त स्टॉक होने की बात कही जाती है। इस बाबत पूछे जाने पर केंद्र प्रभारी डॉ. जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि बुजुर्ग मरीज को दवा उपलब्ध करा दी गई है और फिलहाल सभी दवाएं पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जनता के लिए जीवन रेखा माने जाते हैं। यदि वहीं मुफ्त दवाओं के वितरण में लापरवाही और मनमानी हो, तो यह व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा कमजोर करती है।बुजुर्ग मरीज न उच्च अधिकारियों से म मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाने की मांग की है और यह सुनिश्चित किया जाए कि हर मरीज को केंद्र से मुफ्त, समय पर और सम्मानपूर्वक दवा मिले। स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही ही ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मज़बूत बना सकती है।

## प्रभारी मंत्री का अखिलेश पर वार

**● कहा कि आजम खां पर जिन मामलों में मुकदमे दर्ज हुए और वे जेल गए, उस समय अखिलेश यादव ने कभी उनका साथ नहीं दिया**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री गुरुवार को बलिया पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर मीडिया से खुलकर बातचीत की। समाजवादी पार्टी के इस आरोप पर कि सरकार विकास का रिकॉर्ड नहीं बना पाई, लेकिन आजम खां पर फर्जी मुकदमों का रिकॉर्ड बना दिया, मंत्री ने तीखा पलटवार किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आजम खां पर जिन मामलों में मुकदमे दर्ज हुए और वे जेल गए, उस समय अखिलेश यादव ने कभी उनका साथ नहीं दिया। जब अखिलेश को मीडिया के माध्यम से पता चला कि आजम खां का झुकाव बसपा की ओर है, तब वे डर के कारण मिलने पहुंचे। मंत्री ने इसे "सिर्फ व्यक्तिगत राजनीति" बताते हुए कहा कि अगर ऐसा न होता तो अखिलेश यादव को आज ऐसे दिन नहीं देखने पड़ते। युवाओं के पलायन के सवाल पर मंत्री ने कहा कि पूरा देश और प्रदेश तेजी से विकास की राह पर है। जिलेवार यह नहीं कहा जा सकता कि किसी योजना से युवाओं को लाभ नहीं मिला। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की युवा उद्यमी ऋण योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इस योजना से हर युवा लाभान्वित हुआ है। मंत्री ने बताया कि 5 लाख रुपए तक की उद्यमी योजना और बढ़ते रोजगार के अवसरों ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में सबसे ज्यादा स्टार्टअप शुरू हुए हैं, जिससे युवाओं को काम और आगे बढ़ने के नए अवसर मिले हैं। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब उत्तर प्रदेश से उद्योगपति पलायन कर रहे थे, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर प्रदेश में 40 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आकर्षित किए हैं। मंत्री ने दावा किया कि सरकार प्रदेश के हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और युवाओं को रोजगार, शिक्षा व उद्यम के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान कर रही है।

## मधुपुर में फिर लापता हुआ नाबालिग, 15 वर्षीय शिवम कुमार पांडेय की तलाश में परिजन परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंड-** मधुपुर शहर में नाबालिग बच्चों के लापता होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मधुपुर थाना क्षेत्र के चांदवारी मोहल्ले से एक और किशोर रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया है। लापता बालक का नाम शिवम कुमार पांडेय (उम्र 15 वर्ष) है, जो रंजीत कुमार पांडे का पुत्र है। घटना बीते मंगलवार दोपहर की बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार, शिवम घर से निकला था और उसे आख़िरी बार जलाईया और सास्तर क्षेत्र में देखा गया था। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिला है। परिवार के अनुसार, शिवम का रंग गोरा है और उसका कद लगभग 5 फीट 6 इंच है। उनका घर नियर मार्बल हाउस, चांदवारी, मधुपुर (देवघर) में स्थित है। परिजनों ने मधुपुर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है, लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। बच्चे के पिता रंजीत पांडेय् ने भावुक होकर कहा "हमने पुलिस को सारी जानकारी दी, लेकिन अब तक कोई मदद नहीं मिली। बस यही उम्मीद है कि हमारा बेटा सुरक्षित लौट आए।" वहीं, बच्चे की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि वे हर पल बेटे के लौटने की आस लगाए बैठी हैं और पुलिस प्रशासन से तेज़ कार्रवाई की मांग की है।स्थानीय लोगों में भी इस घटना को लेकर गहरी चिंता और आक्रोश देखा जा रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से सर्च ऑपरेशन तेज़ करने और लापता बालक को जल्द से जल्द खोज निकालने की अपील की है। इस बीच, जब रिपोर्टर शुभम बनर्जी ने परिवार से मुलाकात की, तो घर का माहौल गमगीन था। मां-बाप की आंखों में आंसू और बेचैनी साफ झलक रही थी। वे बार-बार यही कह रहे थे "बस किसी भी तरह हमारा बच्चा वापस आ जाए।" लोगों से सहयोग की अपील स्थानीय नागरिकों ने आम जनता से भी अपील की है कि अगर किसी को शिवम कुमार पांडे के बारे में कोई भी जानकारी मिले, तो कृपया मधुपुर थाना (PIN 815353) या परिवार के मोबाइल नंबर 9939978313 पर तुरंत संपर्क करें, ताकि बालक को जल्द सुरक्षित वापस लाया जा सके।

## बरही में पंचायत समिति सदस्यों की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**● विकास कार्यों और जनसमस्याओं पर हुई विस्तृत चर्चा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड-** बरही प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रमुख मनोज रजक ने की। बैठक में बरही बीडीओ जयपाल महतो, विभिन्न पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य, उनके प्रतिनिधि और विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड के विकास कार्यों की समीक्षा करना और जनसमस्याओं के समाधान पर ठोस निर्णय लेना था। बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। आधार कार्ड सीडिंग कार्य को लेकर निर्णय लिया गया कि अब यह कार्य प्रखंड कार्यालय में प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा, जिससे आम नागरिकों को सुविधा मिल सके। बिजली विभाग से जुड़ी कई शिकायतें सदस्यों द्वारा उठाई गईं। पंसस ने बताया कि दुलमाहा टोला, चंदन नगर, मलकोको पंचायत और बेलादोहर पंचायत में बिजली के तार झूल रहे हैं, जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। इस पर विद्युत विभाग के जेई ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शीघ्र सुधार का आश्वासन दिया। इसके अलावा दुलमाहा बांडी पहाड़ी के नीचे सिमरा दोहर टोला दलित बस्ती में सड़क के अभाव की समस्या पर भी चर्चा हुई। बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल बरही के डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने जानकारी दी कि अस्पताल में प्रसव की पूरी व्यवस्था उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि अब महिलाओं को प्रसव के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। बैठक में प्रमुख मनोज रजक ने कहा कि विकास कार्यों की गति तेज करने के साथ-साथ जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में प्रतिनिधियों में उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी, बीसीओ संजय यादव, बिजली विभाग जेई अभिषेक आनंद, पंचायत समिति सदस्य गिरधारीलाल यादव, विकास सिंह, जीतू ठाकुर, मो. यूसुफ, बिहारी यादव, संतोषी कुमारी, सुमिया देवी समेत जनप्रतिनिधि नवलकिशोर सिंह, जितेंद्र गिरी, मो. सगीर, विकास यादव, सुजीत कुमार, विजय कुमार, गोपाल राम, मो इम्तियाज शामिल थे।

### वृन्दावन में होगा 16वां विशाल मां भगवती जागरण — भक्ति गीतों और झांकियों से गूंजेगी रात

**लखनऊ।** राजधानी के पीजीआई क्षेत्र स्थित वृन्दावन कॉलोनी में इस वर्ष भी श्रद्धा और आस्था का भव्य संगम देखने को मिलेगा। वृन्दावन आवासीय जनकल्याण महासमिति के आह्वान पर दिनांक 11 अक्टूबर 2025, शनिवार को 10सी बड़ा पार्क, वृन्दावन में 16वां विशाल मां भगवती जागरण धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। महासमिति के अध्यक्ष इंजीनियर लाल बहादुर पाण्डेय ने बताया कि जागरण में प्रसिद्ध भजन गायक रजत रंगीला (सीतापुर), करन जोहरी, जय श्री यादव एवं भोजपुरी गायक धीरज तिवारी अपनी भक्तिमयी प्रस्तुतियों से माहौल को देवीमय बनाएंगे। साथ ही लकी राज ग्रुप द्वारा आकर्षक और अद्भुत झांकियों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। महासमिति के कोषाध्यक्ष हिमांशु शेखर सिंह ने सभी माता भक्तों से आग्रह किया है कि वे कार्यक्रम में सम्मिलित होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें। वहीं, रविवार 12 अक्टूबर 2025 को समिति के तत्वावधान में मां भगवती का विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि मां भगवती सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और मंगल का संचार करें।

## मेरा युवा भारत साहेबगंज के द्वारा प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**साहेबगंज, झारखंड-** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार ,माय भारत (मेरा युवा भारत) साहिबगंज के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में बोरियो और पतना प्रखंड में प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, उ.उ. वि.सोती चौकी पांगड़ों बोरियो की प्रभारी प्राचार्य सुष्मिता सोरेन , पतना प्रखंड के शिवपहाड़ पंचायत के वार्ड आग्नेयस टुडू सगुड़ित दुर्गा तूरी और सोशल ऑडिट के सदस्य उपेंद्रनाथ साह उपस्थित रहे। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में फुटबॉल,लंबी कूद और पुरुष का 400 मीटर दौड़ और महिलाओं का 200 मीटर दौड़,रस्सी कूद और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया । अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल की शुरूआत किया गया । जिसमें अठगामा मांझी टोला,बड़तल्ला,सुगनिवासा, और दलदली गांव के खिलाड़ियों ने भाग लिया । फुटबॉल में,स्रष्ट क्लब अठगामा की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि छोटा अठ गामा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़(पुरुष) में सुनील टुडू प्रथम ,श्रीराम मुर्मू तृतीय और दनियाल सोरेन द्वितीय स्थान प्राप्त किया । लंबी कूद में सुनील टुडू प्रथम , राजेन सोरेन द्वितीय और शिव तूरी तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में सोफिया,सानिया नाउमी और काजल कुमारी ग्रुप ने भाग लिया जिसमें सोफिया ग्रुप ने प्रथम और सानिया ग्रुप द्वितीय स्थान प्राप्त किया । वही रस्सी कूद में नाजिमा खातून प्रथम,नैंसी कुमारी द्वितीय और सोनी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर की दौड़ में काजल कुमारी प्रथम ,फिजा खातून द्वितीय और रेहाना खातून ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में माई भारत के स्वयंसेवक चंदन कुमार और

# संक्षिप्त खबरें

## खाद्य सचल दल द्वारा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 05 नमूने संग्रहित किये

**प्रतापगढ़।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के अनुपालन में दीपावली गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के अवसर पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य/पेय यथा-खोया, पनीर, दूध, घी, मिठाईयां, नमकीन, ड्राई फ्रूट, खाद्य तेल, वनस्पति, रंगीन मीठे खिलौने एवं अन्य खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही कर मिलावटी खाद्य पदार्थो के भण्डार/विक्रय को प्रतिबन्धित करने व आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-।। अभय कुमार सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न बाजारों में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुरूप न होने के संदेह पर 05 खाद्य पदार्थो का नमूना संग्रहित कर विश्लेषण हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किये जा रहे है। खाद्य सचल दल द्वारा कटरा गुलाब सिंह स्थित संदीप कुमार अग्रहरि के खाद्य प्रतिष्ठान से सरसों तेल का एक नमूना संग्रहित करते हुए 158 लीटर सरसों तेल रूपये 170 प्रति लीटर कुल कीमत रूपये 26860 सीज किया गया। कटरा गुलाब सिंह स्थित दिनेश कुमार अग्रहरि के खाद्य प्रतिष्ठान से एक सरसो का तेल का एक नमूना संग्रहित करते हुए 60 लीटर स्पेलर से संग्रह कीमत रूपये 180 प्रति लीटर कुल कीमत रूपये 10800 सीज किया गया। जेठवारा स्थित मो0 फईम के खाद्य प्रतिष्ठान से बादाम का एक नमूना संग्रहित किये गये। जेठवारा स्थित रमेश कुमार गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान से बेसन को एक नमूना संग्रहित किये गये। जेठवारा स्थित सिन्टू किराना स्टोर के खाद्य प्रतिष्ठान से रिफाइण्ड सोबीन का एक नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सचल दल में रोशन सिंह, संतोष कुमार दुबे,यादव संजय कुमार नन्हकू, शहाब उद्दीन सिद्दीकी, डा0 तूलिका शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सरसौल में आठवें पोषण माह का आयोजन



**घाटमपुर-** कानपुर नगर के खंड विकास सरसौल में आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, बालविकास परियोजना सरसौल द्वारा आयोजित इस अवसर पर पोषण गोष्ठी और प्रदर्शनी लगाई गई , कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ विजय रत्ना तोमर ब्लाक प्रमुख सरसौल ने किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सरसौल निशांत राय,और बालविकास परियोजना अधिकारी मंजू रानी कुशवाहा भी उपस्थित रहीं, ब्लाक प्रमुख विजय रत्ना तोमर ने अपने संबोधन में महिलाओं और बच्चों के सुपोषण तथा महिला सशक्तिकरण पर विशेष जानकारी दी सरसौल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ अविनाश यादव ने स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत् एनीमिया और स्वस्थ जांच की विस्तृत जानकारी प्रदान की, कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने बच्चों को उपहार भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया, प्री प्राइमरी ग्रुप में अच्छा प्रदर्शन करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ और विभाग के सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ एवं सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया,इस आयोजन में खंड स्तरीय सभी अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, पंचायत, एनआरएलएम, शारीरिक सहकारिता,के प्रतिनिधि, आशापाल, आशा सचान, संजय कुमारी सुपरवाइजर आरिफ, ब्लाक कोआर्डिनेटर जगतधारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, और लाभार्थी समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित बाइक पुलिया से टकराई एक की मौत एक घायल

**महराजगंज तराई (बलरामपुर )** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवचरन डीह निवासी भूरे पुत्र रामगुलाम में उम्र लगभग 20 वर्ष व सूरज पुत्र छोटकऊ उम्र 20 वर्ष अपनी बाइक से ग्राम जनकपुर थाना कोतवाली गैसडी गए हुए थे। वापस लौटते समय प्यार गांव के पास लगभग 9:00 बजे बाइक अनियंत्रित होकर एक पुलिया से टकरा गई। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर भेजा गया। जहां पर डॉक्टर ने भूरे को मृत घोषित कर दिया। तथा घायल सूरज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उनको जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। बलरामपुर जिला चिकित्सालय से हालत नाजुक देखते हुए बहराइच के लिए रेफर किया गया है। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पांडये ने बताया कि घटना की सूचना मिली है शव को पीएम के लिए तुलसीपुर से भेजा गया है।

# साल्वेशन की शाम, सेनाओं के नाम शौर्य और सेवा का संगम बना जौनपुर का साल्वेशन हॉस्पिटल

**● ECHS योजना के तहत साल्वेशन हॉस्पिटल ने उठाया देश के वीर सपूतों की सेहत की जिम्मेदारी**

**जौनपुर में सेना के जवानों के लिए शुरू हुई निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी रहे साक्षी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जौनपुरः-** बुधवार की शाम जौनपुर जनपद के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बन गई, जब साल्वेशन हॉस्पिटल ने अपने प्रांगण में ÷साल्वेशन की शाम, सेनाओं के नाम÷ शीर्षक से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य था उन वीर सैनिकों को नमन करना जिन्होंने देश की सीमाओं पर डटे रहकर भारत की अखंडता की रक्षा की है। इसी के अंतर्गत साल्वेशन हॉस्पिटल ने ECHS (E&-Servicemen Contributory Health Scheme) का भव्य उद्घाटन किया, जिसके माध्यम से अब हमारे देश के पूर्व सैनिकों और उनके परिवारजनों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर इस ऐतिहासिक योजना का शुभारंभ किया। उनके साथ मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया, अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) अजय कुमार अंबष्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह और एसपी सिटी जौनपुर श्री आयुष श्रीवास्तव (आईपीएस) मौजूद रहे। इन सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि साल्वेशन हॉस्पिटल ने समाज और देश के वीर सपूतों के लिए जो कदम उठाया है, वह न केवल जौनपुर बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण है।

कारगिल से लेकर सीमाओं तक देश का मान बढ़ाने वाले हुए सम्मानित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल मनोज सिंह, कर्नल एल.के. प्रसाद, कर्नल आर.बी. सिंह, कर्नल आलोक सिंह धर्मराज ने संयुक्त रूप से की। इस मौके पर कारगिल युद्ध जैसे कठिन मोर्चों पर देश की विजय में योगदान देने वाले जांबाज़ सैनिकों को साल्वेशन हॉस्पिटल



द्वारा सम्मानित किया गया। मंच पर मौजूद सभी सैनिकों को सम्मानचिह्न, अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया गया। पूरे समारोह में उपस्थित लोगों की आँखें उस वक्त नम हो गई जब एक-एक कर मंच पर बुलाए गए पूर्व सैनिकों ने अपने युद्ध के अनुभव साझा किए और कहा – "आज हमें लगा कि हमारे बलिदान को सच में समाज ने याद रखा है। साल्वेशन हॉस्पिटल के एमडी व फिजिशियन डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि श्वष्टाास् का उद्घाटन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेना के प्रति समर्पण और सम्मान की सजीव भावना है।

उन्होंने कहा कि श्वष्टाास् के तहत हमारा अस्पताल गुरुवार से पूरी तरह सेवाएं देना शुरू कर चुका है। यह सुविधा देश के पूर्व सैनिकों के लिए पूरी तरह निःशुल्क है। जहाँ अन्य लोग व्यावसायिक दृष्टि से बड़े शहरों या विदेशों में अस्पताल खोलते हैं, वहीं हमने अपने ही जनपद कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर को चुना ताकि यहाँ के लोगों को घर पर ही उत्कृष्ट इलाज मिले। डॉ. विवेक ने आगे कहा कि साल्वेशन हॉस्पिटल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्टाफ की पूरी व्यवस्था है। हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक, न्यूरोलॉजी, गायनी, पीडियाट्रिक्स, फिजियोथेरेपी, पैथोलॉजी सहित हर विशेषज्ञता से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं, हमारा मकसद इलाज बेचना नहीं, बल्कि सेवा देना है। यह अस्पताल मुनाफे के लिए नहीं, मानवीय सेवा के लिए बना है।

साल्वेशन हॉस्पिटल की डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अब जौनपुर के लोगों को इलाज के लिए वाराणसी, लखनऊ या दिल्ली भागने की ज़रूरत नहीं है। साल्वेशन हॉस्पिटल में अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद हैं। हम अपने जनपद के हर व्यक्ति की सेवा निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि इस योजना के तहत सेना के जवानों के लिए पूर्ण रूप से निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। हमारे देश के जवान सीमाओं पर इसलिए तैनात रहते हैं ताकि हम अपने घरों में चैन से सो सकें। इसलिए उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारा कर्तव्य है। यही भावना साल्वेशन हॉस्पिटल को प्रेरित करती है।

इस पूरे कार्यक्रम के आयोजक और साल्वेशन हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक श्री प्रतीक श्रीवास्तव ने कहा – हमारे देश के जवान सबसे पहले हमारी सुरक्षा के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं। इसलिए साल्वेशन हॉस्पिटल ने निर्णय लिया है कि श्वष्टाास् के तहत सभी पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों का इलाज पूरी तरह से मुफ्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साल्वेशन हॉस्पिटल को इस स्तर पर खड़ा करने के पीछे एक ही लक्ष्य रहा – जनपदवासियों को सर्वोत्तम इलाज घर पर उपलब्ध कराना। हमारे अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण, 24म7 आपात सेवा, एक्सपर्ट डॉक्टर और मानवता की भावना से भरे स्टाफ मौजूद हैं। हम जौनपुर को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक आदर्श जनपद बनाना चाहते हैं। हमारे जनपदवासी एक बार हमारी सेवाओं को अवसर अवश्य दें, हम उन्हें निराश नहीं करेंगे।

**कार्यक्रम में गूंजा सम्मान और गर्व का स्वर**

इस मौके पर साल्वेशन परिवार के रूबी श्रीवास्तव, नितिन सिंह, साधना सिंह, प्रनव यादव, बीरबल यादव, पवन यादव और विशाल यादव सहित जनपद के अनेक अतिथिगण व सम्मानितगण शामिल रहे। पूरे आयोजन के दौरान देशभक्ति गीतों, सम्मान समारोह और दीप प्रज्वलन से पूरा माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर रहा। अंत में उपस्थित अधिकारियों और अतिथियों ने साल्वेशन हॉस्पिटल की टीम को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पहल समाज में स्वास्थ्य सेवा और संवेदना का नया अध्याय खोलेगी। जनपद जौनपुर के लिए मील का पत्थर साबित होगा साल्वेशन हॉस्पिटल"साल्वेशन की शाम, सेनाओं के नाम"के इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि जब सेवा भावना, चिकित्सा और राष्ट्रभक्ति एक साथ आती हैं, तो समाज में परिवर्तन अवश्य होता है। ECHS योजना के शुभारंभ से न केवल देश के पूर्व सैनिकों को राहत मिलेगी, बल्कि जौनपुर जनपद अब चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में भी अग्रणी जनपदों में शामिल हो जाएगा।

# स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा ये तीनों स्तंभ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं- अशोक चौरसिया

**● आत्मनिर्भरता का अभियान सिर्फ आर्थिक स्वावलंबन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देने का आंदोलन है- पुष्पराज सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जौनपुर -** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर बृहस्पतिवार को भाजपा में सिद्धार्थ उपवन में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में जिला प्रभारी एवं काशी क्षेत्र के महामंत्री अशोक चौरसिया एवं जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह और आत्मनिर्भर भारत अभियान के जिला संयोजक सुरेन्द्र सिंघानिया जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने भाग लिया इस अवसर पर उन्होंने अभियान के उद्देश्य घर घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी के नारे से जनता को जोड़ने की रणनीति पर विस्तार से जानकारी दी। प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी एवं काशी क्षेत्र के महामंत्री अशोक चौरसिया ने कहा कि स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा ये तीनों स्तंभ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि देश को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है, तो हर नागरिक को स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। इस विशेष




अभियान के तहत पार्टी के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद कर रहे हैं। गोष्ठियों, प्रचार माध्यमों और जनसंपर्क कार्यक्रमों के जरिए नागरिकों को स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि स्वराज ने हमें राजनीतिक स्वतंत्रता दी, अब समय है कि हम स्वदेशी के मार्ग पर चलकर आर्थिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पीएम विश्वकर्मा योजना, वन डिस्टिक्ट वन प्रोडक्ट तथा स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से देश के उत्पादकों और कारीगरों को नई पहचान दे रही है उन्होंने कहा कि "स्वदेशी संकल्प अभियान"केवल वर्तमान की जरूरत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत आर्थिक आधार तैयार करने वाला अभियान है इसमें युवाओं की भूमिका सबसे अहम होगी, क्योंकि युवाओं के हाथों में ही राष्ट्र के आर्थिक भविष्य की दिशा तय होगी। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाए हैं यह अभियान सिर्फ आर्थिक स्वावलंबन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देने का आंदोलन है स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना, लघु उद्योगों को सशक्त बनाना और 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को जन-जन तक पहुंचाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है यह अभियान 25 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक जिलेभर में चलाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न स्तरों पर कार्यशालाएं, संवाद कार्यक्रम और जनजागरण रैलियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि "आत्मनिर्भर भारत" की भावना तभी साकार होगी जब हर नागरिक देश के उत्पादों को अपनाएगा और स्वदेशी उद्यमों को सहयोग देगा।

आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक सुरेन्द्र सिंघानिया ने बताया कि अभियान के अंतर्गत युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें रोजगार सृजन, कौशल विकास, नवाचार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को सरकार की आत्मनिर्भर भारत से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देंगे। प्रेस वार्ता में जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल राजनीतिक पहल नहीं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की दिशा में जनभागीदारी का संकल्प है, जिसे भाजपा जिले के हर नागरिक तक पहुंचाने का कार्य करेगी। उक्त अवसर पर मल्हनी विधान सभा संयोजक प्रबुद्ध दुबे पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता जिला सह मीडिया प्रभारी सुशांत चौबे।

# मान्यवर कांशीराम साहब ने फुले, शाहू, पेरियार और बाबासाहब के मिशन को आगे बढ़ाया जो अब PDA के रूप में आपके साथ हैः- राकेश मौर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जौनपुर-** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी जौनपुर के तत्वाधान में बहुजन के नायक मान्यवर कांशीराम साहब का परिनिर्वाण दिवस सदर चुंगी, अल्फस्टीनगंज स्थित सपा के ज़िला कार्यालय पर दिन में 11 बजे ज़िलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में बड़ी सादगी के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम उपस्थित सपाजनों ने जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के साथ मान्यवर कांशीराम साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात गोष्ठी आयोजित कर उनके विचारों पर चर्चा कराते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि शोषित वंचित समाज के हितों के लिए बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम साहब ने बहुजन समाज के राजनीतिक एकीकरण तथा उत्थान के लिए फुले,शाहू,पेरियार, अम्बेडकर मिशन जो बाबा साहब के निधन के साथ कमज़ोर चुका था,




उस मिशन को पुनर्जीवित कर दिया, आज वही सामाजिक गठजोड़ को PDA आंदोलन कहा जाता है, आइए संकल्प लें इस आंदोलन को मजबूत करते हुए 2027 में अपनी PDA सरकार बनाने का संकल्प लें। गोष्ठी में विचार व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से मछलीशहर की विधायक डॉ रागिनी सोनकर, पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपचंद राम, रुखसार अहमद, राजकुमार बिंद, ज़िला उपाध्यक्ष गण श्यामबहादुर पाल हीरालाल विश्वकर्मा, राजेंद्र यादव टाइगर, सुरेश यादव, पूनम मौर्य, जयंती यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, डॉ रामसूरत पटेल, अनवारूल हक गुड्डू, हवलदार चौधरी, राजदेव पाल, साहबलाल गौतम, राकेश अहीर, रामआसरे गौतम, अच्छेलाल गौतम, हरिश्चंद प्रभाकर आदि ने संबोधित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया।

गोष्ठी का संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने किया। गोष्ठी में मुख्य रूप से शकील अहमद, ज़िला उपाध्यक्ष गण महेंद्र यादव, महेंद्र यादव नैपाल, इरशाद मंसूरी, राहुल यादव, राहुल त्रिपाठी, अजय कुमार मौर्य, मक्खनलाल यादव, उमाशंकर गौतम, धीरेन्द्र कुमार गौतम, राजकुमार चमार, रामकेश बिंद, घनश्याम गौतम, साहबलाल गौतम, दिलीप प्रजापति, आनंद गुप्ता, गुड्डू सोनकर, विवेक यादव, धीरज बिंद, धर्मेंद्र यादव, बाबा पटेल, जगदीश पटेल, निकेश गौतम, स्वतन्त्र गौतम, संतोष कुमार मौर्य, अनिल कुमार यादव, मोहम्मद ज़की अंसारी, उमानाथ गौतम, गुड्डू गौड़, आशीष मौर्य, संजय गौतम, अरविंद सोनकर, लखन सोनकर, विजय बहादुर यादव, पंकज यादव दरियावगंज, संजय, पाल, अर्जुन पाल, धर्मेंद्र पटेल, सौरभ पटेल सहित सैकड़ों सपाजन उपस्थित रहे।

# फिल्मों में अभिनय करने का इरादा नही- वरदान सिंह

**●खुदौली पहुँचे बॉलीवुड सिंगर वरदान**

**शारुख खान की फ़िल्म चलते-चलते गाना गाकर कार्यक्रम में बिखेरा जलवा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खेतासराय(जौनपुर)।** बुधवार की देर शाम खुदौली पहुँचे बॉलीवुड सिंगर वरदान सिंह ने आयोजित कार्यक्रम में जलवा बिखेर दिया । प्रख्यात ज्योतिषाचार्य डॉ अवनीश सिंह बघेल के आवास पर निज कार्यक्रम में शाहरुख खान की फ़िल्म चलते- चलते का गाना सुनाकर दर्शक तालियों की गड़ गड़ाहट



गूंज उठी । उधर मीडियाकर्मियों से बातचीत में उन्होंने अभिनय न करने की बात कही । ज्योतिषचार्य डॉ अवनीश सिंह के आवास पर कार्यक्रम जनप्रतिनिधि, अफ़सर, राजनेता और अन्य दिग्गजों के आने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा । दिल्ली के उधोगपति आशीष सिंह के साथ बालीवुड सिंगर उनके आवास पहुँचकर कार्यक्रम शिरकत किया । उन्होंने ज्योतिषाचार्य से आशीर्वाद लिया । इस दौरान सिंगर वरदान सिंह ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा कि गुरु का आशीर्वाद हमें यहाँ खीच लाया । यहाँ आने का कई बार कार्यक्रम बना लेकिन काफ़ी व्यस्ता के चलते नही आ सका । एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बॉलीवुड, भोजीवुड समेत एलबम व अन्य सीरीज के अब तक दो हज़ार संगीत गा चुके है । उनके पॉपुलर संगीत 'एक सिवा तेरे 'कर्माधर्मा, 'ये जरूर कर', 'दिक्कतें होती रही', 'ओम जगदीश हरे', चांद, 'रंग लगायो', मेरी बांके बिहारी जैसे तीन दर्जन से अधिक संगीत फिल्मों में धमाल मचा रही है । उन्होंने कहा कि मायानगरी मुंबई से अपने जौनपुर धरती पर आने का जो खुशी मिलती है उसका शब्दो से बयां नही किया जा सकता । मालूम हो कि उनका पैतृक आवास जौनपुर शहर के रुहट्टा वार्ड के निवासी है । इस मौक़े पर प्रमुख रूप से करणी सेना के अध्यक्ष वीरू सिंह, मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना, अभिषेक परमार, भानु सिंह, पंकज सिंह सोनू समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# अमेठी में स्वदेशी मेला प्रारंभ आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम, स्थानीय उत्पादों को मिलेगा प्रोत्साहन

**●वोकल फॉर लोकल को मिलेगा बल, दीपावली पर स्वदेशी उत्पादों से सजाएं अपना घर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, गौरीगंज, अमेठी में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के अंतर्गत से स्वदेशी मेला प्रारंभ हुआ। यह मेला प्रदेश सरकार की आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मेले में कौशल विकास मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, समाज कल्याण, उद्यान विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, बैंक, आईटीआई, सेवायोजन, खादी एवं ग्रामोद्योग



बोर्ड तथा उद्योग विभाग सहित विभिन्न विभागों के सूचनात्मक एवं प्रदर्शन स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टालों के माध्यम से जनसामान्य को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का संदेश दिया जा रहा है। साथ ही, "वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP)" योजना के अंतर्गत निर्मित उत्पादों तथा स्वयं सहायता समूहों (SHGs) द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई है। हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, वस्त्र, मिट्टी के बर्तन, अगरबत्ती, हर्बल उत्पाद, और हस्तनिर्मित वस्तुएं मेले की शोभा बढ़ा रही हैं। इसके अलावा मेले में स्थानीय स्वादों से भरपूर खान-पान स्टाल भी लगाए गए हैं, जो आगंतुकों को पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद प्रदान कर रहे हैं। उपायुक्त उद्योग, दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि यह स्वदेशी मेला 9 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेला स्थल पर पहुंचें, स्थानीय उत्पादों की खरीदारी करें और दीपावली के शुभ अवसर पर अपने घरों को स्वदेशी उत्पादों से सजाएं। उन्होंने कहा कि ÷स्वदेशी अपनाएं, देश को आत्मनिर्भर बनाएं÷ यही इस आयोजन का मूल संदेश है। उन्होंने यह भी बताया कि स्वदेशी मेले का भव्य उद्घाटन 10 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10 बजे उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा किया जाएगा।

# बंदीगृहों में भी सजेगा प्रेम और विश्वास का पर्व

**●महिला आयोग की पहल पर करवा चौथ मनाएंगी महिला बंदियाँ अपने पतियों संग**

**बंदीगृह की दीवारों में भी सजेगा स्नेह का चाँद, महिला आयोग की पहल से करवा चौथ बनेगा प्रेम और मिलन का पर्व**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** महिलाओं के अधिकारों एवं उनके सम्मान की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने एक अभूतपूर्व और संवेदनशील पहल की है। आयोग द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रदेश के



विभिन्न जनपदों में स्थित महिला बंदीगृहों में आवासित महिलाएँ आगामी 10 अक्टूबर 2025 को करवा चौथ का पर्व अपने पतियों की उपस्थिति में पारम्परिक रूप से मनाएँगी। यह निर्णय उ.प्र. राज्य महिला आयोग (संशोधन) अधिनियम 2013 की धारा 9 के अंतर्गत आयोग के निर्धारित कार्यों के क्रम में लिया गया है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिला बंदियों को भी अपने भावनात्मक और पारिवारिक अधिकारों से वंचित न रहना पड़े। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान ने बताया कि करवा चौथ केवल एक व्रत नहीं बल्कि प्रेम, निष्ठा और विश्वास का प्रतीक पर्व है। महिला आयोग का यह प्रयास बंदीगृहों की दीवारों के भीतर भी स्नेह, सम्मान और आत्मिक जुड़ाव की भावना को पुनर्जीवित करेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकार केवल कानूनी नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक भी हैं और आयोग इन सभी पहलुओं की समान रूप से संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ0बबिता सिंह चौहान ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर अनुरोध किया है कि अपने-अपने जनपदों में महिला बंदीगृहों की पात्र महिलाओं के पतियों को तथा बंदीगृह में निरूद्ध पुरुष बंदियों की पत्नियों को कारागार में आमंत्रित कर करवा चौथ का पर्व पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाए जाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करें।डॉ बबिता सिंह चौहान ने बताया कि यह आयोजन महिला आयोग की उस सोच का प्रतीक है जो "हर परिस्थिति में महिला के सम्मान और संवेदना की रक्षा"के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# छिनैती के प्रयास में जानलेवा हमला दुलापाथर बॉर्डर पर बाइकर गैंग की दहशत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अनपरा, सोनभद्र।** अनपरा थाना क्षेत्र से सटे दुलापाथर बॉर्डर के पास बुधवार रात को एक बाइक सवार गैंग ने छिनैती के मकसद से एक कार सवार युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना ने सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और सुनसान रास्तों पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।ग्राम ककरी निवासी मोनू कुमार शाह (पुत्र प्रभुनाथ शाह) बुधवार रात लगभग 11 बजे सिंगरौली से अपनी निजी कार से ककरी स्थित अपने घर लौट रहे थे। सीमा बॉर्डर दुलापाथर के पास एक सुनसान जगह पर बाइकों पर सवार आधा दर्जन युवकों ने उनकी कार पर अचानक पथराव कर दिया। पथराव के कारण मोनू शाह के वाहन रोकते ही युवकों के गैंग ने तुरंत उन्हें घेर लिया। हमलावरों ने तुरंत हाथापाई शुरू कर दी, कार की चाभी और मोबाइल फोन छीन लिया और मोनू शाह पर जानलेवा हमला किया। हमले के दौरान मोनू शाह ने तुरंत पुलिस की सहायता लेने के लिए 112 नंबर पर कॉल किया। जब तक पुलिस मौके पर पहुँचती, तब तक सभी हमलावर युवक मौके से फरार हो चुके थे। अनपरा पुलिस मौके पर पहुँची और घायल मोनू शाह को तुरंत औड़ी के एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। मोनू की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए नेहरू चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मोनू के पिता प्रभुनाथ शाह और भाई सोनू शाह अस्पताल पहुँचे। परिवार ने हमलावर युवकों के गैंग में से एक युवक की पहचान कर ली है, जो कथित तौर पर ग्राम चंदुवार कोहरौल, थाना शक्तिनगर का निवासी बताया जा रहा है। मोनू के भाई सोनू शाह ने तुरंत अनपरा थाने में हमलावरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि हमलावरों की पहचान कर ली गई है और उन्हें थाने में बुलाया गया है। मामले की जाँच की जा रही है और जाँच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन की खुली बैठक हुई निरस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत उटिया में गुरुवार को मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन की खुली बैठक होनी थी जो की नही हुई है। इसके पूर्व यह खुली बैठक 29 सितंबर और 4 अक्तूबर को भी प्रस्तावित रही जिसे कार्यालय सहायक निदेशक



मत्स्य विभाग सिद्धार्थ नगर द्वारा शिकायत के क्रम में निरस्त कर दिया गया था। गुरुवार को खुली बैठक करने आए विभागीय अधिकारी नंद किशोर ने इस खुली बैठक में आए प्रतिभागियों के समक्ष समितियों की सूची उपलब्ध न रहने के कारण बैठक को निरस्त कर दिया।उन्होंने इसके लिए एक सप्ताह बाद तिथि निर्धारित करने को कहा है। इसे संबंधित मछुआरों में काफी रोष है। जिम्मेदारों द्वारा बार बार किसी न किसी बहने खुली बैठक को टाला जा रहा है । क्षेत्र के सुनील साहनी, शंभू, लालू , अनिल आदि ने अविलंब खुली बैठक कराने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### कानपुर विस्फोट कांड में अवैध पटाखों के भंडारण तलाशने को सर्च आपरेशन शुरू



**कानपुर।** मूलगंज थाना क्षेत्र में अब्दुल्ला की दुकान के सामने खड़ी स्कूटी की डिक्की में ब्लास्ट की घटना के बाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए फायर ब्रिगेड, बॉम्ब डिस्पोज़ल स्क्वॉड व फॉरेंसिक टीम के साथ सर्च एंड सीज़र ऑपरेशन चलाया जा रहा है। घटना में कुल आठ लोग प्रभावित हुए, जिनमें चार लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं – दो को लखनऊ रेफर किया गया है, जबकि दो जिला अस्पताल में उपचाराधीन हैं। पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने बताया कि यहां पर अवैध पटाखों का भंडारण होता है जिसमें स्थानीय पुलिस का संरक्षण प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि इसमें जो भी विभागीय कर्मचारी लिप्त होंगे उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तलाशी के दौरान एक गारमेंट्स दुकान सहित कई स्थानों से भारी मात्रा में अवैध पटाखे व सुतली बम बरामद हुए हैं। कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण व बिक्री की जा रही थी। इस संबंध में लापरवाही बरतने वाले विभागीय कार्मिकों की भी जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा पूरे क्षेत्र में सघन जांच व तलाशी अभियान जारी है। जनता से अपील है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और पुलिस की कार्रवाई में सहयोग करें।

### आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन



**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा विकास खण्ड शिवगढ़ एवं लालगंज, बाबागंज, गौरा के अन्तर्गत आने वाले आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथिक चिकित्सालयों द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे शिवगढ़ ब्लॉक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा निरीक्षण किया गया तथा उपचारित रोगियो के बारे में जानकारी ली गई। इस चिकित्सा शिविर में स्थानीय जनता को आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक पद्धति से परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर का नेतृत्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सुमन कुशवाहा एवं होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. ममता सचान ने किया। इस अवसर पर आयुष विभाग (आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथिक) के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों की जाँच कर उचित परामर्श दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्राप्त किया। शिविर के माध्यम से लोगों को आयुर्वेद यूनानी एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियों के महत्व के बारे में जागरूक भी किया गया। आयुष विभाग द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन कर आम जनता को सुलभ एवं प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जायेगी।

### दो दिवसीय रोजगार महाकुम्भ का आयोजन 14 एवं 15 अक्टूबर को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि प्रदेश के युवाओं को विदेश में रोजगार के अवसर दिलाने के उद्देश्य से श्रम व सेवायोजन विभाग की ओर से रोजगार महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय आयोजन 14 एवं 15 अक्टूबर को गोरखपुर स्थित मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में होगा। इसमें संयुक्त अरब अमीरात और ओमान की कम्पनियों में चयन के अवसर मिलेगें। भर्ती कुल 10655 पदों पर की जायेगी। इनमें कन्स्ट्रक्शन वर्कर, सुपरवाइजर रिंगिग, मोबाइल पम्प आपरेटर, ट्रांजिट मिक्सर ड्राइवर, फोरमैन सिविल, हैवी ट्रक ड्राइवर, बस चालक, सटरिंग कारपेन्टर और कन्स्ट्रक्शन हेल्पर जैसे पद शामिल है। चयनित उम्मीदवारों को 24 हजार से 1 लाख 20 हजार 769 रूपये तक मासिक वेतन मिलेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को निःशुल्क आवास और भोजन सुविधा नियोक्ता द्वारा दी जायेगी। इच्छुक उम्मीदवार रोजगार संगम पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in पर जाकर पंजीकरण और आनलाइन आवेदन कर सकते है। इस साक्षात्कार में प्रवेश केवल क्यूआर कोड से लिंक एडमिट कार्ड के जरिये ही मिलेगा, जिसे अभ्यर्थी पोर्टल से डाउनलोड कर सकते है।

# विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के लिये जनसामान्य 31 अक्टूबर तक अपने सुझाव दें-सीडीओ

### ●विकसित उत्तर प्रदेश अभियान में नागरिक ऑनलाइन पोर्टल व क्यूआर कोड स्कैन कर अपने सुझाव भेजें-सीडीओ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047 अभियान के तहत नागरिकों से उनके सुझाव/फीडबैक मांगे जा रहे हैं। सुझाव/फीडबैक की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित है। सीडीओ ने जानकारी दी कि विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की कार्ययोजना विशेषज्ञों के परामर्श और व्यापक जनभागीदारी के साथ तैयार की जा रही है। इस योजना में कृषि, उद्योग, आईटी, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, परिवहन, शहरी एवं ग्रामीण विकास सहित 12 प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा, ताकि राज्य समग्र विकास के पथ पर आगे बढ़ सके। सीडीओ ने आवाहन किया कि सभी नागरिक इस महत्वाकांक्षी अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें, यह पहल प्रतापगढ़ जिले की प्राथमिकताओं, आवश्यकताओं और संभावनाओं को प्रदेश की नीतियों में समुचित स्थान दिलाने का एक सशक्त माध्यम है। इस अभियान के अंतर्गत नागरिक अपने सुझाव सीधे ऑनलाइन पोर्टल https://samarthuttarpradesh.up.gov.in पर दर्ज कर सकते हैं, साथ ही क्यूआर कोड स्कैन कर भी फीडबैक साझा करने की सुविधा उपलब्ध है। सुझाव देने के लिए प्रतिभागियों को पोर्टल पर मोबाइल ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर विषय का चयन करना होगा और अपना विचार दर्ज करना होगा। यह अभियान किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है। विद्यार्थी, शिक्षक, किसान, व्यापारी, उद्यमी, श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और आम नागरिक सभी इसमें अपनी भागीदारी दर्ज कर सकते हैं। इस दौरान जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय व जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी ने भी विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के बारे में बताया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

## घाटमपुर के साढ़ में करंट से छात्रा की मौत



**कानपुर नगर/**घाटमपुर के साढ़ क्षेत्र के कोरथा गांव में पंखा लगाते समय करंट लगने से 12 वर्षीय छात्रा प्रिया निषाद की मौत हो गई, परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीतरगांव लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे म्रत घोषित कर दिया, कोरथा गांव निवासी राजू निषाद की बेटी प्रिया कमरे में पंखा लगा रही थी, तभी करंट की चपेट में आ गई, परिजनों ने तुरंत घर की बिजली बंद कर दी, एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया, घटना की सूचना पर साढ़ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करानें से इंकार कर दिया।

## मिशन शक्ति फेज़-5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करने हेतु संचालित "मिशन शक्ति फेज़-5.0"के अंतर्गत, थाना कर्नलगंज परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल, श्रवण कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपायुक्त ने मिशन शक्ति अभियान से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अभियान के उद्देश्यों को गंभीरता, संवेदनशीलता और निष्ठा के साथ ज़मीनी स्तर पर क्रियान्वित करने का संदेश दिया।

पुलिस उपायुक्त द्वारा दिए गए प्रमुख निर्देश– मिशन शक्ति के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, ताकि प्रत्येक महिला एवं बालिका को सुरक्षा एवं सशक्तिकरण का वास्तविक लाभ प्राप्त हो। सुरक्षा, सहायता और जागरूकता कार्यों में तत्परता, उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता का परिचय दिया जाए। स्थानीय स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रमों को नियमित रूप से संचालित किया जाए, ताकि महिला सशक्तिकरण की भावना समाज में और अधिक सशक्त हो। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में सार्थक प्रयास है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।

## बड़ौदा स्वरोजगार द्वारा ग्राम जहनईपुर में चलाया गया जागरूकता अभियान

**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान गोड़े द्वारा ग्राम जहनईपुर ब्लॉक सदर में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमे महिलाओ को महिला सुरक्षा, आर सेटी के प्रशिक्षण कार्यक्रम, साइबर फ्रॉड से सुरक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन, 1098, 1090, 1930, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में एल0डी0एम0 गोपाल शेखर झा, आरसेटी निदेशक रवि रंजन, वित्तीय सलाहकार शिशिर खरे संबंधित विषयों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर संकाय संजीव, सीमा, रेणु, फूलमती, फातिमा, गुड़िया, कंचन आदि उपस्थित रहे।

## विश्वास और व्रत का संगम, महिला आयोग ने बंदी महिलाओं को लौटाया करवा चौथ का उजाला-डॉ. बबिता सिंह चौहान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** महिलाओं के अधिकारों एवं उनके सम्मान की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने एक अभूतपूर्व और संवेदनशील पहल की है। आयोग द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित महिला बंदीगृहों में आवासित महिलायें आगामी 10 अक्टूबर को करवा चौथ का पर्व अपने पतियों की उपस्थिति में पारम्परिक रूप से मनायेंगी। यह निर्णय उ.प्र. राज्य महिला आयोग (संशोधन) अधिनियम 2013 की धारा 9 के अंतर्गत आयोग के निर्धारित कार्यों के क्रम में लिया गया है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिला बंदियों को भी अपने भावनात्मक और पारिवारिक अधिकारों से वंचित न रहना पड़े। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान ने बताया कि करवा चौथ केवल एक व्रत नहीं बल्कि प्रेम, निष्ठा और विश्वास का प्रतीक पर्व है। महिला आयोग का यह प्रयास बंदीगृहों की दीवारों के भीतर भी स्नेह, सम्मान और आत्मिक जुड़ाव की भावना को पुनर्जीवित करेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकार केवल कानूनी नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक भी हैं और आयोग इन सभी पहलुओं की समान रूप से संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ0 बबिता सिंह चौहान ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर अनुरोध किया है कि अपने-अपने जनपदों में महिला बंदीगृहों की पात्र महिलाओं के पतियों को तथा बंदीगृह में निरूद्ध पुरुष बंदियों की पत्नियों को कारागार में आमंत्रित कर करवा चौथ का पर्व पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाए जाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करें।

# कानपुर विस्फोट में एसएचओ समेत पांच सस्पेंड

### ● एसीपी हटाए गए, मामला अवैध पटाखों का

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** दिनांक 08.10.2025 की रात्रि लगभग 19:15 बजे थाना मूलगंज क्षेत्रान्तर्गत मेस्टन रोड स्थित मिश्री बाजार में एक खिलौने की दुकान के सामने दो स्कूटी में ब्लास्ट की घटना हुई। घटना में लगभग आठ व्यक्ति घायल हुए है। इनमें से चार व्यक्तियों को गंभीर अवस्था में तत्काल लखनऊ रेफर किया गया तथा शेष चार व्यक्तियों में से दो को मामूली चोटें आई, जिनका प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया, जबकि दो अन्य का उपचार चिकित्सालय में जारी है। घटना अवैध पटाखों से होती प्रतीत हो रही है। पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने एसएचओ समेत पांच पुलिस वालों को निलंबित कर दिया है तथा एसीपी को वहां से हटा दिया गया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस आयुक्त ने बताया कि घटना की प्रारंभिक जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि यह मामला अवैध पटाखों के भंडारण से संबंधित है। जिस दुकान के सामने विस्फोट हुआ, उसके समीप से भी पर्याप्त मात्रा में पटाखे बरामद किए गए हैं। साथ ही लगभग 25 मीटर की दूरी पर एक गोदाम मिला है, जिसमें अत्यधिक मात्रा में विस्फोटक पदार्थ पाए गए हैं, जो पटाखों के निर्माण में प्रयुक्त होते हैं।

सोशल मीडिया पर प्रसारित इस घटना को मस्जिद के पास हुई तथा ÷खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स÷ जैसी गतिविधियों से जोड़ने वाले सभी दावे पूर्णतः असत्य और भ्रामक हैं। यह एक स्थानीय स्तर की दुर्घटना है, जो अवैध रूप से पटाखे रखने एवं भंडारण से उत्पन्न हुई है। इस संबंध में बिना लाइसेंस पटाखे रखने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। अब तक घटना में सम्मिलित 12 व्यक्तियों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। दो स्कूटी घटनास्थल से बरामद की गई हैं, जिनमें से एक स्कूटी सवार को गंभीर अवस्था में लखनऊ रेफर किया गया है, जबकि दूसरी स्कूटी चोरी की पाई गई है। घटना में किसी भी प्रकार की आतंकी गतिविधि या संगठन विशेष की संलिप्तता का कोई प्रमाण नहीं मिला है। यह पूर्णतः अवैध पटाखों से संबंधित स्थानीय घटना है। जांच के दौरान लापरवाही पाए जाने पर एसएचओ सहित पाँच पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है तथा सम्बन्धित सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। तारिक नाम के एक व्यक्ति की तलाश की जा रही है जिसका नाम पटाखों के अवैध भंडारण में आ रहा है तथा पूरे क्षेत्र में अवैध पटाखों के लिए सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## प्रदेश स्तरीय जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के मासिक मूल्यांकन में कानपुर जोन प्रथम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण, त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाता रहा है। इस प्राथमिक उद्देश्य के शत् प्रतिशत कियान्वयन पर लगातार प्रभावी नियंत्रण/पर्यवेक्षण के उद्देश्य से शासन द्वारा जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) पोर्टल संचालित है। प्रदेश स्तरीय जनसुनवाई समाधान प्रणाली के मासिक मूल्यांकन में कानपुर जोन ने फिर से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वर्तमान में विभिन्न स्तर पर जनता द्वारा की गई जनशिकायतों का पुलिस विभाग द्वारा समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण / त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जनशिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की मासिक समीक्षा प्रत्येक माह शासन स्तर पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाती है। आवेदको द्वारा पोर्टल पर प्रस्तुत प्रार्थना पत्र प्राप्त होने से लेकर जांच के विभिन्न पहलुओं तथा आवेदक के विधिक दृष्टिकोण से संतुष्ट होने तक विभिन्न मानकों/ बिन्दुओं पर शासन द्वारा मूल्यांकन किया जाता है।

उक्त मूल्यांकन के आधार पर थाना प्रभारी से लेकर अपर पुलिस महानिदेशक स्तर तक के अधिकारी की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग निर्धारित की जाती है। माह सितम्बर-2025 में भी जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के अर्न्तगत प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा नवीन मूल्यांकन के आधार पर प्रदेश स्तर पर की गयी। माह सितम्बर-2025 की मूल्यांकन समीक्षा में कानपुर जोन, कानपुर को जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निष्पादन में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुयी है। कानपुर जोन के पर्यवेक्षणाधीन कानपुर परिक्षेत्र व झॉसी परिक्षेत्र को भी जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुयी है। उल्लेखनीय है कि सितम्बर-2024 से सितम्बर-2025 तक जारी 13 माह की रैंकिंग में कानपुर जोन को निरंतर प्रथम रैंक प्राप्त हुई, जो जनसुनवाई के प्रति शासन की मंशा के अनुरूप कानपुर जोन पुलिस के द्वारा बेहतर कार्य प्रणाली को प्रदर्शित करता है। जनसुनवाई में शत् प्रतिशत उचित निस्तारण में असफल रहने वाले अधिकारियों/ थाना प्रभारियों को कार्यप्रणाली में तत्काल गुणात्मक सुधार लाकर जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) पर प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशानुरूप समयान्तर्गत गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराते हुये शत् प्रतिशत मूल्यांकन प्राप्तांक प्राप्त करनें हेतु निर्देशित किया गया है।

# कानपुर में विस्फोट की जांच में जुटी एटीएस, डीजीपी ने भी हासिल की जानकारी, चार गंभीर लखनऊ रेफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** फर्रुखाबाद की तर्ज पर दीपावली के ऐन मौके पर औद्योगिक महानगरी कानपुर में भी हुए भीषण विस्फोट ने हड़कंप मचा दिया है। इस घटना में घायल चार लोगों को इलाज के लिए लखनऊ भी भेजा गया है ,जहां उनकी हालत गंभीर बताई गई है। वही इस मामले की जांच में एटीएस भी लगातार जुटी हुई है। प्रथम दृष्ट्या घटना की वजह दोनों स्कूटी में रखे हुए विस्फोटक पटाखे माने जा रहे हैं। वहीं अधिकारियों की घटना में आतंकी साजिश से इनकार कर रहे हैं। मेस्टन रोड पर मूलगंज के बिसातखाना में हुई इस दिल दहलाने वाली घटना के बाद पूरे इलाके को सील कर अधिकारी जांच में जुट गए हैं। विस्फोट इतना भीषण था की काफी दूर तक आवाज सुनाई दी है। पास की मस्जिद की दीवारों को भी नुकसान पहुंचा है। आसपास की कई दुकानों की फाल सीलिंग भी गिर गई है। वहीं मामले में डीजीपी राजीव कृष्णा ने पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल व अन्य अफसरों से घटना की पूरी जानकारी ली। साथ ही कई निर्देश भी दिए। डीजीपी ने फोरेंसिंक टीम को मौके से मिले नमूनों की रिपोर्ट जल्दी ही देने को कहा। वहीं एटीएस की दो टीमें लखनऊ से कानपुर पहुंचने के बादगहन जांच में जुटी हुई है। इन टीमों ने स्थानीय पुलिस की मदद से साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए।

इस इस विस्फोट के मामले में पुलिस के अधिकारी हर पहलू पर जांच कर रहे हैं। यह भी माना जा रहा है कि दिवाली के मौके पर पटाखा बनाने के लिए विस्फोटक एक साथ लाया जा रहा हो और उनमें ही धमाका हुआ है। हालांकि धमाके से आसपास की दीवारों को भी नुकसान पहुंचा है, ऐसे में काफी खतरनाक विस्फोटक की आशंका है। जहां तक घटनाक्रम का सवाल है। यह घटना शाम लगभग सात बजे की है। मूलगंज थाना क्षेत्र के मिश्री बाजार के पास बिसाती बाजार में दो स्कूटियों में धमाका तब हुआ जब बाजार में भीड़ थी और लोग खरीददारी कर रहे थे। घायलों में दुकानदारों के साथ ही कारीगर और ग्राहक भी हैं। कूड़ा बिनने वाली एक किशोरी सुहाना भी घायल हुई है जो बेकनगंज की रहने वाली है। इसके अलावा लाल बंगला निवासी 58 वर्षीय अश्विनी कुमार घायल हुए हैं जिनकी डिप्टी का पड़ाव में दुकान है और वे यहां सामान लेने आए थे। इसी तरह से अन्य घायलों में ज्वेलरी के कारीगर 35 वर्षीय रईसुद्दीन निवासी पश्चिम बंगाल हाल पता बेकनगंज, बिसात खाना में स्पोर्ट्स उत्पाद के दुकानदार 24 वर्षीय अब्दुल निवासी बिसात खाना, बिसात खाना निवासी बैग के दुकानदार 25 वर्षीय मो. मुर्सलिन और बेल्ट व चश्मे की दुकान में काम करने वाले मीरपुर निवासी 15 वर्षीय जुबीन शामिल हैं। जेपीसी कानून व्यवस्था आशुतोष कुमार के अनुसार प्राथमिक जांच में धमाका पटाखे में होने की बात सामने आ रही है। समाचार लिखे जाने तक जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक पुलिस ने स्कूटी मालिक को तलाश लिया है। वह कानपुर का ही एक युवक है, जो पिता के साथ खरीदारी करने बाजार आया था। उसने पटाखे खरीद कर स्कूटी में रखने की बात कही है। संभवत– दबाव पड़ने से पटाखों में विस्फोट हुआ है। स्कूटी मालिक के पिता भी घायल हुए हैं, उनका इलाज हो रहा है। घायलों व मौके पर मौजूद रहे अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। अब तक की जांच के मुताबिक यह आतंकी घटना या साजिश नहीं है। पुलिस के मुताबिक गहन जांच लगाता जारी है ,जिससे घटना वजह जल्द ही पता चल जाएगी इसके बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी।

# स्वदेशी अपनाने से मजबूत होगी देश की अर्थव्यवस्था - श्याम धनी राही

### ●सिद्धार्थनगर में यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर ।** जनपद स्तरीय यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला का आयोजन बीएसए ग्राउंड में किया गया, जिसका उद्घाटन विधायक श्याम धनी राही द्वारा शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, प्रभारी जिलाधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विधायक श्याम धनी राही, शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, प्रभारी जिलाधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा स्वदेशी मेले में विभिन्न विभागों द्वारा तथा जनपद के उद्यमियों, कारीगरों द्वारा हस्त निर्मित उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनसे जानकारी प्राप्त किया गया। स्वदेशी मेले के अवसर पर विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि हमारे देश के कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पाद विलुप्त होने के कगार पर थे। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा उनके हाथों को मजबूत करते हुए उनके उत्पादों को पुनः जीवंत करने का काम किया है। आज सभी जनपदों में स्वदेशी मेला का आयोजन हो रहा है। सभी लोग अपने देश/प्रदेश के कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पाद को खरीद कर स्वदेशी अपनाए। जिससे उनके उत्पादों को बढ़ावा मिले और उन्हें अच्छी आय प्राप्त हो और हमारा देश आत्मनिर्भर एवं सशक्त बन सके। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जनपदों में यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला का आयोजन हो रहा है।

शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के कारीगर द्वारा निर्मित उत्पाद को खरीद कर उनका सम्मान करने का अपील किया गया। जनपद में स्थापित लघु उद्योगों द्वारा अच्छा मेहनत करके उत्पादन किया जाए जिससे निर्यात कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अपना योगदान कर सके। प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने कहा कि जनपद स्तर पर यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला में विभिन्न विभागों द्वारा अपने विभाग से संबंधित कारीगरों,उद्यमियों के द्वारा निर्मित उत्पादन की प्रदर्शनी लगाई गई है। यह स्वदेशी मेला आज से 18 अक्टूबर 2025 तक सुबह 11:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक रहेगा। जिसमें जनपद में निर्मित उत्पादों की बिक्री भी की जाएगी। स्वदेशी मेले का उद्देश्य है कि हम जनपद के कारीगर द्वारा निर्मित उत्पादों को खरीद कर उनको प्रोत्साहित करें और उनकी आय में वृद्धि हो जिससे हमारा देश प्रदेश सशक्त, समृद्ध, आत्म निर्भर बन सके। इसके पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधि ,उद्यमी एवं विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाने वाले लोगों के प्रति आभार प्रकट किया गया।

इस अवसर पर उपयुक्त उद्योग उदय प्रकाश,लीड बैंक अधिकारी रवि कुमार सिन्हा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# घाटमपुर तहसील क्षेत्र में कुएं में गिर कर मासूम की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर/कानपुर ।** तहसील क्षेत्र में बुधवार की रात घर के बाहर खेल रही छह साल की बच्ची अचानक लापता हो गई, काफ़ी देर तक तलाश करने के बाद परिजनों को शक हुआ कि वह पास के पुराने कुएं में गिर गई है, सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, कुएं में पानी भरा होने और अंधेरा होने के कारण आपरेशन बेहद चुनौतीपूर्ण रहा गुरुवार को करीब 12 घंटे की मशक्कत के बाद बच्ची को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन तब तक सांसें थम चुकी थी। आपको बताते चलें कि घाटमपुर तहसील क्षेत्र के रेउना थाना क्षेत्र के शाखा जनवारा गांव का हैं, गांव निवासी भूपेंद्र सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी छह साल की चचेरी बहन नायरा पुत्री बलवान सिंह, बुधवार रात घर के बाहर खेल रही थी नायरा के पिता का कुछ साल पहले निधन हो गया था,वह अपने चाचा चाची के साथ रहतीं थी अपने संयुक्त परिवार में रह रही थी, खेलते खेलते अचानक लापता हो गई, परिवार वालों इधर उधर खोज कर रहे थे काफी देर तक कोई सुराग नहीं लगा,50 मीटर दूर स्थित एक पुराने कुएं के पास उसकी चप्पल पड़ी मिली इससे आशंका हो गई कि वह कुएं में गिर गई। परिजनों ने तुरंत रेउना थाने को सूचना दी जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अनुज राजपूत अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड टीम को बुला कर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया, कुएं में गहराई अधिक थी और पानी भरा होने के कारण बच्ची का पता लगाना मुश्किल हो गया, पुलिस नै दो पम्पिग सेट लगा कर पानी निकाला, अंधेरे में कठिनाइयां अधिक होने लगीं, तकनीकी बाधाओं के बावजूद भी12 घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा गुरुवार सुबह बच्ची को कुएं से बाहर निकाला गया और घाटमपुर सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे म्रत घोषित कर दिया, थाना प्रभारी रेउना अनुज राजपूत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, रिपोर्ट आने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी, मासूम की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## शासकीय अधिवक्ता के सतत पैरवी से एक और अपराधी सलाखों के पीछे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद के विद्वान शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवीन तिवारी लगातार अपराधियों को क्लीन बोर्ड करते नजर आ रहे हैं । आपको बताते चलें कि पूरा मामला रेहरा माफी थाना गैड़ास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर का है। पीड़िता 19/08/22 की रात करीब 2:00 अपने घर के बरामदे में अकेली सो रही थी तभी विपक्षी इमरान पुत्र अली अहमद निवासी रेहरा माफी थाना गैड़ाज बुजुर्ग छत के रास्ते घर में उतर कर पीड़िता से जबरन बलात्कार किया पीड़िता के चिल्लाने पर जब घर में मौजूद अन्य लोग वहां पहुंचे तो जान से मारने की धमकी देते हुए इमरान भाग गया। इसी मामले में न्यायालय श्रीमान प्रदीप कुमार तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा इमरान के अपराधी सिद्ध होने पर 376 भारतीय दंड संहिता के लिए 10 वर्ष का कठोर कारावास व 506 के लिए 3 वर्ष का कारावास की सजा सुनाई गई व 28000 रुपए अर्थदंड लगाया गया।

## बलरामपुर पुलिस द्वारा पंश्चिम बंगाल से नाबालिक लड़की को किया गया बरामद आरोपी गिरफ़्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** महादेव मिश्र निवासी नरायनपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर द्वारा थाने पर सूचना दिया गया कि उनकी नाबालिक पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिनांक 29.06.25 को शादी का झासा देकर बहला फुसला कर भगा ले गया है। सूचना पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कारवाही शुरु की गई।इसी क्रम में जनपद से एक टीम गठित की गई जिसमें उ.नि. अमित चौहान , मोईन नसीम अहमद व शिम्पी सिंह पश्चिम बंगाल रवाना होकर दिनांक 06.10.2025 को प्राप्त लोकेशन के आधार पर थाना रबीन्द्र नगर, जनपद दक्षिणी 24 परगना (प. बंगाल) से लड़की को सकुशल बरामद कर आरोपी फिरोज शेख पुत्र शेख जाहिद अब्बास उर्फ हसन शेख निवासी ग्राम संतोषपुर थाना रबीन्द्र नगर (प. बंगाल) को गिरफ्तार किया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## खेतों में चल रही धान की कटाई को देखने पहुंचे डीएम

### क्रॉप कटिंग प्रक्रिया को देखने के बाद किसानों से की बात



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील सदर के ग्राम बाद स्थित किसान श्रीमती कमला पत्नी श्री मान सिंह के खेत में चल रही क्रॉप कटिंग (फसल कटाई) प्रक्रिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों से क्रॉप कटिंग की प्रक्रिया, मापदंडों और डेटा संकलन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल उपज का आंकलन पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि जिले में औसत उत्पादकता के सही आंकड़े प्राप्त हो सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि क्रॉप कटिंग प्रयोग कृषि उत्पादन के सटीक मूल्यांकन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे राज्य और केंद्र सरकार की नीतियों के अनुरूप किसानों को बीमा लाभ, मुआवजा और अन्य सहायता योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से मिल सकेगा। जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से भी बातचीत की और उन्हें फसल अवशेष प्रबंधन, समय से कटाई एवं खेत की तैयारी से संबंधित उपयोगी सुझाव दिए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी निरंतर किसानों से निरंतर संपर्क में रहें और उन्हें नवीनतम कृषि तकनीकों की जानकारी समय समय पर उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने क्रॉप कटिंग टीम को निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार कार्य पूर्ण करने और रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ जरी के माध्यम से लम्बाई चौड़ाई आदि को नापा।

## दलित बस्ती की सड़कों पर विकास की चुप्पी

### मुश्किलों भरी रोजमर्रा की जिंदगी



**चित्रकूट:** जिले के पहाड़ी ब्लाक क्षेत्र के विलास बांगर गांव की दलित बस्ती में रास्ता न बनने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दलित बस्ती के मोगरी के घर से होकर गुजरने वाले रास्ते की हालत बेहद खराब है। बरसात या कम पानी के बाद यह रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है,जिससे आए दिन स्कूली बच्चों सहित राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं। हरिजन बस्ती के लोगों ने अपनी उपेक्षा और बदहाल रास्ते को लेकर विरोध जताया है। बस्ती के सैकड़ो परिवार लंबे समय से कीचड़ युक्त मार्ग और जल भराव के कारण भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।लगातार बारिश से रास्ता घुटनों तक कीचड़ और पानी में डूबा रहता है,जिससे घरों तक पहुंचना भी दुश्वार हो गया है। स्थानीय निवासी विशलवा, शंकर, टभुल्ला, मुन्नीलाल, दयाराम, मोगरी, छोटकू, होल्ला,सज्जू, राजकुमार, कंचन, रजलू, जीतन आदि ने बताया कि खराब रास्ते के चलते स्कूल जाने वाले बच्चे बुजुर्गों, और महिलाओं को रोजाना मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसके कारण गिरने का डर बना रहता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं। इनका कहना है कि अब धैर्य जवाब दे रहा है,यदि जल्द रास्ता नहीं बना तो वह जिला मुख्यालय पर धरना देने को बाध्य होंगे। उनका स्पष्ट कहना है कि बरसों से उपेक्षित दलित बस्ती के साथ यह अन्याय अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गांव के कालका सिंह, राजा सिंह, अरविन्द रघुवंशी, जितेन्द्र सिंह, संजय सिंह, अजेंद्र सिंह उर्फ पिंटू, गिरजेश सिंह, राजाराम गुप्ता आदि ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि से मांग की है कि जल से जल्द रास्ता बनवाया जाए ताकि आवागमन में सुगमता आ सके और हादसों से राहत मिले।

## श्रीमद्भावगत कथा के लिए निकाली गई कलश यात्रा

**चित्रकूट:** नगर पंचायत मऊ के टिकरा टोला अटल नगर में गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा निकालकर कर किया गया। पूरे नगर क्षेत्र में कलश यात्रा गाजे-बाजे व हाथी घोडों के साथ निकाली गयी, जो यमुना जल लेकर हनुमान मन्दिर, बाजार रोड, आनन्दी माता मन्दिर, यमुना रोड, शिवबाबा मन्दिर होते हुए कथा स्थल पहुंची। वृंदावन के कथा व्यास पं. आचार्य तरंग महराज ने बताया कि भागवत कथा 10 से 16 अक्टूबर तक चलेगी। इस मौके पर कथा के आयोजक राजनारायन द्विवेदी, दिनेश द्विवेदी, राजेश, संजय, रंजय, अनूप द्विवेदी, अशोक द्विवेदी, अवधेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# धेमाजी के सिमेन छापरी में असम के मुख्यमंत्री ने महिला उद्यमिता मिशन के तहत 36,886 महिलाओं को 10-10 हजार रुपये के चेक वितरण

### ● मुख्यमंत्री ने महिला उद्यमिता मिशन साकार करने के लिए स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को किया प्रोत्साहित।







**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**असम धेमाजी 9 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा शर्मा ने आज धेमाजी जिले के जोनाई विधानसभा क्षेत्र के सिमेन छापरी में आयोजित एक जनसभा में मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता मिशन के तहत 36,886 महिलाओं को 10-10 हजार रुपये के चेक वितरित किए। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों से इस कोष से अपनी आजीविका और आर्थिक स्थिरता में सुधार कर उद्यमिता की ओर बढ़ने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने सिमेन छापरी स्वास्थ्य उपकेंद्र को 30 बिस्तरों वाले अस्पताल में उन्नत करने की आधारशिला भी रखी। मुख्यमंत्री ने धेमाजी पॉलिटेक्निक और सरकारी आईटीआई केंद्र का उत्कृष्टता केंद्र के रूप में उद्घाटन किया और इन दोनों संस्थानों के लिए 10 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की। अपने भाषण में, मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें आज तक एक साथ 40,000 महिलाओं को एक साथ जनसभा में देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और आज मै धन्य हो गया । मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि महिला उद्यमिता मिशन के माध्यम से राज्य की प्रत्येक महिला को करोड़पति बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार चुनाव के दौरान किए गए अपने वादों को निभा रही है और राज्य में भर्तियों की संख्या जल्द ही 2 लाख को पार कर जाएगी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि लुंगी, धोती और टोपी की राजनीति का समय खत्म हो गया है।आज मामा ने सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 10-10 हजार रुपये दिए हैं। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं इस कोष का उपयोग ईमानदारी से काम के लिए करेंगी, उन्हें आने वाले दिनों में क्रमशः 25,000 रुपये और इसके बाद 50,000 रुपये का अनुदान दिया जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि असम सरकार ने आज महिलाओं के लिए आर्थिक रुप से जागृति का युग शुरू किया है। हमारा मुख्य उद्देश्य असम में 40 लाख महिलाओं को करोड़पति बनाना है। आर्थिक विकास के साथ-साथ समाज में महिलाओं की भूमिका ने आज असम में बदलाव की लहर ला दी है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि नवंबर से सभी राशन कार्ड धारकों को कम कीमत पर चावल,चीनी, दाल और नमक वितरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि महिलाओं को अरुणोदय योजना के 1250 रुपये के साथ ही

गैस सिलेंडर के लिए अलग से 250 रुपये में उपलब्ध होंगे। उन्होने कहा कि हमारी सरकार मुफ्त प्रवेश, निजुत मोइना योजना, लड़कियों के लिए साइकिल और उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्राओं के लिए स्कूटर दिये जा रहे हैं ।उन्होने कहा कि धेमाजी जिले को बाढ़ मुक्त किया जा रहा है और नए स्कूल, 200 बिस्तरों वाला अस्पताल, राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माणकार्य तीव्रगति से किया जा रहा है, फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण, भूमि पट्टा आदि का काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने असम के बाहर मरने वाले व्यक्ति के पार्थिव शरीर को घर लाने के लिए यह विशेष योजना अपनाई है। उन्होंने कहा कि आज का असम शांति, समृद्धि और बदलाव की ओर बढ़ रहा है। कई अन्य राज्य अब असम के विकास मॉडल का अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जोनाई निर्वाचन क्षेत्र के लोग 2026 के विधानसभा चुनावों में भाजपा विधायक भुवन पेगु को भारी मतों से चुनेंगे। मुख्यमंत्री ने जोनाई के लोगों से नई आशा, विकास और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जुबीन गर्ग के लिए न्याय के लिए काम कर रही है और कांग्रेस उनके बारे में राजनीति कर रही है। बैठक में शिक्षा मंत्री डॉ रनोज पेगु ,विद्युत मंत्री प्रशांत फुकन, सांसद प्रदान बरुआ, विधायक भुवन पेगु और मिसिंग स्वायत्त शासित परिषद के मुख्य कार्यवाही सदस्य परमानंद सायेंगियां, कार्यवाही सदस्य नरेश कुम्बांग, पदुम राय, भवानी दुवारा, बोडो कछाडी कल्याण स्वायत्त शासित परिषद के मुख्य कार्यवाही सदस्य मिहिनीश्वर बसुमतारी, सोनवाल कछारी स्वायत्त परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य, देवरी स्वायत्त शासित परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य भैरब देउरी, असम सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. बी कल्याण चक्रवर्ती, धेमाजी जिला आयुक्त राहुल सुरेश जाबिर, जोनाई सह जिले के आयुक्त आनंद मल्होत्रा, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सहित कई अन्य विभागों के शीर्ष क्रम के अधिकारियों ने भाग लिए।

## महिला से छेडछाड़ के विरोध पर मारपीट, नौ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने दलित महिला के साथ छेडछाड व मारपीट को लेकर नौ आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के कोटवा शुकुलपुर निवासी हीरालाल की पत्नी शांती देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पांच अक्टूबर की रात नौ बजे वह घर में सो रही थी। इस बीच गांव के ही आरोपी राजेश रजक पुत्र बेंचूलाल नशे में टल्ली होकर आ गये और अश्लील हरकत करने लगे। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने गला दबाकर उसके साथ मारपीट की। तहरीर में कहा गया है कि घटना की शिकायत करने पर आरोपी राजेश रजक व दीपक रजक पुत्रगण बेंचूलाल, नवीन रजक पुत्र हिमांशु व विपिन यादव पुत्र रामबहादुर एवं चार-पांच अज्ञात व्यक्तियों ने प्रधान के पुत्र प्रदीप पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट की घटना को लेकर शोरशराबा होने पर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर आरोपी राजेश समेत नौ के खिलाफ बलवा व गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# खाद की मारामारी के बीच डीएम ने ली गोदामों की टोह



### ● किसानों से की फोन से वार्ता, रिकॉर्ड खंगाल डाले



जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह खाद गोदामों का निरीक्षण करते हुए।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मथुरा।** रासायनिक खाद की भरमार के बीच मची मारामार को समझने के लिए जिलाधिकारी ने खाद गोदामों की टोह ली। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विकास खंड मथुरा की बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति धनगांव का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समिति के अभिलेखों, गोदामों और संचालन प्रणाली का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति के कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अभिलेखों में सुधार करने और कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने समिति से खरीदे गए खाद के बारे में किसान चंद्रपाल से फ़ोन से वार्ता की तथा जानकारी ली कि उसके द्वारा खाद क्रय किया गया है या नहीं। किसान चंद्रपाल द्वारा अवगत कराया गया कि उसके द्वारा ही खाद क्रय किया गया है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने ओवररेटिंग के बारे में पूछताछ की तथा खाद, बीज, उर्वरक आदि की समस्या के विषय में जानकारी भी ली।

# नगर निगम की बोर्ड बैठक में कान्हा गौशाला और यमुना जल प्रस्ताव खारिज

### ● हंगामेदार रही नगर निगम की बोर्ड बैठक, महापौर के खिलाफ हुई नारेबाजी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




नगर निगम की बोर्ड बैठक मे पार्षदों के हंगामे के बीच जारी कार्यवाही।

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन नगर निगम की गुरुवार को हुई बोर्ड बैठक में कान्हा गौशाला और यमुना जल प्रस्ताव खारिज कर दिये गये। बोर्ड बैठक में हंगामा भी जमकर हुआ। महापौर विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता में चल रही बैठक के दौरान पार्षद कुलदीप पाठक और धनंजय के बीच तीखी नोकझोंक ने देखते ही देखते हाथापाई का रूप ले लिया। महापौर के खिलाफ नारेबाजी को लेकर दोनों पार्षदों के बीच तनातनी हो गई, जिससे बैठक कुछ समय के लिए बाधित हो गई। विवाद के बीच सबसे अधिक चर्चा का विषय रहा कान्हा गोशाला को संचालन के लिए दान में दिए जाने का प्रस्ताव, जिसका पार्षद नीलम गोयल ने कड़ा विरोध किया। उन्होंने आशंका जताई कि इससे निगम की सैकड़ों करोड़ रुपये मूल्य की भूमि निजी हाथों में चली जाएगी। उन्होंने मांग की कि इस प्रस्ताव को तत्काल निरस्त किया जाए। इसी तरह यमुना के प्रदूषित जल को शुद्ध कर पेयजल के रूप में आपूर्ति किए जाने के प्रस्ताव को भी पार्षदों ने खारिज कर दिया। पार्षदों ने सवाल उठाया कि जब जल निगम की ओर से पहले से ही पेयजल आपूर्ति की जा रही है, तो दोहरी योजना क्यों बनाई जा रही है। हंगामे और विरोध के बीच बैठक में विकास कार्यों से जुड़े कई प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इन प्रस्तावों में सड़कों के मरम्मत कार्य, स्ट्रीट लाइट्स की मरम्मत, और कुछ नए नालों के निर्माण शामिल हैं। बैठक में महापौर विनोद अग्रवाल के साथ नगर आयुक्त जग प्रवेश, उपसभापति मुकेश सारस्वत, और उपनेता बालकिशन, तिलक वीर चौधरी समेत अधिकारी और पार्षद मौजूद रहे।

# पचपेड़वा में आर एस एस के पथ संचलन में स्वयंसेवकों पर हुई पुष्प वर्षा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पचपेड़वा बाजार** ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पचपेड़वा बाजार में स्वयंसेवकों का भव्य पथ संचलन निकाला, नगर की महिलाओं और पुरुष ने स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा किया, स्वयं सेवकों के घोष वादन में पूरा बाजार चमक उठा। पथ संचलन में संघ के विचार और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूती से दर्शाया गया। पथ संचलन मंशा मैरिज लॉन से शुरू होकर नई बाजार,मुख्य मार्ग से होते हुए पुरानी बाजार गोकुल मैरिज लॉन में समाप्त हुआ। इस दौरान, विभाग प्रचारक प्रवीण जी ने अपने उद्बोधन में संघ के उद्देश्यों और हिंदुत्व की भावना पर प्रकाश डाला। पंच परिवर्तन के बारे में विस्तार से बताया। पथ संचलन में विभाग प्रचारक प्रवीण, जिला प्रचारक जितेंद्र, सहसंघ चालक ए पी सिंह ,जिला कार्यवाह किरीट मणि,रामकृपाल, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजीव, राम सरन गुप्ता,ब्लॉक प्रमुख मनोज तिवारी,रामेंद्र त्रिपाठी,रामविलास विश्वकर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता,अजय,डा. जानकी प्रसाद पाल, सतीी चन्द्र मिश्रा उर्फ पप्पू, रामपाल यादव,हरीराम प्रजापति, सहित सैकड़ों की संख्या में



स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में कदमताल करते हुए उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए, जिनमें जिला पंचायत अध्यक्षा के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पथ संचलन में स्वयं सेवकों ने एक अनुशासित और संगठित समाज का प्रभावशाली संदेश दिया।

## भागवत कथा में बताया सत्संग का महत्व

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के साकेत नगर मोहल्ले में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान बृहस्पतिवार को कथा व्यास डॉ. आरपी ओझा ने कथा श्रवण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य में विवेक का उदय करती है। विवेकवान व्यक्ति के जीवन में पाप का प्रवेश नहीं हो पाता। कथा भवरोग का नाश करती है। यह जीव को जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति दिलाती है। कथा व्यास ने कहा कि जो व्यक्ति सत्संग करता है वह भवसागर को उतनी ही सहजता से पार कर लेता है, जितना कोई व्यक्ति गाय के खुर से बने गड्ढे के पानी को लांघ लेता है। उन्होंने बताया कि सत्संग से असंग का नाश होता है। इससे निश्चल वृत्ति का जन्म होता है।

यह वृत्ति ही व्यक्ति को परम तत्व की ओर अग्रसर करती है। डॉ. ओझा ने कहा कि भगवान को दीनता और सरलता प्रिय है। अहंकार और अकड़ रखने वाला व्यक्ति ईश्वर से दूर हो जाता है। जीवन में समर्पण ही सच्चे धर्म का आधार है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कथा श्रवण किया और जय श्री कृष्ण के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य एसएन सिंह, डॉ. ओपी सिंह, डॉ. एमडी सिंह, प्रो. मुन्ना सिंह, सुखेंद्र बहादुर सिंह, भैयाजी, डॉ. एसके निगम, पवन कुमार सिंह, मंसू सिंह, सुरेश दीक्षित, राकेश द्विवेदी, अंशुमान मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति- रचना ने एक दिन के लिए एसडीएम सदर का दायित्व संभाला

### ● निधि ने तहसीलदार तहसील सदर और कल्पना द्वारा पूर्ति निरीक्षक की एक दिन की भूमिका निभाई गई



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मथुरा।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत गुरूवार का दिन प्राथमिक विद्यालय दामोदरपुरा के लिए यादगार बन गया। रचना ने एक दिन के लिए तहसील सदर में उपजिलाधिकारी की भूमिका निभाई और अभिनव जे.जैन के साथ बैठकर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए अपनी समझदारी और संवेदनशीलता से सबका दिल जीत लिया। एक दिन की एसडीएम रचना ने इस अवसर पर मीडिया के समक्ष महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों को लेकर भी सभी को जागरूक करते कहा कि हर लड़की को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए।

एसडीएम अभिनव ने आत्मविश्वास समझ, और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करते हैं। मिशन शक्ति के तहत यूपी के हर जिले में बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए 'एक दिन की प्रशासनिक अधिकारी' बनने जैसी पहल से छात्राओं में आत्मविश्वास और प्रशासनिक समझ का विकास होगा। इसी तरह निधि कक्षा 5 की छात्रा ने तहसीलदार सदर और कल्पना कक्षा 4 की छात्रा ने पूर्ति निरीक्षक का दायित्व एक दिन के लिए संभाला। यह तीनों छात्राएं प्राथमिक विद्यालय दामोदरपुर की हैं। शासन की इस पहल से छात्राओं में अपने अधिकार के प्रति जागृति पैदा होगी। एसडीएम अभिनव ने सभी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह चाहर तहसीलदार तहसील सदर मथुरा, अनमोल गर्ग, पंकज यादव और प्रशांत कुमार तीनों नायब तहसीलदार के साथ अंजलि और पवन कुमार दोनों पूर्ति निरीक्षक मौजूद रहे।

# तस्करों से 5 करोड से अधिक की हैरोइन बरामद

### ● तस्करों के पास से सात देशों की मुद्रा भी बरामद हुई है

### एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट आगरा ने नौहझील क्षेत्र में की कार्यवाही




नौहझील कोतवाली में पुलिस की हिरासत में दोनों तस्कर।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मथुरा।** पांच करोड से अधिक कीमत के मादक पदार्थ की खेप मथुरा में पकडी गई है। एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट आगरा ने नौहझील क्षेत्र में कार्यवाही के दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक किलो 045 ग्राम हैरोइन पकडी, जिसका अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य 05 करोड 09 लाख रुपये है। ये लोग एक स्कूटी से इसे ले जा रहे थे। इनके पास से पुलिस ने दो मोबाइल, छह एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड, दो मैट्रो कार्ड, 2005 रुपये नगद, नेपाल राष्ट्र के तीन नोट एवं ओमान, दुवई, यूएस, लाओस रिपब्लिक व बंग्लादेश का एक एक नोट इनके पास से मिला है। बरामद किये हैं। पुलिस तस्करों से सुराग जुटा रही है। पुलिस तस्करों का अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन तलाश रही है। इनके पास से कई देशों की मुद्रा मिलने से शक गहरा गया है। थाना नौहझील पुलिस व एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट आगरा की संयुक्त कार्यवाही से अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों वकार उर्फ साहिल पुत्र नईम अहमद उम्र 34 वर्ष निवासी देवीलाल नगर थाना सैक्टर 09 गुरूग्राम हरियाणा एवं फैजान पुत्र मो. ताजिम उम्र 32 वर्ष निवासी सीलमपुर थाना न्यू सीलमपुर नई दिल्ली को मोरकी इंटर कॉलेज बाजना के ग्राउण्ड के पास एक्सप्रेस वे अन्तर्गत थाना नौहझील जनपद मथुरा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नौहझील थाने में धारा 8, 22, 29, 60 एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई है। कार्यवाही करने वाली टीम में निरीक्षक हरवेन्द्र मिश्रा ए.एन.टी.एफ. यूनिट आगरा, थानाध्यक्ष सोनू कुमार थाना नौहझील, उप निरीक्षक गौरव शर्मा ए.एन.टी.एफ. यूनिट आगरा, एसआई अंकित कुमार थाना नौहझील आदि शामिल थे।

**ऑटो चालक हैं दोंनों तस्कर**

अभियुक्त वकार उर्फ साहिल एवं अभियुक्त फैजान ने पूछने पर बताया कि हम लोग करीब 08-09 साल पहले गुरूग्राम में ऑटो चलाते थे। छतरपुर में मन्दिर के पीछे सुमन चौक में रहने वाले एक टी अमन नीग्रो से व्हाटसअप कॉल पर बात करते हैं। वह गली के बाहर आकर माल इन लोगों को दे जाता है। जिसे से लरेग उसके बताये हुये व्यक्ति के पास पहुंचा देते हैं। ये माल टी अमन नीग्रो से लेकर यहां पहुंचाने आये थे। जिसे आगरा का कोई व्यक्ति लेने आने वाला था लेकिन इससे पहले पकडे गये।

**गिरोह कई राज्यों में करता है तस्करी**

वकार उर्फ साहिल व फैजान विदेशी नाइजीरियाई मूल के निवासी टी अमन नीग्रो के सम्पर्क में आकर अवैध मादक पदार्थ को होटलों, क्लब व बार आदि में नवयुवकों को नशे की लत लगाकर उनको हेरोइन बेचकर अधिक मात्रा में अवैध तरीके से धन अर्जित करते है। अभियुक्तगण द्वारा देश के कई राज्यों जैसे दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि में हेरोइन मादक पदार्थ की तस्करी एवं बिक्री की जा रही है। ताज नगरी आगरा में होटलो व क्लब एवं बार हेतु भारी मात्रा में हेरोइन ले जायी जा रही थी जिसे एएनटी टीम व थाना नौहझील पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में चेकिंग के दौरान बरामद करने में सफलता प्राप्त की।

**अमन के जरिये उतरे तस्करी के खेल में**

दिल्ली के रहने वाले अमन नाम के लडके से दों की जान पहचान हो गयी। वह गुरूग्राम में क्लब व बार में एजेंट के रूप में कार्य करता था वहां क्लब में जाने वाले लोगों को मादक पदार्थ भी देता था तब उसके साथ मैंने भी ये काम शुरू कर दिया।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने चलाया छापामार अभियान, संग्रहित किए खाद्य पदार्थों के नमूने

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**चित्रकूट:** आगामी दीपावली मेले के दृष्टिगत जनपदवासियों को मिलावट रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य विभाग की सुरक्षा टीम द्वारा जनपद में संचालित प्रतिष्ठानों में छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान अलग-अलग खाद्य पदार्थों के 14 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजा गया। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न प्रतिष्ठानों में छापामार कार्यवाही करते हुए कुल 14 नमूने संग्रहित किए गए। जिनमें साबूदाना, दूध, पनीर, बर्फी, मूँगफली दाना, मक्खन, चाय, दाल, गेहूँ, आटा, क्रीम, बेसन के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मिलावट करने वाले प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही की जायेगी। छापामार कार्यवाही में उनके साथ, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रत्नाकर सिंह, विनय कुमार आदि शामिल रहे।

# बरसात के बाद किसानों के लिए मुसीबत बना पराली निस्तारण

### ● प्रदेश में पराली जलाने की सर्वाधिक घटनाएं जनपद मथुरा में हुई है

### पराली जलाने की घटनाओं पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने दिखाई सख्ती

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में पराली जलाने के सम्बन्ध में बैठक हुई संपन्न। प्रदेश में पराली जलाने की सर्वाधिक घटनाएं जनपद मथुरा में हुई है। पराली जलाने की घटनाओं पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सख्ती दिखाई है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर पराली जलाने की घटनाओं में अंकुश लगाने के दिए निर्देश। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पराली को विभिन्न स्थानों से क्रय करके सीबीजी प्लांट में भी पहुचायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सचिव, ग्राम प्रधान, लेखपाल आदि अपने अपने क्षेत्रों में किसानों से संवाद करें तथा उनसे पराली खरीदे और गौशालाओं में पहुंचाए। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रैक्टर के माध्यम से सभी किसानों की पराली को उनके मूल स्थान से उठाते हुई गौशालाओं में पहुचायें। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त कृषक भाइयों को सूचित किया है कि उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा फसल अवशेष जलाना दंडनीय अपराध घोषित किया गया है। जनपद के समस्त धार्मिक स्थल के संचालक प्रमुखगण से अपील की गयी है कि अपने धार्मिक स्थल से इस आशय का सन्देश प्रसारित करा दें कि ष्फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ साथ भूमि के पोषक तत्वों की अत्यधिक क्षति, मृदा ताप में बढ़ोत्तरी होने से मृदा के भौतिक, रासायनिक, जैविक दशा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है एवं लाभदायक मित्र कीट जलकर मर जाते हैं, जिससे फसलों का उत्पादन कम होता है तथा गुणवत्ता खराब होती है।

**यह है दंड का प्रावधान**

फसल अवशेष की घटना की पुष्टि होने पर 2 एकड़ से कम क्षेत्र के लिए 5000, 2 से 5 एकड़ क्षेत्र के लिए 10000 एवं 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए 30000 की प्रति घटना पर्यावरण कम्पेन्सेशन की वसूली तथा घटना की पुनरावृत्ति पर अर्थदण्ड की वसूली व कारावास का भी प्राविधान है।